राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 334
लखनऊ, बुधवार 5 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाढ़ से बिगड़े हालात, एसडीएम ने संभाला मोर्चा 10

विभाजन विभीषिका में बलिदान देने वालों को न भूलें: जयवीर 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,44,020/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,32,040/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,08,220/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,35,000/किग्रा |



# विधानसभा में भारी हंगामा

## सपा विधायक पूरे सत्र के लिए निष्कासित

- राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर सत्ता-विपक्ष आमने-सामने
- मुख्यमंत्री की तस्वीर लहराने पर कार्रवाई
- 11 विधेयक पारित कार्यवाही बुधवार तक स्थगित



विशेष संवाददाता, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन मंगलवार को सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी टकराहट का गवाह बना। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही समाजवादी पार्टी के सदस्य राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण, कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर वेल में पहुंच गए। विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सरकार को घेरने का प्रयास किया, जिससे कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कई बार सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं थमा। हंगामे के बीच सपा विधायक इंजीनियर सचिन यादव ने सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लहराई। इसे सदन की गरिमा और संसदीय परंपराओं के प्रतिकूल मानते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें पूरे मानसून सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार का आचरण स्वीकार्य नहीं है और मामला विधानसभा की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) को भेजा जाएगा। उन्होंने सदस्यता समाप्त करने तक की चेतावनी भी दी। लगातार व्यवधान के बावजूद सरकार ने सदन में सूचीबद्ध 11 विधेयक पारित करा लिए।

विपक्ष के शोर-शराबे के कारण अनुपूरक बजट और अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी। अंततः भारी हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि मानसून सत्र के पहले दिन भी सपा और कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा परिसर में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण और नीट पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन किया था। दूसरे दिन यह विरोध सदन के भीतर भी जारी रहा, जिससे पूरे दिन राजनीतिक तनाव का माहौल बना रहा।

**सदन में हंगामा : प्रमुख बिंदु**

- कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष का जोरदार हंगामा
- राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण समेत कई मुद्दों पर नारेबाजी
- सपा विधायक सचिन यादव ने सदन में सीएम योगी की तस्वीर लहराई
- विधानसभा अध्यक्ष ने सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए निष्कासित किया
- मामला आचार समिति को भेजने और सदस्यता समाप्त करने की चेतावनी
- हंगामे के बीच 11 विधेयक पारित
- शोर-शराबे के चलते कार्यवाही बुधवार तक स्थगित

## लोकतंत्र व न्यायपालिका की गरिमा का किया अपमान: योगी



सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश की जनता ने विधानसभा में समाजवादी पार्टी का वास्तविक आचरण देखा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने के बजाय सदन की कार्यवाही को बाधित करने और नियमों की अनदेखी करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा नियमों और परंपराओं से संचालित होती है तथा प्रत्येक सदस्य का दायित्व है कि वह सदन की गरिमा बनाए रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के अनुसार जो विषय न्यायालय, न्यायाधिकरण या किसी जांच एजेंसी के समक्ष विचाराधीन हो, उस पर सामान्य परिस्थितियों में सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। अयोध्या राम मंदिर से जुड़ा मामला न्यायिक प्रक्रिया में है, इसके बावजूद विपक्ष ने उसे सदन में उठाकर न्यायपालिका की भी अवहेलना की।

## 59,019.54 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- अनुपूरक बजट में विकास परियोजनाओं पर बड़ा दांव
- बुजुर्ग महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा
- छात्रवृत्ति के लिए 155 करोड़ रुपये का प्रावधान



योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह मूल बजट का 6.47 प्रतिशत है और इसका उद्देश्य प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को गति देना, नई योजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराना तथा आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है। अनुपूरक बजट में 17,399.50 करोड़ रुपये राजस्व व्यय तथा 41,620.04 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया कि पूंजीगत व्यय पर अधिक जोर देकर सड़क, ऊर्जा, उद्योग, चिकित्सा, सिंचाई तथा ग्रामीण विकास जैसी परियोजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। बजट में भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 22,107.88 करोड़ रुपये, ग्राम्य विकास विभाग के लिए 17,942.73 करोड़ रुपये, ऊर्जा विभाग के लिए 7,422.27 करोड़ रुपये, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए 2,000.25 करोड़ रुपये, समाज कल्याण विभाग के लिए 1,655 करोड़ रुपये, महिला कल्याण विभाग के लिए 1,094.40 करोड़ रुपये तथा लोक निर्माण विभाग के लिए 700.01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा देने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम अनुपूरक बजट में इस योजना के लिए राज्य सड़क परिवहन निगम को 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में यह वादा किया था। वहीं योगी सरकार ने अनुपूरक बजट 2026-27 में समाज कल्याण और राजस्व विभाग के लिए बड़े वित्तीय प्रावधान किए हैं। समाज कल्याण विभाग को 1,655 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया गया है।

**अनुपूरक बजट : प्रमुख बातें**

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ रुपये
- मूल बजट का 6.47 प्रतिशत है अनुपूरक बजट
- 41,620.04 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए
- 17,399.50 करोड़ रुपये राजस्व व्यय के लिए
- उद्योग विभाग को 22,107.88 करोड़ रुपये
- ग्राम विकास के लिए 17,942.73 करोड़ रुपये
- ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ रुपये
- स्वास्थ्य विभाग को 2,000.25 करोड़ रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यक्ति और पाकिस्तान मूल के दो व्यक्तियों समेत 25 लोगों की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन पर गलत पहचान, हत्या के प्रयास और बाल यौन शोषण जैसे आरोप हैं। यह कार्रवाई 17 देशों के नागरिकों के खिलाफ शुरू की गई है। इनमें पाकिस्तान, मोल्दोवा, भारत, मेक्सिको, कोलंबिया, नाइजीरिया, लाइबेरिया, घाना, जमैका, ताइवान, होंडुरास, कैमरून, जॉर्डन, क्यूबा, अल साल्वाडोर, हैती और स्वीडन के लोग शामिल हैं।

### नेपाल को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के सांसद ताहिर अली भाट ने मंगलवार को प्रतिनिधि सभा की बैठक में देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वह मुस्लिम होकर भी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी हिन्दू राष्ट्रवादी वाली बात का समर्थन करती है, लेकिन उनकी पार्टी हिंसा या 'मारकाट' वाला हिंदू राष्ट्र नहीं चाहती। मुस्लिम सांसद ने संसद में कहा कि सभी धर्मों के प्रति सद्भाव दिखाते हुए हम 'सैंकड़ों फूलों की एक ही माला' जैसे नेपाली हैं। दुनिया में सभी के अपने-अपने राष्ट्र हैं, लेकिन डेढ़ अरब हिंदुओं का कोई राष्ट्र नहीं है। ताहिर अली ने कहा कि मैं एक मुस्लिम होकर भी हिंदू राष्ट्र वाली पार्टी में हूं और नेपाल को विश्व के एकमात्र हिन्दू राष्ट्र का दर्जा मिलना चाहिए।

### भारत-चीन व्यापार शुरू होने पर नेपाल ने जताई आपत्ति

**काठमांडू।** भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे के रास्ते पारंपरिक सीमा व्यापार औपचारिक रूप से फिर से शुरू होने को लेकर नेपाल सरकार ने अपनी चिंता जताई है। नेपाल लगातार लिपुलेख क्षेत्र पर अपने संप्रभु भूभाग होने का दावा करता रहा है। नेपाल सरकार ने भारत और चीन द्वारा नेपाल की सहमति या भागीदारी के बिना ही लिपुलेख के माध्यम से व्यापार फिर से शुरू करने के फैसले पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। नेपाली विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि नेपाल की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े मामलों में नेपाल को शामिल किए बिना लिया गया कोई भी निर्णय या गतिविधि स्वीकार्य नहीं होगी। नेपाल दोहराता रहा है कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी क्षेत्र नेपाल के अभिन्न अंग हैं।

### जिन गाड़ियों का बीमा नहीं, उन्हें पेट्रोल नहीं मिलेगा: सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना बीमा चल रहे वाहनों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि जिन वाहनों का वैध बीमा नहीं होगा, उन्हें पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं कराया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं और टोल प्लाजा पर लंबी कतारों की समस्या को देखते हुए ऐसा पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाए, जिसमें बिना टोल पर रोके ऑटोमेटिक सिस्टम के जरिए वाहनों की पहचान कर टैक्स वसूला जा सके। अदालत ने सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन के लिए तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। कोर्ट का कहना है कि बीमा रहित वाहन न केवल वाहन मालिकों बल्कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए भी बड़ी समस्या बनते हैं। ऐसे वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित एजेंसियों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 300 फीट नीचे आया एअर इंडिया विमान, 15 घायल

- यात्री बोले: 2-3 मिनट तक बुरी तरह हिलता रहा
- फुकेट-दिल्ली एअर इंडिया विमान तेज वायु-झटकों में फंसा

एजेंसी, नई दिल्ली।



थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का विमान एआई-2379 मंगलवार को उड़ान के दौरान तेज वायु-झटकों (टर्बुलेंस) की चपेट में आ गया। अचानक आए तेज झटकों के कारण विमान करीब 300 फीट नीचे आ गया। हालांकि, पायलट ने स्थिति संभाल ली और विमान को सुबह करीब 11:30 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया। विमान में 134 यात्री और चालक दल के 8 सदस्य सवार थे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, घटना में 11 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य सहित कुल 15 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि सात लोगों को आगे के इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

विमान में मौजूद एक यात्री ने बताया कि उड़ान भरने के करीब डेढ़ घंटे बाद अचानक तेज झटके शुरू हो गए। उस समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। उनके अनुसार, विमान दो से तीन मिनट तक लगातार बुरी तरह हिलता रहा। इस दौरान कई यात्रियों के सिर, कंधे और पैरों में चोटें आईं।

घटना के बाद सामने आई तस्वीरों में विमान के भीतर की छत के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त दिखाई दिए। एक विमान परिचारिका की गर्दन में चोट आई, जबकि कुछ यात्रियों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की सहायता से बाहर लाया गया।

एअर इंडिया ने कहा कि सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। घटना की जांच डीजीसीए ने शुरू कर दी है।

## नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि हिरासत के बाद रिहा

एजेंसी, चेन्नई।



अभिनेत्री तृषा कृष्णन पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद उदयनिधि ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई की गई है। यह विवाद कावेरी जल विवाद को लेकर तंजावुर में आयोजित एक रैली के दौरान दिए गए उदयनिधि के बयान के बाद शुरू हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके ने आपत्ति जताई और पुलिस के साथ-साथ राष्ट्रीय महिला आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उदयनिधि की टिप्पणी अभिनेत्री तृषा के प्रति अपमानजनक थी। कार्रवाई से पहले पुलिस ने उदयनिधि के आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी थी, क्योंकि टीवीके कार्यकर्ताओं ने वहां प्रदर्शन करने का एलान किया था। इसके बाद पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। द्रमुक ने आरोपों से इनकार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता टी.आर. बालू ने कहा कि उदयनिधि ने किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं लिया और उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। वहीं, राज्यसभा सांसद पी. विल्सन ने आरोप लगाया कि कावेरी जल विवाद जैसे अहम मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए इस मामले को तूल दिया जा रहा है। उधर, टीवीके और भाजपा ने उदयनिधि की टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया और सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच जारी है।

## भगवा विवाद पर सपा के बदले सुर, रामगोपाल बोले- जो हुआ, गलत हुआ

**एजेंसी, लखनऊ।** संसद परिसर में राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान भगवा वस्त्र पहनकर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव द्वारा किए गए प्रतीकात्मक प्रदर्शन पर मचे विवाद के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के सुर बदलते नजर आ रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने सोमवार को कहा कि प्रदर्शन के दौरान जो हुआ, वह गलत था और राम मंदिर की चोरी का साधु-संतों से कोई संबंध नहीं था। 31 जुलाई को संसद परिसर में विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान पप्पू यादव भगवा वस्त्र पहनकर दानपात्र के साथ बैठे थे। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने प्रतीकात्मक रूप से दानपात्र में पैसे डाले। प्रदर्शन के दौरान पप्पू यादव ने अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद के पैर छुए। इस दौरान उनके हाथ में भगवान राम की तस्वीर भी थी।

### लिव-इन में रहने वाली महिला को भी मिलेगी कानूनी सुरक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि कोई महिला और पुरुष पति-पत्नी की तरह लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं और उनका रिश्ता शादी जैसा है, तो ऐसी महिला को भी कानून की वही सुरक्षा मिलेगी जो शादीशुदा महिला को मिलती है। अदालत ने कहा कि यदि ऐसे रिश्ते में महिला के साथ मारपीट, मानसिक प्रताड़ना या दहेज को लेकर उत्पीड़न होता है, तो उसके पार्टनर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि केवल इस वजह से किसी महिला को कानूनी सुरक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता कि उसकी शादी कानूनी रूप से नहीं हुई है। अगर रिश्ता शादी जैसा है, तो महिला को समान संरक्षण मिलना चाहिए। यह फैसला कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को बरकरार रखते हुए दिया गया।

**रणनीति** — होर्मुज को लेकर सियासी दांव खेलने में लगा ईरान

## ईरान-ओमान मिलकर बना रहे नया समुद्री रास्ता

- नए शिपिंग रूट पर अंतिम चरण में बातचीत
- तेहरान ने कहा मौजूदा मार्ग से होगा अलग

एजेंसी, तेहरान।



वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री लाइफलाइन माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान और ओमान के बीच नए समुद्री मार्ग पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। ईरान ने खुलासा किया है कि दोनों देश ऐसे नए शिपिंग रूट पर सहमति के करीब हैं, जो मौजूदा मार्ग से अलग होगा और दोनों देशों के संप्रभु अधिकारों तथा सुरक्षा हितों का सम्मान करेगा।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि उन्होंने कैबिनेट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में ईरान-ओमान वार्ता को अंतिम दौर में बताया है। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने सरकारी टीवी से बातचीत में कहा कि प्रस्तावित मार्ग न तो मौजूदा उत्तरी रूट होगा और न ही दक्षिणी, बल्कि ऐसा नया रास्ता होगा, जिस पर दोनों देशों की सहमति होगी।

हालांकि, ईरान ने यह भी स्पष्ट किया कि नए समुद्री मार्ग पर सहमति का अर्थ यह नहीं है कि होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खोल दिया जाएगा। बाकेई ने कहा कि नए रूट का जलडमरूमध्य के खुले या बंद रहने से कोई संबंध नहीं है। उनके अनुसार, मौजूदा हालात के लिए अमेरिका की नीतियों और क्षेत्र में उसकी नौसैनिक मौजूदगी जिम्मेदार है।

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद संवेदनशील समुद्री मार्ग है। वैश्विक समुद्री तेल कारोबार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसका उत्तरी किनारा ईरान से और दक्षिणी हिस्सा ओमान के समुद्री क्षेत्र से जुड़ा है। इस कारण यहां किसी भी तरह का तनाव अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार और समुद्री व्यापार पर सीधा असर डालता है।

अमेरिका और इजरायल के साथ इस वर्ष शुरू हुए संघर्ष के बाद से खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है। अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के बाद संघर्ष विराम पर सहमति बनी थी, लेकिन जुलाई में होर्मुज में शिपिंग को लेकर विवाद बढ़ने के बाद संघर्ष फिर शुरू हो गया। ऐसे माहौल में ईरान और ओमान के बीच नए समुद्री मार्ग पर संभावित समझौते को क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**क्यों अहम है होर्मुज?**

- दुनिया के समुद्री तेल कारोबार का करीब 20% इसी मार्ग से गुजरता है।
- फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण जलमार्ग।
- खाड़ी देशों से एशिया, यूरोप और अन्य देशों तक तेल-गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता।
- यहां तनाव बढ़ने का सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों और समुद्री व्यापार पर पड़ता है।

### पाकिस्तानी विशेषज्ञ ने माना विकास का असर बदला कश्मीर

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तान के एक सुरक्षा विशेषज्ञ ने माना है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद भारतीय जम्मू-कश्मीर में हुए विकास और प्रशासनिक सुधारों का असर अब पीओके में भी दिखाई दे रहा है। उनका कहना है कि दोनों क्षेत्रों के बीच बढ़ते विकास के अंतर ने वहां के लोगों में असंतोष को और बढ़ाया है। पाकिस्तान स्थित सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज के सुरक्षा विश्लेषक इम्तियाज गुल ने अल जजीरा से बातचीत में कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर मुख्यधारा से अधिक मजबूती से जुड़ा और वहां विकास कार्यों में तेजी आई। इसके बाद पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन भी तेज हुए। इस प्रशासनिक बदलाव और विकास ने पीओके की खराब स्थिति को लोगों के सामने उजागर कर दिया है।

# डीएम की विशेष पहल से जनपद में अप्रेंटिसशिप को मिला नया आयाम

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की विशेष पहल पर जनपद में मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, उद्योगों एवं शिक्षण संस्थानों के मध्य समन्वय स्थापित कर युवाओं को कौशल आधारित रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



उद्योगों व शिक्षण संस्थानों के समन्वय को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण और रोजगार के बीच सबसे मजबूत कड़ी है।

यदि उद्योग, शिक्षण संस्थान एवं प्रशासन समन्वित रूप से कार्य करें तो स्थानीय युवाओं को उनके गृह जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण से लेकर अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार तक एक सतत व्यवस्था विकसित करना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हो तथा युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला के दौरान जनपद में अप्रेंटिसशिप को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने हेतु उद्योगों एवं आईटीआई संस्थानों की मैपिंग, उद्योगों में उपलब्ध रिक्तियों का नियमित संकलन, एक्सपर्ट लेक्चर, इंडस्ट्रियल विजिट, अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेलों के आयोजन तथा पोस्ट प्लेसमेंट कमेटी के गठन जैसी महत्वपूर्ण पहलों की जानकारी साझा की गई। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 125 युवाओं को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विशेष पहल के द्वितीय चरण के अंतर्गत 'प्रशिक्षण से अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार तक (2026-27) सतत चक्र' का विमोचन किया गया। इस अभिनव कार्ययोजना के माध्यम से जनपद के समस्त राजकीय आईटीआई संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को प्रशिक्षण से लेकर अप्रेंटिसशिप एवं स्थायी रोजगार तक जोड़ने के लिए एक सतत एवं व्यवस्थित तंत्र विकसित किया जाएगा।

## परिवार नियोजन को लेकर जनपद में विशेष अभियान शुरू

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद में परिवार नियोजन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं छोटे परिवार के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर से परिवार नियोजन जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान परिवार कल्याण विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जनसामान्य को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्वस्थ एवं समृद्ध परिवार के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित आशा कार्यकर्त्रियों से संवाद करते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर बल दिया।

# महिला की मौत के बाद सुमन पॉलीक्लिनिक बंद डिलीवरी ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप

समृद्धि न्यूज़, विशेश्वरगंज, बहराइच।



थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी गुड़िया पत्नी सतीश यादव को डिलीवरी के लिए गोण्डा-बहराइच मार्ग स्थित सुमन पॉलीक्लिनिक में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के लिए किए जा रहे ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पति सतीश यादव ने थाना विशेश्वरगंज में तहरीर देकर नर्सिंग होम प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। घटना की सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) को भेज दी गई है। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग पूरे प्रकरण की संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद सुमन पॉलीक्लिनिक को तत्काल बंद करा दिया गया है। जांच के दौरान नर्सिंग होम पर कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वहीं, परिजन दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही मौत के कारण और अन्य तथ्यों की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## खबरें एक नजर में

### दो मासूमों पर कुत्तों का हमला, अस्पताल में भर्ती



**बहराइच।** जिले में कुत्तों के हमले में दो मासूम बच्चे घायल हो गए। ये घटनाएं जिले के अलग-अलग इलाकों में हुईं। दोनों बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के दौड़ने पर दोनों की जान बच सकी। पहली घटना फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर गांव में हुई। सोमवार शाम 7 वर्षीय शुभम अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। शुभम की चीख सुनकर परिजन दौड़े, जिसके बाद कुत्ता भाग गया। हमले में शुभम के पैर में गंभीर घाव हो गया। परिजन उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना कंदीसापुरवा गांव में सामने आई। यहां पांच वर्षीय अफजल घर के बाहर बैठा था, तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। अफजल की चीख सुनकर परिवार के लोग डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद कुत्ता वहां से भाग निकला। अफजल को भी गंभीर चोटें आई हैं और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

### बैराज में मिला बुजुर्ग का शव

**बहराइच।** जिले के मिहींपुरवा क्षेत्र स्थित गोपिया बैराज में मंगलवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शव काफी समय से पानी में होने के कारण उसकी पहचान तुरंत नहीं हो सकी थी। आसपास के थानों को भी सूचना भेजी गई थी। शव मिलने की सूचना पर सुजौली थाना क्षेत्र के चफरिया निवासी सुभान मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान 85 वर्षीय जुम्मन पुत्र मुशाहेब के रूप में की। सुभान ने बताया कि जुम्मन तीन दिन पहले नहर किनारे शौच के लिए गए थे और उसके बाद से लापता थे। परिजनों ने उनकी लगातार तलाश की थी और सुजौली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। आशंका जताई जा रही है कि पैर फिसलने से जुम्मन नहर में डूब गए थे। प्रथम दृष्टया यह मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### अलग-अलग स्थानों पर सर्प दंश से दो युवक गंभीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई दो घटनाओं में 18 वर्षीय युवक सहित दो लोग सर्पदंश के शिकार हो गए। पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के सिकन्दरपुर मजरे रीठी गाँव में हुई। यहाँ के निवासी सुजीत कुमार पुत्र राजकरन 18 खेत में घास काटने के दौरान सर्पदंश के शिकार हो गये। दूसरी घटना सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे विशेनन मजरे भटगवा निवासी रामकुमार यादव 65 वर्ष के साथ हुई। खेत में कार्य करते समय शाम लगभग 4:00 बजे वे भी सर्पदंश के शिकार हो गये। परिजनों ने पीड़ितों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### पति समेत तीन पर मारपीट व उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के रसूलपुर मजरे सिद्धियावा गांव निवासी पिंकी पत्नी सोनू गुप्ता ने अपने पति एवं ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, 2 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे घरेलू विवाद के दौरान उसके पति सोनू गुप्ता, सास उषा देवी तथा ननद मनीषा ने उसके साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि उसके एक वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ की समुचित देखभाल भी नहीं की जाती और आए दिन उसके साथ गाली-गलौज व झगड़ा किया जाता है, जिससे वह मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रही है। घटना के बाद पीड़िता ने सुबेहा थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन,तुलसी पार्क में आगामी 'हर घर तिरंगा' एवं तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू',निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह,ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी,मनोज तिवारी,चेयरमैन प्रिन्स वर्मा,रवि वर्मा,कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र पाण्डेय,सह संयोजक अवधेश तिवारी 'तरुण',ललिता तिवारी,दुष्यन्त चौधरी,जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी,आद्या सिंह 'पिंकी',वंदना पासवान,संजय शुक्ल,जिला महामंत्री डॉ.अजय सिंह 'पिंकू',बिन्दू विश्वकर्मा,डी.पी. सिंह बैस,अवधेश पाण्डेय, झूमा सिंह,साधना पाण्डेय सहित जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष एवं सभी मोर्चों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# वारिस पंजाब दे का सदस्य मनवीर सिंह पंजाब रवाना

जेल से कड़ी सुरक्षा में ले गई पुलिस कोर्ट में होगी पेशी

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



जिला कारागार में बंद वारिस पंजाब दे संगठन के सदस्य और अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह ढिल्लों को पंजाब पुलिस सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अपने साथ ले गई। उसे पंजाब की अदालत में पेश किया जाएगा। मनवीर सिंह को 23 जुलाई को भारत-नेपाल सीमा पर गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह बिना वैध दस्तावेजों के नेपाल से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजकर बहराइच जिला कारागार में रखा गया था। पंजाब पुलिस के निरीक्षक जनक शर्मा ने बहराइच की अदालत में वारंट-बी प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद अदालत ने मनवीर सिंह की ट्रांजिट रिमांड मंजूर करते हुए उसे पंजाब ले जाने की अनुमति दे दी। मनवीर सिंह ढिल्लों के खिलाफ पंजाब के मोगा जिले की बाघा पुराना अदालत में एक मामला विचाराधीन है। इसी मामले में सुनवाई के लिए उसे पंजाब ले जाया गया है। भारत-नेपाल सीमा से मनवीर सिंह के साथ वारिस पंजाब दे के दो अन्य सक्रिय सदस्य विक्रमजीत सिंह और जोगा सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था।

# घाघरा का जलस्तर बढ़ने से गुनौली में बाढ़ जैसे हालात

सैकड़ों परिवार प्रभावित

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।



नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। इसका असर पूरेडलाई ब्लॉक के गुनौली गांव में साफ दिखाई दे रहा है, जहां बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदी का पानी आबादी तक पहुंचने से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं। कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, पेयजल और दैनिक जरूरतों का संकट गहरा गया है। गांव के संपर्क मार्ग जलमग्न होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। कई परिवार सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। चारों ओर पानी भर जाने के कारण घरों में चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं और घरेलू कामकाज भी ठप हो गए हैं। गांव से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में आवश्यक कार्यों के लिए प्रशासन द्वारा संचालित नावें ही लोगों का एकमात्र सहारा बनी हुई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रामसनेहीघाट के एसडीएम बृजेन्द्र उपाध्याय और तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है। राहत किट में आटा, चावल, आलू, तिरपाल, बाल्टी, लाई, चना सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही नावों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि घाघरा नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है तो अतिरिक्त राहत एवं बचाव संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएंगे। पशुओं के लिए चारा और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देने की अपील की है।

### बारिश ने नगर पंचायत की जल निकासी व्यवस्था की खोली पोल

**समृद्धि न्यूज़, जैदपुर बाराबंकी।** बारिश ने जैदपुर नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी।जिसके चलते सड़कों पर जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ।नगर पंचायत जैदपुर में हुई बारिश ने नगर पंचायत की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।हल्की बारिश के बाद ही कस्बे के कई प्रमुख मार्गों और मोहल्लो मे जलभराव हो गया, जिससे आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।सड़कों पर जमा पानी के कारण पैदल राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ा।

# ई-पॉस मशीनों का सर्वर फेल, खाद वितरण ठप

सुबह से लाइन में लगे किसान लौटने को मजबूर

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।




जरवल क्षेत्र में मंगलवार को ई-पॉस मशीनों का सर्वर और नेटवर्क ठप होने से खाद वितरण पूरी तरह बाधित हो गया। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों पर यूरिया का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल सकी। मशीनों में बार-बार 'स्थ्ष्यद्गह्ल ३द्बद्दद्ग ह्लह्ल' और नेटवर्क संबंधी त्रुटियां आ रही थीं, जिससे किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन और आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा था। सुबह से खाद लेने पहुंचे किसानों को घंटों इंतजार के बाद निराश होकर लौटना पड़ा। किसान राजेंद्र यादव ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि उन्होंने 27 तारीख को फार्मर रजिस्ट्री और खेतवनी का काम पूरा कराया था। उस समय यूरिया उपलब्ध नहीं थी। अब यूरिया तो है, लेकिन मशीनें काम नहीं कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सुबह से समिति पर बैठे हैं, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन न होने से खाद नहीं मिल पा रही है, जबकि खेत में फसल सूख रही है। समिति के कर्मचारी राकेश कुमार निषाद ने पुष्टि की कि समिति में पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ई-पॉस मशीनों का सर्वर और नेटवर्क ठप होने के कारण किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है। सर्वर सामान्य होते ही सभी किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद का वितरण किया जाएगा। समिति पर मौजूद अन्य किसानों ने भी सर्वर और नेटवर्क की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे खाद वितरण सुचारु रूप से शुरू हो सकेगा और किसानों को समय पर उर्वरक मिल पाएगा। किसानों ने कृषि विभाग से यह भी मांग की है कि तकनीकी खराबी की स्थिति में खाद वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू की जाए। इससे वितरण बाधित नहीं होगा और किसानों को बार-बार समिति के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# जिले में यातायात पुलिस ने चलाया अभियान 1477 वाहनों का हुआ चालान



गलत नंबर प्लेट पर भी हुई कार्रवाई

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया है। रविवार से मंगलवार तक चले इस विशेष अभियान के दौरान 1477 वाहनों का चालान किया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त, तीन वाहनों को सीज भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर यह अभियान जनपद के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में चलाया गया। नियमों का पालन न करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 17 लाख 51 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

तीन वाहनों को भी किया गया सीज

यातायात प्रभारी रामप्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और गलत या अस्पष्ट नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। रोडवेज स्टैंड के पास अनाधिकृत रूप से सवारियां लेने के लिए खड़े तीन वाहनों को भी सीज किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सकेगा।

### एआरपी पद के लिए चयनित किये गये 4 शिक्षक

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि एआरपी चयन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में 21 नवम्बर 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा के उपरान्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पयागपुर द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकित कराकर माईक्रोटिचिंग हेतु क्वालीफाई करने वाले 04 अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करायी गयी थी। माईक्रोटीचिंग के लिए क्वालीफाई करने वाले कुल 04 अभ्यर्थियों में से उपस्थित एवं अर्ह सभी 04 अभ्यर्थी माईक्रोटीचिंग में शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर साक्षात्कार हेतु क्वालीफाई पाये गये। बीएसए श्री सिंह ने बताया कि साक्षात्कार में सफल होने वाले प्रा.वि. तुलसीपुरवा मिहींपुरवा ऊषा मिश्रा, प्रा.वि. सिंगरौ फखरपुर के प्रदीप कुमार तिवारीचयनित किया गया है।

# शिव महापुराण कथा में मनाया गया नंदी जन्मोत्सव

पांचवें दिन भक्तों मे दिखा उत्साह, भक्तों का लगा तांता

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



रिसिया के रामलीला मैदान में चल रही शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन नंदी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ उत्सव में भाग लिया। कस्बे के सरस्वती नगर स्थित रामलीला मैदान में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम के तत्वावधान में आयोजित इस कथा में पीठाधीश्वर श्री रवि शंकर महाराज ने भगवान शंकर के परम भक्त नंदी महाराज के जन्मोत्सव का वर्णन किया।

उन्होंने नंदी के जीवन समर्पण और शिव पूजा में उनके महत्व पर प्रकाश डाला। महाराज ने बताया कि नंदी जी ने अपना जीवन स्वयं शिव को समर्पित कर दिया था, इसलिए शिव महापुराण में उनका उल्लेख अनन्य भक्त के रूप में किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां-जहां शिव जी की पूजा होती है, वहां नंदी जी की भी पूजा की जाती है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल, ब्लाक प्रमुख रीना जायसवाल, यजमान दिनेश दोचानिया, रजनीश गर्ग, पवन गुप्ता, भृगु राम तिवारी, इंद्र बहादुर सिंह, डॉ. शिवेंद्र ठाकुर, शीतल प्रसाद अग्रवाल, सुशील माहेश्वरी नूतन, राम किशुन नांगलिया, हरि नांगलिया, रोहित नांगलिया, मदन गोपाल यज्ञ सैनी, धर्मेंद्र तिवारी और नंदन श्रीवास्तव सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।

तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौलिया में स्थित गौशाला का मंगलवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनके साथ ब्लॉक के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता चेतराम और पंचायत सचिव भी मौजूद रहे। बीडीओ करीब 4 बजे अचानक गौशाला पहुंचे।
इस मौके पर उन्होंने गौशाला संचालक जयप्रकाश वर्मा को गौशाला में साफ-सफाई रखने के कड़े निर्देश दिए।

**अदालती नोटिस**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय, नवाबगंज, बाराबंकी**
**वाद सं0-00321/2021**
**कंप्यूटरीकृत वाद सं0-डी 202104120000321, ता0पे0-7.8.2026**
**राजकुमारी आदि बनाम सरकार उ0प्र0 आदि**

1. सत्यम भारती 2. हिमांशु ऊर्फ सुधांशु पुत्रगण सुनील कुमार 3. किरन पत्नी सुनील कुमार 4. श्रीमती शान्ती देवी पत्नी शिव बालक 5. अभिषेक 6. शशांक चौधरी पुत्रगण स्व0 शिवराम 7. आरती 8. अन्नू पुत्रीगण स्व0 शिवराम 9. मालती पत्नी स्व0 शिवराम 10. छाया पत्नी अशोक कुमार 11. अशोक कुमार पुत्र गुरूदीन 12. सीताराम पुत्र स्व0 मेवालाल 13. माया देवी पत्नी सीताराम 14. शंकर पुत्र छंगालाल 15. बेला ऊर्फ रंजीत कुमार पुत्र छंगालाल 16. प्रकाश पुत्र शम्भू 17. शीला पत्नी शम्भू 18. दिनेश 19. रामचन्दर पुत्रगण मथुरा प्रसाद 20. कुलवंत पुत्र स्व0 जियालाल 21. रविकुमार सिंह पुत्र महावीर 22. राकेश कुमार पुत्र कल्लू प्रसाद 23. सन्दीप कुमार पुत्र जगजीवन वर्तमान पता जलालपुर लखपेड़ाबाग बड़ेल परगना व तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 66 राजस्व संहिता अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 08 के 07 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

**न्यायाधीश**

# 17 साल की उम्र में रचा इतिहासः लक्ष्य राय चन्दानी का मण्डलायुक्त ने किया सम्मान

समृद्धि न्यूज़, गोण्डा।



जनपद गोण्डा सदर तहसील के होनहार युवा क्रिकेटर लक्ष्य राय चन्दानी को उनकी शानदार खेल उपलब्धियों के लिए मंगलवार को मंडलायुक्त ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने लक्ष्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम तक पहुंचने के लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। 17 वर्षीय लक्ष्य राय चन्दानी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रघुकुल विद्या पीठ एकेडमी से प्राप्त की। उनके प्रथम क्रिकेट कोच सुरेन्द्र कुमार रहे, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने क्रिकेट की शुरुआती बारीकियां सीखीं। लक्ष्य वर्तमान में भारत अंडर-19 टीम का हिस्सा हैं तथा उपकप्तान की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। वही उत्तराखंड की रणजी टीम से भी खेल चुके हैं। लक्ष्य की क्रिकेट यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। मात्र 15 वर्ष की आयु में उनका चयन अंडर-16 टीम में हुआ और अपनी प्रतिभा व लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर वह भारत अंडर-19 टीम के उपकप्तान बने। उन्होंने विजय मर्चेंट ट्रॉफी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'मैन ऑफ द मैच अवार्ड' जैसी उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा अनेक विभिन्न टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने गोण्डा, उत्तर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। सम्मानित करने दौरान मंडलायुक्त ने लक्ष्य के पिता राजेश राय चन्दानी, माता लक्ष्मी राय चन्दानी तथा परिवार के अन्य सदस्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे उसके गुरु माता-पिता का त्याग, सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन सबसे बड़ी भूमिका निभाता है।

# डेढ़ माह बाद भी पुलिस को नहीं मिला सुराग, पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई

शादी के बाद महिला नशीला पदार्थ खिलाकर फरार

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।



पयागपुर थाना क्षेत्र में एक महिला शादी के बाद पति और परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर घर से फरार हो गई। घटना को डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस महिला का पता नहीं लगा पाई है। पीड़ित जीवनलाल, पुत्र कैलाश, निवासी फरदा सुमेरपुर ने अब न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक बहराइच को प्रार्थना पत्र दिया है। जीवनलाल ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि बिचौलिया राजेश, निवासी खोटवा रानीपुर ने उनसे 1 लाख रुपये लेकर 19 जून को समय माता मंदिर में एक महिला से उनकी शादी कराई थी। नवविवाहिता घर पहुंची और 24 जून को उसने पति सहित पूरे परिवार को नशे की गोलियां खिला दीं। इसके बाद वह घर में रखे सभी जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। जब जीवनलाल ने इस संबंध में राजेश से शिकायत की, तो उसने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। राजेश ने कहा कि उसका काम केवल विवाह कराना था। जीवनलाल को अपनी दुल्हन का नाम और उसके मायके का पता भी नहीं मालूम है। घटना के बाद, जीवनलाल ने 26 जून को खुटेहना पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने केवल आश्वासन दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। 2 जुलाई को रानीपुर थाने में बिचौलिया राजेश के खिलाफ भी प्रार्थना पत्र दिया गया, जिस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कैबिनेट बैठक के फैसले

# यूपी में अब लागू होगी फसल बीमा योजना

- बैठक में लिये गये 21 बड़े निर्णय
- मदरसा अधिनियम संशोधन और घुमंतू विकास बोर्ड को भी मंजूरी



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट के फैसले के बाद खरीफ 2026 और रबी 2026-27 की फसलों को बीमा सुरक्षा मिलेगी। योजना के तहत बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि, अत्यधिक बारिश, तूफान और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से फसल खराब होने पर पात्र किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि फसल बीमा योजना से किसानों को मौसम आधारित जोखिम से सुरक्षा मिलेगी और कृषि क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता आएगी। इससे फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को राहत मिलने के साथ उनकी आय को भी संरक्षण मिलेगा। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को कुल 21 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। इनमें किसानों से जुड़े फैसलों के अलावा मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम में संशोधन, घुमंतू विकास बोर्ड का गठन, अनुपूरक बजट और कई विभागों के सेवा नियमों में बदलाव शामिल हैं।

**घुमंतू विकास बोर्ड का गठन**

विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए उत्तर प्रदेश घुमंतू विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी दी गई है। बोर्ड इन समुदायों के लिए योजनाओं के संचालन और विकास कार्यों को गति देगा।

**मदरसा अधिनियम में संशोधन**

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुपालन में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 में संशोधन के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके अलावा मजदूरी संहिता नियमावली-2026 और अन्य सेवा नियमों में बदलाव को स्वीकृति दी गई।

**एमएसएमई और उद्योग क्षेत्र को भी राहत**

कैबिनेट ने एमएसएमई विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-2.0 के संशोधित दिशा-निर्देशों को मंजूरी दी। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण नीति-2017 के तहत कुछ औद्योगिक प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।

**चुनावी वर्ष में किसानों पर फोकस**

राजनीतिक दृष्टि से भी कैबिनेट का यह फैसला अहम माना जा रहा है। चुनावी वर्ष में सरकार ने किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और कमजोर वर्गों को केंद्र में रखते हुए कई बड़े फैसले किए हैं। फसल बीमा योजना के विस्तार को किसानों के लिए सबसे बड़े फैसलों में शामिल किया जा रहा है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और क्षेत्रीय विकास को नया आयाम**

प्रदेश में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कैबिनेट ने जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेसवे तक (वाया बुलंदशहर) बनने वाले 74.467 किलोमीटर लंबे, 6-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के आगणन को अपनी स्वीकृति दे दी है। इस एक्सप्रेसवे को भविष्य की जरूरतों के अनुसार 8-लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसके अलावा, प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र के समन्वित एवं त्वरित विकास के लिए 'प्रयागराज-चित्रकूट क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण' के गठन को हरी झंडी दी गई है।

**अब हर श्रमिक को न्यूनतम मजदूरी का अधिकार, ओवरटाइम पर मिलेगा दोगुना भुगतान**

प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता-2026 को मंजूरी दे दी। नई संहिता लागू होने के बाद न्यूनतम मजदूरी का लाभ अब केवल अनुसूचित नियोजनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी पात्र श्रमिकों को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र या स्थान पर काम करने वाले श्रमिक को तय न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान नहीं किया जा सकेगा। नई व्यवस्था में मजदूरी का निर्धारण श्रमिक के कौशल, कार्य की प्रकृति और भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर किया जाएगा। समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान भी जारी रहेगा। संहिता में केंद्र सरकार की चार श्रम संहिताओं के प्रावधानों को शामिल किया गया है। इसके तहत कुल वेतन का कम से कम 50 प्रतिशत मूल वेतन रखना अनिवार्य होगा, जिससे पीएफ, ईएसआई और ग्रेच्युटी जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभ बढ़ेंगे। ओवरटाइम करने पर श्रमिकों को सामान्य मजदूरी की दर से दोगुना भुगतान मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### कर्बला के शहीदों की याद में शोकपूर्ण माहौल के बीच निकला चेहल्लुम जुलूस

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में मनाए जाने वाले चेहल्लुम के अवसर पर मंगलवार को राजधानी लखनऊ में शोकपूर्ण माहौल के बीच राठहवेली से पारंपरिक जुलूस निकाला गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकले इस जुलूस में विभिन्न अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी करते हुए हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम समेत कर्बला के 72 शहीदों को पुरसा पेश किया। जुलूस अपने निर्धारित कदीमी मार्ग से होता हुआ चौक पहुंचा, जहां विभिन्न अंजुमनों ने नौहाख्वानी की और अकीदतमंदों ने जंजीर का मातम कर कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल रहा और बड़ी संख्या में अकीदतमंद जुलूस में शामिल हुए। चौक में दोपहर बाद तक जुलूस ठहरने के बाद अपने पारंपरिक मार्ग से आगे बढ़ा। देर रात जुलूस इमामबाड़ा जवाहर अली खां पहुंचकर संपन्न होगा। चेहल्लुम जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और पीएसी की तैनाती की गई है, जबकि अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के बीकेटी थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसकी जमीन विवाद में हत्या की गई है। शाम को अपने दोस्त के साथ गया। आधी रात लौटा तो नशे की हालत में था। सुबह जगाने गए तो वह बेसुध मिला। एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सोमेंद्र शुक्ला के रूप में हुई है। सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। उनके छोटे भाई अमित शुक्ला ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे सोमेंद्र अपने दोस्त सुमित शर्मा के साथ घर से निकले थे। रात लगभग 11 बजे वह नशे की हालत में घर लौटे। मंगलवार सुबह जब पत्नी अंजलि शुक्ला उन्हें जगाने पहुंचीं, तो वह बिस्तर पर बेसुध थे। परिजनों का आरोप है कि सोमेंद्र को शराब में कोई संदिग्ध पदार्थ मिलाकर पिलाया गया, जिसके कारण उनकी मौत हुई।

### दुबग्गा में दिनदहाड़े बाइक चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के थाना दुबग्गा क्षेत्र में अस्पताल के सामने से दिनदहाड़े एक बाइक चोरी होने की घटना सामने आई है पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से भी लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं,जिससे वाहन स्वामियों में चिंता बढ़ गई है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि जब लखनऊ के सभी जोनों में अपराध नियंत्रण के लिए विशेष टीमें गठित हैं, तब भी वाहन चोरों पर प्रभावी अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। स्थानीय लोगों ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर से बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेकर वाहन चोर गिरोह के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की है।

### अखिलेश यादव से अधिवक्ता संतोष कुमार यादव की औपचारिक मुलाकात

**लखनऊ।** गोरखपुर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार यादव एडवोकेट के नेतृत्व में मनोज कुमार निषाद निवासी धुवहा, छताई थाना खजनी जनपद-गोरखपुर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ सपा कार्यालय पर मुलाकात कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता हेतु समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शीघ्र भव्य कार्यक्रम आयोजन के लिए समय प्रदान करने को कहा मनोज ने विधानसभा चुनाव लडने की इच्छा जाहिर किया। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने विधानसभा में सक्रिय रहने को कहा और जनपद गोरखपुर के अन्य विधानसभाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई।इस दौरान सन्तोष कुमार यादव एडवोकेट, संजय यादव एडवोकेट धर्मेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### हालिया विजिलेंस जांच में एक और मामले को शामिल करने की मांग

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में हाल ही में रिश्वत प्रकरण में विजिलेंस द्वारा की गई गिरफ्तारी तथा उसके बाद अवैध निर्माण संबंधी 50 सर्वाधिक शिकायतकर्ताओं की भूमिका की जांच शुरू किए जाने के बीच आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने एक अन्य प्रकरण को भी इसी जांच से जोड़कर उसकी निष्पक्ष सतर्कता जांच कराने की मांग की है। विजिलेंस विभाग एवं एलडीए उपाध्यक्ष को भेजे गए अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर से किराए पर लिए गए भूखंड पर संचालित जश्न लॉन के संचालक ने उन्हें सूचित किया है कि लॉन को एक ऐसे व्यक्ति की शिकायत पर, जिसकी पत्नी का नाम एलडीए उपाध्यक्ष के 31 मई 2025 के पत्र में आदतन,सर्वाधिक शिकायतकर्ताओं की सूची में प्रमुखता से अंकित था, निर्धारित विधिक प्रक्रिया का पालन किए बिना सील कर दिया गया।

# विभाजन विभीषिका में बलिदान देने वालों को न भूलें: जयवीर

**स्मृति दिवस का उद्देश्य युवा पीढ़ी को जागरूक कर प्रभावित लोगों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

विभाजन विभषिका स्मृति दिवस-2026 का आयोजन 14 अगस्त को प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य खासतौर से युवा पीढ़ी को विभाजन की त्रासदी के प्रति जागरूक करते हुए प्रभावित लोगों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस अवसर पर लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को मुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ तथा अन्य जिलों में मंत्रियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में भारत सरकार द्वारा विभाजन विभषिका पर तैयार की गयी सामग्री पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी तथा विभाजन के समय विस्थापित होकर भारत आए परिवारों को इस विभषिका से जुड़ी हुई सामग्री को प्रदर्शित करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभाजन की त्रासदी से पीड़ितों हेतु 2 मिनट का मौन रखा जाएगा तथा मतुआ समुदाय के इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर और योगदान पर आधारित डाक्यूमेंटरी फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। 75 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं सार्वजनिक संस्थानों में व्याख्यान एवं चर्चाएं आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों जैसे- सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, उ0प्र0 सिंधी सभा, सिंधी अकादमी, सनातनी पंजाबी महासभा एवं बंगाली समुदाय का सहयोग लिया जाएगा।



राज्य स्तरीय कार्यक्रम लोकभवन, लखनऊ जीपीओ पार्क में आयोजित किए जाएंगे। जनपदीय स्तरीय आयोजन के लिए जिलाधिकारी द्वारा स्थान निर्धारित किया जाएगा। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन विभषिका से जुड़ी हुई पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# सनातन व श्रीराम के सम्मान पर सरकार अडिग: शर्मा

- विधानसभा के तृतीय सत्र में मुखर रहे नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा के तृतीय सत्र की कार्यवाही में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। सदन में विपक्ष द्वारा किए गए विरोध और शोर-शराबे के बीच भी उन्होंने पूरी गंभीरता, संयम और दृढ़ता के साथ अपनी विधायी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।सदन स्थगित होने के बाद विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए मंत्री श्री शर्मा ने दो-टूक शब्दों में कहा कि ष्जो लोग रामभक्तों पर गोली चलवाने का इतिहास रखते हैं और जिन्होंने श्रीराम मंदिर को वर्षों तक टूटी हुई अवस्था में देखा, ऐसे लोगों को श्रीराम और सनातन पर आस्था रखने वाली सरकार पर आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपरा और जनभावनाओं के साथ कार्य कर रही है और विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है तथा विपक्ष के निराधार आरोपों से विचलित होने वाली नहीं है।



# केजीएमयू में प्रदेश के पहले बोन एंड टिश्यू बैंक का शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KGMU) के ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी रोग) विभाग ने प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। सोमवार को केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने प्रदेश के पहले 'बोन एवं टिश्यू बैंक' का आधिकारिक शुभारंभ किया। लगभग 1.25 करोड़ की लागत से स्थापित यह अत्याधुनिक बैंक अब उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए जटिल ऑपरेशनों के दौरान वरदान साबित होगा, जिससे मरीजों को अपने ही शरीर से दूसरी हड्डी कटवाने के दर्द से मुक्ति मिलेगी। **लिंब सेंटर में स्थापित, टिश्यू डोनेशन को मिलेगी नई दिशा**-केजीएमयू प्रशासन के अनुसार, इस अत्याधुनिक बैंक के शुरू होने से चिकित्सा शिक्षा, शोध और अंग/ऊतक दान के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

लिंब सेंटर के चौथे तल पर स्थापित -कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि यह बैंक केजीएमयू के लिंब सेंटर की चौथी मंजिल पर सवा करोड़ रुपये की एक्ज़िक्यूटिव लागत से तैयार किया गया है। **ब्रांच लाइसेंस की प्रक्रिया:** संस्थान ने औपचारिक लाइसेंस के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

### टेढ़ी नाक सीधी करेगा केजीएमयू

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक चिकित्सा तकनीक के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यदि आप पेट की अत्यधिक चर्बी, ढीली त्वचा, नासिका (नाक) या चेहरे की बनावट से परेशान हैं, तो केजीएमयू का प्लास्टिक सर्जरी विभाग आपके लिए एक बेहतरीन मौका लेकर आया है। अगस्त 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले 'केजीएमयू एस्थेटिक अपडेट-2026' के लिए मरीजों का पंजीकरण शुरू हो गया है।

# अखण्ड आर्यावर्त महासभा का पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय पर प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी को नजरबंद किये जाने के बावजूद प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला और कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के दिवंगत प्रतिष्ठित कारोबारी चन्द्रभूषण त्रिपाठी परिवार की दो विधवा बहुओं प्रीति और निहारिका त्रिपाठी को न्याय दिलाने और आरोपी मोनिश हसन के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नरेट (सीपी) मुख्यालय प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने प्रदर्शन में शामिल पीड़ित महिलाओं की पीड़ा को सुनकर अगले तीन दिनों में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। तय कार्यक्रम के अनुसार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन को रोकने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह ऐड़ी चोटी जोर लगाये हुये थी और इसके लिये ऋषि त्रिवेदी को कल रात से ही उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया, ताकि होने वाला विरोध प्रदर्शन रोका जा सके, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला और कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने में सफल रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोस्वामी ने साफ कहा कि हिन्दू परिवार को बरबादी के कगार पर पहुंचाने वाले मोनिश हसन ने पूरी तरह से लव एण्ड लैण्ड जिहाद का कुचक्र रच कर पहले त्रिपाठी परिवार की बेटी शिल्पी त्रिपाठी को प्रेमजाल में फंसाकर निकाह किया फिर उसके बाद परिवार के सभी पुरूषों की मौत होने के बाद एकाएक चन्द्रभूषण त्रिपाठी की सम्पत्तियों और कारोबार को हड़पने का कार्य पर्दे के पीछे रहकर किया। यही नहीं बल्कि बीते 22 जून को बड़े हादसे की नीयत से घर में घुसने का प्रयास किया जिसकी रिपोर्ट होने के बाद भी गोमतीनगर थाने की पुलिस ने कोई कार्यवाही न कर आरोपी मोनिश को बचाने का पूरा प्रयास आज तक करती आ रही है। इस प्रदर्शन के बाद नजरबंद रहे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने स्पष्ट कहा कि मोनिश हसन अपनी पत्नी शिल्पी त्रिपाठी उर्फ अरशी हसन और उसकी मां गीता त्रिपाठी को टूलकिट बनाकर जिस तरह चन्द्रभूषण त्रिपाठी के परिवार की सम्पत्ति और कारोबार हड़पने का काम किया है वह पूरी तरह से लैण्ड जिहाद का हिस्सा है और पुलिस प्रशासन को इसी ऐंगल से जांच कर कार्यवाही करनी चाहिए। श्री त्रिवेदी ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि तीन दिन के आश्वासन के बाद भी पुलिस प्रशासन की ओर से मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो संगठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर दस्तक देगी।

### फूटा ग्रामीणों का गुस्सा सड़क नहीं बनी तो चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के पटकापुर उमरावल गांव में बदहाल रास्ते के कारण ग्रामीणों का जीवन मुश्किल हो गया है। पूरे रास्ते में कीचड़ और जलभराव होने से लोगों का आना-जाना बेहद कठिन हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जो कीचड़ भरे रास्ते के कारण समय से स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल बरसात के मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि गर्मियों में भी रास्ते की यही स्थिति बनी रहती है। कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित विकासखंड अधिकारियों को लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों का सातवें दिन भी धरना जारी

- 25 हजार कर्मचारियों को हटाने को लेकर इको गार्डन में प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों का धरना मंगलवार को सातवें दिन भी जारी रहा। राजधानी के इको गार्डन समेत प्रदेश के कई जिलों में कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन अपने ही 15 मई 2017 के आदेश का पालन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 25 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाए जाने की प्रक्रिया से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों की कमी के चलते अकुशल कर्मियों से लाइन का कार्य कराया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं में आउटसोर्स कर्मचारियों की मौत के मामले बढ़ रहे हैं। कर्मचारियों ने कार्य के अनुरूप अनुबंध किए जाने, न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये निर्धारित करने, आउटसोर्स कर्मचारियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल करने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस इलाज कराने समेत कई मांगें उठाईं। संगठन का आरोप है कि उच्च न्यायालय और ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# मातृछाया कार्यक्रम के लिए गोल्ड, हेल्थ फॉर आल प्रोग्राम के लिए मिला सिल्वर अवार्ड

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

सरकार के साथ मिलकर समुदाय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को मुहैया कराने में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) संस्था को मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में सीएसआर टाइम्स अवार्ड से नवाजा गया।

संस्था को रूरल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट की कैटेगरी में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया फाउंडेशन से वित्त पोषित 'मातृछाया' कार्यक्रम के लिए गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया है। इसके अलावा निवाबूपा हेल्थ इंश्योरेंस से वित्त पोषित हेल्थ केयर-हेल्थ फॉर आल (इंटिग्रेटेड प्राइमरी हेल्थ केयर डिलीवरी टिल दि लास्ट माइल) कार्यक्रम के लिए सिल्वर अवार्ड प्राप्त हुआ है। पीएसआई इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश शर्मा ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से मातृछाया कार्यक्रम की अनूठी पहल उत्तर प्रदेश में की गयी है।



**मांग** | **समाजवादी पार्टी ने छात्र संगठनों को लेकर उठाई आवाज**

# यूपी में सभी छात्रसंघों के चुनाव तत्काल कराए जाएं: अरशद खान

- छात्रसंघ ही है लोकतंत्र की पहली पाठशाला, युवाओं में बढ़ती है नेतृत्व की क्षमता

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, डिग्री कॉलेजों एवं इंटर कॉलेजों में लंबे समय से बंद पड़े छात्र संघ चुनावों को तत्काल बहाल कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नियमित रूप से चुनाव कराए जाएँ। उन्होंने कहा कि छात्र संघ लोकतंत्र की पहली पाठशाला हैं। देश के अनेक महान नेता, सांसद, विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशासनिक नेतृत्व छात्र राजनीति से निकलकर ही राष्ट्रीय जीवन में अपनी पहचान बना सके हैं। छात्र संघ केवल चुनाव का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन, संगठन क्षमता तथा जनसेवा की भावना विकसित करने का सबसे सशक्त मंच हैं। मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि जब शिक्षण संस्थानों में छात्र प्रतिनिधित्व समाप्त हो जाता है, तब विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान का कोई



प्रभावी मंच नहीं बचता। छात्र संघ शिक्षा व्यवस्था, पुस्तकालय, छात्रावास, खेल, छात्रवृत्ति, सुरक्षा, परिवहन, रोजगार मार्गदर्शन तथा अन्य छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक ढंग से प्रशासन तक पहुँचाने का कार्य करते हैं। इससे टकराव के बजाय संवाद की संस्कृति विकसित होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी मजबूत होगी, देश का भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। छात्र संघ चुनाव युवाओं को संविधान, लोकतांत्रिक परंपराओं, मतदान की महत्ता और जिम्मेदार नेतृत्व का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हैं। यही विद्यार्थी आगे चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में छात्र संघ चुनावों का नियमित आयोजन युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, शिक्षा संस्थानों में सकारात्मक वातावरण बनाएगा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करेगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सभी विश्वविद्यालयों, डिग्री कॉलेजों और इंटर कॉलेजों में शीघ्र छात्र संघ चुनाव कराने की घोषणा की जाए, ताकि प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों को अपना लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हो सके।

अंत में उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश का युवा जागरूक, शिक्षित और लोकतांत्रिक होगा, वही प्रदेश विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय प्रगति में अग्रणी बनेगा। छात्र संघ चुनाव युवाओं के अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती की भी अनिवार्य आवश्यकता हैं।

# कलेक्ट्रेट के जीर्णोद्धार कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय एवं राजस्व अभिलेखागार में संचालित कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाएं तथा कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आमजन को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम एफआर अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत आदि उपस्थित रहे।

## ओवर हेड टैंक से गिरा युवक, गम्भीर घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। गांव में ओवर हैड टैंक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे वहां न ले जाकर बरेली के निजी हॉस्पिटल में ले गए। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव पिथनापुर में सोमवार देर शाम करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के तीन युवक ओवर हैड टैंक पर चढ़ने के दौरान हरवीर यादव का बेटा हर्षित यादव 19 सीढ़ियों से नीचे जा गिरा। इस घटना से हड़कम्प मच गया। घायल हर्षित को उसका भाई जगत पाल सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन हर्षित को बरेली के एक निजी हॉस्पिटल ले गए। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।



## साप्ताहिक परेड का आयोजन एएसपी सिटी ने ली सलामी

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में सम्मिलित पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं ड्रिल का सूक्ष्मता से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद एएसपी सिटी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर एवं विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, कार्यालयों की साफ-सफाई, शस्त्रों एवं अन्य सरकारी उपकरणों के रख-रखाव तथा कार्यालयीय कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेख अद्यतन रखने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण निर्वहन करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता की मौत के मामले में ससुर गिरफ्तार



पुवायां, शाहजहांपुर। दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुवायां पुलिस ने मंगलवार को नामजद वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी पर अतिरिक्त दहेज की मांग और विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, कलंदरगंज निवासी बसंतलाल ने 16 जून 2026 को थाना पुवायां में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री सुगंधा देवी के पति राजकमल, ससुर राजेश कुमार, सास कमला देवी, ननद तरुण देवी तथा एक अन्य रिश्तेदार ने अतिरिक्त दहेज में 50 हजार नकद और सोने की लर की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने सुगंधा के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि पति राजकमल दूसरी शादीशुदा महिला को अपने साथ ले गया और इसके बाद भी सुगंधा को फोन व संदेश भेजकर परेशान करता रहा। मानसिक तनाव में आकर सुगंधा ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में मुख्य आरोपी पति राजकमल को पुलिस पहले ही 29 जून को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह करीब 10.48 बजे पुलिस ने वांछित आरोपी राजेश कुमार (50) निवासी ग्राम रतनपुर कंडा, थाना पुवायां को बड़ागांव बाईपास के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विशाल कुमार और कांस्टेबल जरनैल सिंह शामिल रहे।

### रामलीला मैदान में हुआ हनुमान चालीसा पाठ



खुदागंज, शाहजहांपुर। कस्बा खुदागंज स्थित आदर्श रामलीला मैदान में मंगलवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सामाजिक कार्यकर्ता संजू मिश्रा के संयोजन में भव्य सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों एवं धर्मप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भगवान श्री हनुमान जी की आराधना की। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण जय श्रीराम और बजरंगबली की जय के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम, माता सीता एवं श्रीहनुमान जी के पूजन-अर्चन से किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा देश की उन्नति की कामना की। आयोजक संजू मिश्रा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी, पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, राजेश शर्मा, गिरीश चंद्र गुप्ता, गुरुपाल सिंह, राजीव कश्यप, पं. रंगदेव शर्मा सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### स्कूटी से गिरकर युवती गंभीर घायल

तिलहर-शाहजहांपुर। स्कूटी से गिरकर एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को गांव उस्मानपुर टिसुई निवासी 19 वर्षीय शिवांगी पुत्री प्रदीप अपने भाई के साथ स्कूटी से तिलहर आ रही थी। रास्ते में अचानक चक्कर आने से वह चलती स्कूटी से नीचे गिर कर घायल हो गई। घटना के बाद उसका भाई विकास तत्काल उसे सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल युवती के भाई विकास ने बताया कि शिवांगी पिछले दो दिनों से व्रत रखे हुए थी। इसी कारण रास्ते में उसे अचानक चक्कर आ गया और वह चलती स्कूटी से गिर गई।

### सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिला घायल युवक

रोजा,शाहजहांपुर। रोजा थाना क्षेत्र में जमुका के पास चंद्रोदय ढाबा के पास निकट किनारे एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर घायलावस्था मिला है। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना पुलिसको दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। देखने से मृतक की उम्र लगभग 45 साल लग रही है। पुलिस ने उसके कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवारकी देर किसी अज्ञातवाहनकी टक्कर से घायलहो गया था। घायल अवस्था में इलाज के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव की तस्वीरें लीं और अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों को भेजकर शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस ने शव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी साझा की हैं, ताकि जल्द से जल्द उसकी पहचान हो सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कहासुनी में युवक ने फंदे से लटककर दे दी जान

समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।



गांव जलालपुर निवासी एक युवक ने घरेलू कलह से तंग आकर कमरे में धोती से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर मृतक को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव जलालपुर निवासी 32 वर्षीय हिमांशु की मंगलवार की सुबह करीब साढ़े छः बजे पत्नी शिवानी से किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई थी। पति की शिकायत करने के लिए 5 माह की गर्भवती पत्नी शिवानी दूसरे घर में रहती सास सुशीला देवी के पास चली गई। शिवानी के घर से जाने के कुछ देर बाद हिमांशु भी पीछे से दूसरे घर पर पहुंच गया और पत्नी से वापस लौट कर चलने के लिए कहने पर शिवानी ने मना कर दिया। इसी बात पर नाराज होकर निकला हिमांशु घर पर आ गया और कमरे का दरवाजा अन्दर से बंद करके मोबाइल पर फांसी लगाते समय का वीडियो बनाने के लिए मोबाइल अलमारी में रख दिया और पत्नी की धोती को छत में पड़े कुंडे से बांधने के बाद गले में फंदे को बांधकर लटक गया। पति के घर से निकलने के करीब आधा घंटे बाद घर पर पहुंची शिवानी ने कमरे का दरवाजा बंद देखकर आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलते देखकर परिजनों को जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाने पर हिमांशु को लटकते हुए देखकर थाने पर सूचना दी। आत्महत्या करने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने से पहले फॉरेंसिक टीम को भी जॉच हेतु मौके पर बुलवाकर जॉच पड़ताल कराई और शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवा दिया है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# कांवड़ यात्राः नगर निगम की चाक चौबंद व्यवस्था, रात्रि विश्राम प्रारम्भ

▸ सड़कों पर लावारिस पशुओं को हटाने के लिए चलाएं जा रहे कैटल कैचर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन के साथ साथ नगर निगम ने कांवडियों व श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को कांवड़ मार्ग पर व्यापक इंतजाम किए हैं। निगम सीमा में आने वाले कांवड़ मार्ग पर सफाई, प्रकाश, पेयजल, सीवर और शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने व्यवस्थाओं की निगरानी और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अलग-अलग विभागों से संबंधित क्यूआरटी टीमों का गठन किया गया है। बरेली मोड़ से हथौड़ा चैराहे तक कांवड़ मार्ग पर निगम की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए मार्ग पर पड़ने वाली गलियों और कट को बैरिकेडिंग कर सुरक्षित किया गया है। इससे कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी। नगर निगम सीमा में कांवड़ियों की सेवा और विश्राम के लिए 3 कांवड़ शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों के आसपास सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगर निगम की ओर से शिविर संचालकों को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा गया है। 3 शिविर में हथौड़ा चैराहा, बरेली मोड़, नगरिया मोड़ पर है, जहां बैठने, जल, पंखा इत्यादि की व्यवस्था है। नगर आयुक्त ने बताया कि सभी स्थलों पर कर्मियों की ड्यूटी लगी है। कांवड मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के लिए अलग से ड्यूटी लगाई गई है। प्रतिदिन कैटल कैचर भी चलाया जा रहा है। रात्रि स्वीपिंग भी कुछ स्थानों पर प्रारम्भ की गई है। नगर निगम द्वारा कराई गई व्यवस्थाओं की बात करे तो पानी टैंकर 15, मोबाइल टॉयलेट 4, कांवड़ मार्ग पर स्थित सीटीध्पीटी 5, कांवड़ मार्ग पर 500 लीटर के वाटर कूलर 2 हथौड़ा पर, बरेली मोड़ पर व कैटल कैचर 3 चल रहे हैं।

# युवक को पीटकर रुपए और मोबाइल लूटने में चार नामजद

▸ प्लॉट से पकड़कर ले जाने के बाद दिया घटना को अंजाम

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

प्लॉट पर गए युवक को पकड़कर दूर लेजाकर पिटाई कर लहू लुहान करते हुए नगदी , मोबाइल लूटने व जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में पीड़ित ने चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के अंबेडकर गौटिया मौजमपुर निवासी अर्जुन सिंह पुत्र संतोष यादव ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि तीन अगस्त की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपनी प्लाट में गया था। पुरानी रंजिश में मोहल्ले के ही अभिषेक व अनमोल पुत्र गण स्व सत्यभान तथा मोहल्ला बारह पत्थर निवासी मनोज व प्रदीप पुत्रगण रक्षपाल रस्तोगी उसे प्लाट से बिरिया बाबा की तरफ पकड़ ले गये। और तमंचे की बटों से बहुत मारा जिससे वह घायल हो। और बाएं हाथ की अंगुली टूट गयी।आरोप है कि उससे पांच हजार रुपये व रियल मी का मोवाइल लूट लिया। पीड़ित ने बताया कि उसकी चीख सुनकर उसके माता पिता व अन्य लोगों के ललकारने पर उस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। लेकिन वह बाल बाल बच गया। चारों हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# सीएमओ ने ददरौल, कांट सीएचसी और कांवड़ स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल, कांट और केएफएल कांवड़ स्वास्थ्य शिविर का औचक निरीक्षण किया। ददरौल सीएचसी में निरीक्षण के दौरान ओपीडी में 204 मरीज देखे जा चुके थे, जबकि 59 मरीजों को एआरवी वैक्सीन की डोज लगाई गई थी। लैब में 55 जांचें की गईं। सीएमओ ने औषधियों व उपकरणों के सुव्यवस्थित रखरखाव और मरीजों के साथ मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने के निर्देश दिए। पर्चा काउंटर पर महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन लगाने तथा परिसर और शौचालयों में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश भी दिए। इसके बाद सीएमओ ने केएफएल कांवड़ स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। यहां 11 शिव भक्तों को दवा दी जा चुकी थी। उन्होंने कांवड़ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।तदोपरांत कांट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां 287 मरीज ओपीडी में देखे जा चुके थे और 39 मरीजों को एआरवी लगाई गई थी। लैब में 69 मरीजों की जांच की गई। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और कांवड़ यात्रियों को प्राथमिकता के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## विश्वविद्यालय ने बढ़ाई प्रवेश प्रक्रिया की तिथि

शाहजहांपुर। विद्यार्थियों को राहत प्रदान करते हुए स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। कुलपति प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण एवं महाविद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि में विस्तार किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार अब अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर 200 रुपये पंजीकरण शुल्क के साथ 7 अगस्त 2026 तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं, ऑनलाइन आवेदन के उपरांत आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में 8 अगस्त 2026 तक जमा की जा सकेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा किसी भी पात्र अभ्यर्थी को अवसर से वंचित न रहने देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। तिथि विस्तार से उन विद्यार्थियों को विशेष राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश निर्धारित समय सीमा में आवेदन नहीं कर सके थे। विश्वविद्यालय ने समस्त संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों से निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा इच्छुक विद्यार्थियों को संशोधित तिथियों की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना ससमय समर्थ पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन पूर्ण करें तथा निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

# मिर्जापुर क्षेत्र में गंगा की बाढ़ मचाने लगी तबाही बाढ़ प्रभावित गांवों के बाशिंदों की मुश्किलें बढ़ीं

▸ एसडीएम कलान ने बाढ प्रभावित गांवों का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।



ढाईघाट में गंगा का जलस्तर कुछ कम होने के बाद भी जलालाबाद - ढाईघाट हाइवे और चौंरा -इस्लामनगर संपर्क मार्ग पर बाढ़ का पानी कम नहीं हुआ है। गंगा के खादर में बसे ग्राम पैलानी उत्तर के मजरा पैलानी,लोहार नगला, कटैला नगला,अभिचार आदि गांवों में बाढ़ ने दस्तक दे दी है। जिससे बाढ़ से हालत बिगड़ रहे हैं। गंगा के खादर में बाढ़ की स्थिति खराब होने की सूचना पर आज एसडीएम कलान आशुतोष कुमार सिंह ने समाजसेवी एडवोकेट रिजवान अहमद के साथ बाढ़ प्रभावित ग्राम इस्लामनगर, मस्जिद नगला,पैलानी उत्तर में जाकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हाइवे और संपर्क मार्ग पर बह रहे लगभग एक फिट गहरे बाढ़ के पानी से आवागमन हो रहा है। जिससे अभी तक बाढ़ की स्थिति भयावह नहीं हुई है। एसडीएम ने सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित रहने वाले ग्राम आजाद नगर, इस्लाम नगर, मस्जिद नगला, पैलानी उत्तर का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग की सूचना के अनुसार बीते दिवस की अपेक्षा आज गंगा के जलस्तर में कुछ कमी आई है। फिर भी यह क्षेत्र प्रतिवर्ष बाढ़ विभीषिका को झेलने का अभ्यस्त हो चुका है। क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कलान तहसील के मिर्ज़ापुर क्षेत्र को प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ विभीषिका से बचाये जाने की मांग विधानसभा में उठाई है। उन्होंने सदन में सरकार से मांग की है कि कलान क्षेत्र में गंगातट पर बने भैंसार बांध की लम्बाई फर्रुखाबाद सीमा तक बढ़ाए जाने से कलान तहसील का लगभग पूरा भू भाग गंगा की बाढ़ से मुक्त हो जायेगा।

# एसडीएम ने उभय पक्षों की मौजूदगी में किया स्थलीय निरीक्षण



तिलहर-शाहजहांपुर। एसडीएम नीलिमा यादव ने राजस्व टीम के साथ उभय पक्षों की मौजूदगी में नगर के पीर गैब तलब के पूर्व दिशा में स्थित विवादित स्थल का निरीक्षण किया। सोमवार को एसडीएम ने मौजमपुर चौकी के समीप फब्बारे के सामने स्थित गाटा संख्या 318 का उभय पक्षों सुहेल अख्तर व उम्मीद अली अंसारी की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण किया। दोनो पक्षों की बात सुनी। इससे पुर में लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार और तहसीलदार द्वारा दिन को भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम , ईओ और सीओ ने अपनी रिपोर्ट भी डीएम को भेजी थी। की गई शिकायत में गाटा संख्या 197 सहित पांच गाटों के रकबे पर सुहेल अख्तर का मकान बना होने की जिक्र किया गया। चाहिए क्योंकि इन्होंने पांच गाटों से अपना बैनामा करवाया है। गाटा 197 का सुहेल अख्तर द्वारा कराए गए बैनामे की जमीन खाली पड़ी है। और उस पर सुहेल अख्तर द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करके बागवानी लगाये जाने का तर्क दिया गया। फिलहाल एसडीएम ने समाचार भेजे जाने तक कोई रिपोर्ट नहीं भेजी है।

# सांसद ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से मुलाकात कर दिया पत्र डीआरएम मुरादाबाद की मनमानी पर जताई नाराजगी

▸ तीन अधूरे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग

शाहजहांपुर। सांसद अरुण सागर ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से मुलाकात कर शाहजहांपुर की रेलवे सम्बन्धित समस्याओं का समाधान कराने को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पत्र देकर तीन अधूरे रेल ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण को जल्द पूरा कराने की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने बताया कि डभौरा रेलवे क्रॉसिंग, मीरानपुर कटरा रेलवे क्रॉसिंग और कसरक रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। हालांकि, रेलवे लाइन के ऊपर का हिस्सा अभी भी लंबित है, जिससे ये ओवरब्रिज अधूरे पड़े हैं। सांसद सागर ने कहा कि वह इस समस्या को लोकसभा में नियम 377 के तहत उठा चुके हैं। उन्होंने मुरादाबाद के डीआरएम से फोन पर और व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी कार्य पूरा कराने का आग्रह किया था, लेकिन इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने मुरादाबाद डीआरएम पर लगातार लापरवाही और उदासीनता का आरोप लगाया। पत्र में बताया कि अधूरे ओवरब्रिज के कारण स्थानीय लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए 10 से 20 किलोमीटर तक अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। गाटर लगाकर सड़क बंद कर दी गई है, जिससे दोपहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं। इस स्थिति से क्षेत्रवासियों में असंतोष है। सांसद ने चेयरमैन से आग्रह किया है कि इन अधूरे ओवरब्रिज के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने दोहराया कि जनपदवासियों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता है और वे इसके लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे।

## बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के दो बाल आरोपियों का हुआ डीएनए टेस्ट

तिलहर-शाहजहांपुर। चर्चित बालिका सामूहिक रेप कांड मामले में बारह वर्षीय दो आरोपियों का सीएचसी से डीएनए टेस्ट के लिए सैम्पल सील किए गए। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय बालिका के साथ करीब एक सप्ताह पूर्व गांव बख्तियार पुर के पांच नाबालिग लड़कों द्वारा सामूहिक रेप का मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस ने तीन बाल अपचारियों के डीएनए टेस्ट के सैंपल सील कराए जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर बाल सुधार गृह भेज दिया था। अन्य दो आरोपी बालकों की उम्र की 12 वर्षीय होने की पुष्टि होने के बाद मंगलवार को उनके भी डीएनए टेस्ट कराए गए।

# दूसरे दिन धरने पर बैठे जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र

▸ सहायक आयुक्त लखनऊ से पहुंची विद्यालय, छात्रों से की वार्ता

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



जवाहर नवोदय विद्यालय के दर्जनों छात्रों ने लाईब्रेरी इंचार्ज पर दूसरे दिन भी कार्रवाई न होने से विद्यालय परिसर में ही धरने पर बैठ गये। छात्रों के प्रदर्शन व धरने की सूचना मिलते ही जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की सहायक आयुक्त लखनऊ से चलकर विद्यालय पहुंची और उन्होंने छात्रों से वार्ता की। खबर लिखे जाने तक वार्ता जारी थी।

ज्ञात हो कि रोजा क्षेत्र में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों का आरोप हैं कि विद्यालय के लाइब्रेरी इंचार्ज नितिन मिश्रा छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करते हैं। विरोध करने पर उन्हें विद्यालय से निलंबित कराने की धमकी देते हैं। इसी बात से नाराज होकर दर्जनों छात्र सोमवार की सुबह विद्यालय से नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी आवास जा रहे थे, तभी सुभाषचंद्र बोस पुलिस चौकी के पास पुलिस ने रोक लिया था। जिससे नाराज होकर छात्र नेता सुभाषचंद्र बोस पुलिस चौकी के सामने बीच सड़क पर बैठ कर नारेबाजी करने लगे थे। छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। काफी देर तक प्रदर्शन के बाद थानाध्यक्ष ने छात्रों से बातचीत कर शिकायती पत्र देने को कहा।छात्रों छात्रों ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित शिकायती पत्र थानाध्यक्ष को सौंपा था। छात्रों का आरोप हैं कि विद्यालय प्रशासन ने लाइब्रेरियन के विरूद्ध कोई कार्रवाई न होने से नाराज दर्जनों छात्र विद्यालय परिसर में ही धरने पर बैठ गए। छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की सहायक आयुक्त सुनीता लखनऊ से चलकर विद्यालय पहुंची और उन्होंने धरना दे रहे छात्रों से उनकी समस्या पूछकर वार्ता की। समाचार लिखे जाने तक छात्रों से वार्ता जारी थी।

### विधायक अरविंद सिंह ने परिजनों को सीएम और डिप्टी सीएम से मिलवाया

# मृतक गौतम के पिता को 5 लाख का चेक सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, कांट, शाहजहांपुर।**

थाना क्षेत्र में हुए गौतम मौर्य हत्याकांड में कल सोमवार को विधायक अरविंद सिंह ने मृतक के पिता चंद्रपाल और माता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एवं आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलवाया मुख्यमंत्री एवं डिप्टी सीएम ने पीड़ित के मां-बाप को सख्त से सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया वही आज लखनऊ के विधानसभा समापन के बाद विधायक अरविंद कुमार सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के मृतक के गांव कमलनैनपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख का चेक पीड़ित के मां-बाप को दिया एवं उन्होंने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द परिवार के एक व्यक्ति को नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग की नौकरी, 200 गज में सरकारी आवास एवं अंतोदय कार्ड के साथ साथ आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाएगा। ददरौल विधायक ने बताया बेटे के जाने के बाद अपने आप को कभी अकेला महसूस ना करें वह बेटे की तरह हमेशा उनके हर सुख दुख में शामिल रहेंगे इस दौरान विधायक अरविंद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अरविंद कुमार, उप जिलाधिकारी प्रभात राय, तहसीलदार सतेंद्र, कटियार, प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार एवं विमल सिंह, हरजीत चौहान सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।



## एक लाख रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर

**पुवायां।** थाना क्षेत्र के गांव बरौना निवासी रवि राज पुत्र मलिखान अंकित पुत्र राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है । दोनों लोग गांव घनश्यामपुर खुर्द निवासी वसीम खान से 100000 ईंट भट्टे पर काम करने जाने के लिए एडवांस लाए थे। और वह साइकिल से गांव बरौना जा रहे थे। तभी रास्ते में पुलिया के पास चार लोगों ने उन्हें रोक कर मारपीट करते हुए रुपए छीन लिए। उन्होंने बताया है की एक व्यक्ति उनके गांव का था। जब वह लोग उनके घर शिकायत करने गए तो उन्होंने उनके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया है कि घटना की जांच की जा रही है।

## 'सहयोग' के हरित अभियान की सीडीओ ने की सराहना

**समृद्धि न्यूज़, सिंधौली (शाहजहांपुर)।**

- 251 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से समाजसेवी संस्था सहयोग द्वारा मंगलवार को विकासखंड सिंधौली की ग्राम पंचायत मुड़िया पवार में वृहद पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी अपनी पत्नी सुनाली द्विवेदी के साथ शामिल हुए। दोनों ने संस्था के पदाधिकारियों, ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर 251 पौधे रोपे तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण से हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। सीडीओ ने सहयोग संस्था की कार्यशैली की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि संस्था समाजसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनभागीदारी के साथ सराहनीय कार्य कर रही है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने भी संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि सहयोग समाजहित के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रही है। संस्था का यह अभियान जनपद के लिए प्रेरणादायी है और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ना चाहिए। संस्था के संरक्षक एवं पूर्व वायुसेना कप्तान प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सहयोग समाजसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अपना प्रमुख दायित्व मानती है और भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता, प्रधान शाहनवाज खां एडवोकेट, राजू बग्गा, पी.पी. सिंह, राजेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, हरजीत सिंह, विकास सक्सेना सहित संस्था के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सभी ने पौधों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ अलर्टः फर्रूखाबाद-कलान हाईवे पर चला पानी

**शाहजहांपुर।** पहाड़ों पर हो रही बारिश से मैदानी इलाकों में बाढ़ जैसी संभावना जताई जा रही है। जनपद की कलान तहसील में एसडीएम कलान आशुतोष कुमार सिंह द्वारा राजस्व टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। कलान से फरुखाबाद कनेक्ट करने वाले हाईवे पर पानी चल रहा है, जोकि ग्राम चौरा जनपद शाहजहांपुर की सीमा पर है और वह पडोसी जनपद फर्रूखाबाद में स्थित है। एसडीएम ने ग्रामीणों से संवाद कियाऔर सीमा पर रहने वाले लोगों को सतर्क करने श किसी दुर्घटना से बचने के लिए अस्थाई पुलिस चौकी से संपर्क में रहने के लिए कहा गया। एसडीएम ने बताया कि इसके अतिरिक्त पैलानी उत्तर, समेत चार गांवों की मुख्य सड़क पर पानी चलने लगा है एवं बांसखेड़ा समेत 6 गांवों के आसपास खेतों में पानी भर गया है। वर्तमान में आवागमन में कोई बाधा नहीं है, फिर भी इस क्षेत्र में स्थिति से निपटने के लिए दो नावें उपलब्ध करा दी गई हैं, साथ ही राजस्व टीमों, पुलिस और ग्राम प्रधानों को सतर्क रहने को कहा गया है ताकि किसी भी अपनी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### 11 हजार लाइन से खम्भे पर उतरा करंट

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा विलहरी मे निकले हाइवे के किनारे सुशील मिश्रा की भैंस बधी हुई थी, जहां पर निकली ग्यारह हजार की लाइन से करंट उतरने से पास मे बधी हुई दुधारू भैस की मौत हो गई, जबकि सुशील कुमार चारा डाल कर थोड़ी ही दूर पर थे उनको भी करंट के झटके महसूस हुये थे, जिससे वह बाल बाल बच गये,भैस स्वामी ने विजली विभाग के अधिकारियो पर लापरवाही का आरोप लगाया है,और भैस का मुआवजा दिलाया जाने की भी मांग की है, भैस मालिक ने बताया कि भैस की कीमत लगभग साठ हजार रूपये थी, प्रधानअजमुद्दीन ग्राम पंचायत विलहरी खीरी, ने बताया कि विजली विभाग की लापरवाही से एक भैस की जान चली गई है ,वही हजारो कांवडिये भी इसी रास्ते से हजारो की मात्रा मे निकल रहे है। इस संबंध मे जब गोला एडीओ का पक्ष जानने के लिये फोन लगाया गया तो उनका फोन नही उठा।

### 11 वांछित और वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के अनुसार नैमिषारण्य पुलिस ने वाद संख्या 884/26 से संबंधित वारंटी विकास निवासी अटवा को गिरफ्तार किया। थानगांव पुलिस ने मुअसं 152/2026 में वांछित रानू सिंह उर्फ रामेंद्र निवासी खैरी को गिरफ्तार किया। वहीं रामकोट पुलिस ने वाद संख्या 766/18 में वारंटी रामपाल निवासी खटकरी कला को पकड़ा।

# मंडल अध्यक्ष पूनम गुलाटी का स्वागत, सेवा प्रोजेक्ट्स का हुआ प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**




रोटरी क्लब लखीमपुर खीरी (अध्यक्ष रो. निगम एवं सचिव रो. डॉ. अरुण सिंह) तथा रोटरी क्लब लखीमपुर-ज्योत्सना (अध्यक्ष रो. पूनम आगा एवं सचिव रो. शिल्पी) के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य पद ग्रहण एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं रोटरी मंडल अध्यक्ष (DG) पूनम गुलाटी का दोनों क्लबों के पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित समीक्षा बैठक में वर्ष भर चलाए गए विविध जनसेवा प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन एवं वार्षिक कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन (Master of Ceremonies) रोटेरियन विमल अग्रवाल द्वारा किया गया।

**अन्नपूर्णा रसोई व जनसुविधा प्रोजेक्ट बने मिसालः** समीक्षा के दौरान बताया गया कि क्लब द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंदों के लिए नियमित रूप से अन्नपूर्णा रसोई का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन 200 से 250 लोगों को मात्र 10 रु. में भरपेट दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। शहर के बुनियादी ढांचे एवं जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्लब द्वारा रोटरी चौराहा तथा जीवन मुक्ति स्थल का कायाकल्प कराने के साथ-साथ राहगीरों के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर तीन वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। दो गरीब छात्राओं को नई लेडीज़ साइकल प्रदान की गईं।

**महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन पहलः** महिला कैदियों को प्रोत्साहनः सामाजिक सुधार व स्वावलंबन के तहत जेल की महिला कैदियों द्वारा हाथ से बनाए गए सामान की बिक्री की जा रही है। इस बिक्री से प्राप्त होने वाला पूरा मुनाफा सीधे महिला कैदियों को दिया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है।

**चिकित्सा व स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदानः** स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्लब की ओर से निम्नलिखित सुविधाएं जनता को समर्पित की गई हैंः एम्बुलेंस सेवा, डेड बॉडी फ्रीजर, व्हीलचेयर व ऑक्सीजन सिलेंडर।

**समारोह में प्रमुख जन रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष रो. सतपाल गुलाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रो. अजय आगा, सहायक मंडल अध्यक्ष रो. चंद्रशेखर सिंह एवं डीजीआरएच रो. विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच संचालक रोटेरियन विमल अग्रवाल के साथ रो. गिरधर कपूर, रो. प्रभु प्रकाश अग्रवाल, रो. डॉ. संजय मल्होत्रा, रो. अरुना अग्रवाल, रो. प्रीति सिंह और रो. डॉ. सत्यव्रत निगम रो. वेदव्रत निगम, रो. राजीव टंडन, रो. मधुलिका त्रिपाठी, रो. एच.पी. त्रिपाठी, रो. वासिफ खान, रो. राजीव जौहरी, रो. अमरकांत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. ई. पवन कुमार, रो. हुकुम अग्रवाल, रो. पूजा निगम, रो. शैलेंद्र सिंह, रो. संदीप गुप्ता, रो. सीमा अग्रवाल, रो. सुरेश अग्रवाल, रो. तन्मय शेखर सहित दोनों क्लबों के कई सदस्य मौजूद रहे।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना खुटार के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अवनीश मिश्रा पुत्र महेश चंद्र मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि कुंवरपुर निवासी अनोज गौतम ने सोशल मीडिया पर अपनी फेसबुक आईडी से बजरंगबली की फोटो को एडिट कर अंबेडकर के पैरों में बैठाकर लिखा है ।धन्यवाद योगी की हमें दलित बताकर आंखें खोल दी। जिस कारण सनातन धर्म की भावनाएं आहत हुई। तथा इससे पूर्व भी इस तरह की वह विवादित पोस्ट कर चुका है जबकि उसे कई बार मना किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## पर्यटन विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को पर्यटन विकास योजना के तहत अति प्राचीन महादेव मंदिर परिसर में कराए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन बहुउद्देशीय हाल, प्रकाश व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन, पेयजल, साइनेज समेत अन्य कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इसके बाद डीएम ने मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम पिपरी और लोकनापुर पहुंचकर पर्यटन विकास योजना के अंतर्गत बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं से संबंधित कराए जा रहे सिविल, इंटरनल एवं सैनिटेशन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे कराए जाएं। साथ ही निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्य टिकाऊ और निर्धारित मानकों के अनुरूप हों।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ अनुबंधित बस चालकों का चक्का जाम, यात्री बेहाल

- डग्गामार वाहनों के विरोध में थमे अनुबंधित बसों के पहिए

**लखीमपुर खीरी।**



जिले में अवैध डग्गामार बसों और टैक्सियों के संचालन से नाराज अनुबंधित बस चालकों ने मंगलवार को चक्का जाम कर उग्र विरोध प्रदर्शन किया। परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक बेनतीजा रहने के बाद चालकों ने लखीमपुर डिपो से अनुबंधित बसों का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया। इस हड़ताल के कारण सीतापुर, लखनऊ और अन्य रूटों पर जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

राजस्व का नुकसान और मानसिक उत्पीड़न का आरोपः अनुबंधित बस यूनियन के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध बसों और डग्गामार टैक्सियों की भरमार हो चुकी है। इससे न केवल रोडवेज के राजस्व को भारी चपत लग रही है, बल्कि अनुबंधित बस संचालकों को भी सवारियां नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा, सवारियां न मिलने से हमें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला प्रशासन और विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन अवैध वाहनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब इन परिस्थितियों में बसों का संचालन करना नामुमकिन हो गया है।यूनियन के संरक्षक प्रेम प्रकाश बाजपेई ने प्रशासन और पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ डग्गामार वाहनों के कारण बस मालिकों की कमर टूट रही है, वहीं दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस लगातार फर्जी तरीके से अनुबंधित बसों का नाजायज चालान काट रही है। इस दोहरी मार से तंग आकर सभी मोटर वाहन चालकों ने अपनी बसें खड़ी करने का फैसला लिया है।दूसरी ओर, परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध वाहनों के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि यदि इसके बावजूद सड़कों पर अवैध वाहन दौड़ रहे हैं, तो उनके खिलाफ जल्द ही और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन के बाद थम गई सांसें, निजी अस्पताल की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

- महिला की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा
- परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

शहर के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान 53 वर्षीय महिला की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही, वास्तविक स्थिति छिपाने और समय रहते सही जानकारी न देने के आरोप लगाए। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार शहर की वल्लभनगर कॉलोनी निवासी पूनम अवस्थी दो अगस्त को घर में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। आरोप है कि वहां चिकित्सक उपलब्ध न होने और समुचित उपचार की व्यवस्था न होने की बात कहकर उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में जाने की सलाह दी गई। इसके बाद परिजन महिला को निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद ऑपरेशन की आवश्यकता बताते हुए भर्ती कर लिया।



परिजनों का कहना है कि तीन अगस्त की रात महिला को ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। काफी देर बाद चिकित्सक बाहर आए और परिजनों को बताया कि ऑपरेशन सफल रहा है तथा मरीज की हालत सामान्य है। इस सूचना से परिवार ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ ही देर बाद ऑपरेशन थिएटर के बाहर अचानक डॉक्टरों और स्टाफ की भागदौड़ शुरू हो गई। इससे परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।? आरोप है कि जब परिजनों ने स्थिति जाननी चाही तो पहले उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। बाद में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीज को कार्डियक अरेस्ट आया है और उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया जाएगा। परिजनों का आरोप है कि उस समय तक महिला की मौत हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने यह बात तुरंत नहीं बताई।

मृतका के बेटे विमल ने आरोप लगाया कि उनकी मां ने ऑपरेशन थिएटर के अंदर ही दम तोड़ दिया था। उनका कहना है कि अस्पताल प्रबंधन ने अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए पहले ऑपरेशन सफल होने की बात कही और बाद में रेफर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने यह आरोप भी लगाया कि सरकारी अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर भेजने की व्यवस्था की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि राजकीय मेडिकल कॉलेज में समय पर उपचार मिल जाता तो शायद उनकी मां की जान बच सकती थी। महिला की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। बड़ी संख्या में परिजन और परिचित अस्पताल पहुंच गए तथा चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

## विकास कार्यों को लेकर उप मुख्यमंत्री से मिले स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

**क्षेत्र की जनसमस्याओं और विकास योजनाओं पर हुई विस्तार से चर्चा**



**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, जनहित की योजनाओं तथा क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यक परियोजनाओं को गति देने और जनसुविधाओं के विस्तार से जुड़े विषय उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधायक द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। भेंट के उपरांत स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के सहयोग से बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनहित से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित होगा।

## बल्लभनगर कॉलोनी में नपा अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



**पीलीभीत।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ शहर के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से बल्लभनगर कॉलोनी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया। इस दौरान लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके चारों ओर ट्री गार्ड भी लगाए गए, जिससे पौधे सुरक्षित रहकर विकसित हो सकें और शहर को भविष्य में हरित वातावरण प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ जीवन की अमूल्य धरोहर भी हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। नगर में लगातार चल रहे स्वच्छता अभियान और जनहित के कार्यों को लेकर भी स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद की कार्यशैली की खुलकर सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों का कहना था कि डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद ने सफाई व्यवस्था, जनसुविधाओं और विकास कार्यों को नई गति दी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित सफाई, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों के कारण आमजन का विश्वास नगर पालिका पर लगातार मजबूत हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी शिकायत या समस्या सीधे नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के संज्ञान में लाता है, तो उसके निस्तारण के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। यही सक्रिय कार्यशैली नगर पालिका परिषद को आमजन के बीच अलग पहचान दिला रही है।

## मोहम्मद रफ़ी और किशोर कुमार नाइट में अमृत लाल का हुआ सम्मान

**पीलीभीत।** संतोष होटल में आयोजित मोहम्मद रफ़ी एवं किशोर कुमार नाइट कार्यक्रम के दौरान निशक्त जन सेवा संस्थान, पीलीभीत के अध्यक्ष अमृत लाल को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सिटी सिंगर क्लब, पीलीभीत के अध्यक्ष डॉ. एस. के. मित्रा तथा सचिव आशीष सखी ने अमृत लाल को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अमृत लाल लंबे समय से दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से अनेक



जरूरतमंद लोगों को सहायता एवं सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला है। संगीतमय संध्या में मोहम्मद रफ़ी और किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित संगीत प्रेमियों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला प्रशासन तैयार, स्वतंत्रता दिवस पर होंगे विविध आयोजन

- डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की,
- 9 से 17 अगस्त तक देशभक्ति के रंग में रंगेगा जनपद

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय और जनभागीदारी के साथ मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में समारोह की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक में अधिकारियों को सभी कार्यक्रम समयबद्ध, अनुशासित एवं भव्य ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि 15 अगस्त की सुबह आठ बजे जनपद के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और राष्ट्रगान का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों, प्रमुख चौराहों और पार्कों को आकर्षक रोशनी एवं तिरंगा थीम से सजाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की सभी तहसीलों में स्वतंत्रता सेनानियों एवं कारगिल शहीदों का सम्मान किया जाए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे। बल्लभनगर स्थित शहीद पार्क तथा गैस चौराहा स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ पुलिस बैंड की विशेष प्रस्तुति भी होगी।स्वतंत्रता दिवस पर गांधी स्टेडियम में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला अस्पताल, वृद्धाश्रम तथा अन्य संस्थानों में फल वितरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों की साफ-सफाई, तिरंगा फहराने तथा स्वच्छता की शपथ दिलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि %हर घर तिरंगा% अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त तक पूरे जनपद में उत्साहपूर्वक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान तिरंगा यात्राएं, स्वच्छता रैलियां, वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन, तिरंगा थीम पर रंगोली, सेल्फी प्वाइंट और प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए, प्रमुख चौराहों पर देशभक्ति गीत प्रसारित किए जाएं तथा पूरे जिले में राष्ट्रभक्ति का वातावरण बनाया जाए। इसके अलावा 15 अगस्त को रक्तदान शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## कश्मीर में कट्टरपंथ से मुकाबला

कश्मीर के कुलगाम में दो हिंदू मजदूरों की मजहब पूछकर हत्या और उससे पहले पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले ने एक बार फिर देश के सामने आतंकवाद और धार्मिक कट्टरता से जुड़े गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे हमले केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं हैं, बल्कि समाज में भय, अविश्वास और विभाजन पैदा करने की कोशिश भी हैं। इसलिए इन घटनाओं का विश्लेषण केवल सुरक्षा या सैन्य कार्रवाई के दायरे में सीमित नहीं रह सकता। बीते वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत ने कड़े कदम उठाए हैं। सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर कार्रवाई, सुरक्षा बलों के अभियान और खुफिया तंत्र की मजबूती से कई सफलताएं भी मिली हैं। इसके बावजूद समय-समय पर होने वाली लक्षित हत्याएं यह संकेत देती हैं कि केवल हथियारों के बल पर इस चुनौती का स्थायी समाधान संभव नहीं है। इसके पीछे काम कर रही कट्टरपंथी सोच, स्थानीय समर्थन तंत्र और युवाओं के वैचारिक दुष्प्रभाव को भी समझना होगा। कश्मीर में वर्षों से विकास, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और शांति बहाली के प्रयास किए जाते रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में निवेश हुआ है। इन प्रयासों का अपना महत्व है, लेकिन जब तक हिंसा को वैचारिक आधार देने वाली मानसिकता का प्रभाव समाप्त नहीं होगा, तब तक विकास के लाभ भी पूरी तरह स्थायी शांति में नहीं बदल पाएंगे। आर्थिक प्रगति आवश्यक है, किंतु वह अकेले कट्टरपंथ का विकल्प नहीं बन सकती। आतंकवाद की सबसे बड़ी शक्ति उसका भय नहीं, बल्कि वह विचारधारा है जो हिंसा को वैध ठहराने का प्रयास करती है। जब किसी व्यक्ति को उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया जाता है, तब यह केवल हत्या नहीं, बल्कि समाज में असुरक्षा और विभाजन फैलाने की सोची-समझी रणनीति होती है।

ऐसी घटनाओं का मुकाबला केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन सभी तंत्रों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जो कट्टरता, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। यह भी आवश्यक है कि आतंकवाद और किसी धर्म को एक-दूसरे का पर्याय न बनाया जाए। किसी भी धर्म के अधिकांश अनुयायी शांति और सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं। इसलिए सुरक्षा एजेंसियों का लक्ष्य हमेशा हिंसक चरमपंथी नेटवर्क, उनके वित्तपोषण, भर्ती तंत्र और वैचारिक प्रचार तक सीमित रहना चाहिए। इससे एक ओर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी लड़ाई संभव होगी और दूसरी ओर सामाजिक सौहार्द भी बना रहेगा। कश्मीर से लेकर देश के अन्य हिस्सों तक, जहां भी लक्षित हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं, वहां पीड़ितों को त्वरित न्याय, सुरक्षा और पुनर्वास सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही यह भी जरूरी है कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच हो तथा दोषियों को शीघ्र दंड मिले। न्याय में देरी भी आतंक फैलाने वालों के मनोबल को बढ़ा सकती है। आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष केवल सेना, पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों का दायित्व नहीं है। समाज, शिक्षा व्यवस्था, धार्मिक नेतृत्व, मीडिया और नागरिक संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को कट्टर विचारों से दूर रखने, संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने और संवाद की संस्कृति को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में वैचारिक कट्टरता तेजी से फैलती है, इसलिए डिजिटल माध्यमों पर भी प्रभावी निगरानी और सकारात्मक हस्तक्षेप जरूरी है। भारत ने अनेक कठिन चुनौतियों का सामना लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ किया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई भी कानून के शासन, संविधान और मानवाधिकारों के दायरे में रहकर ही अधिक प्रभावी हो सकती है। कठोर कार्रवाई और न्यायपूर्ण व्यवस्था–दोनों का संतुलन ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। कुलगाम जैसी घटनाएं यह याद दिलाती हैं कि आतंकवाद का कोई भी रूप स्वीकार्य नहीं हो सकता। सुरक्षा के साथ-साथ कट्टरता की जड़ों पर प्रहार, सामाजिक विश्वास की पुनर्स्थापना और कानून के निष्पक्ष क्रियान्वयन से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। यही समय की मांग भी है और राष्ट्रीय सुरक्षा की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

### दो टूक




# बांकीपुर: भाजपा को आत्ममंथन करना होगा


डॉ. अरविंद नाथ

बिहार की राजनीति में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम केवल एक सीट का फैसला नहीं माना जा रहा है बल्कि इसे राज्य की बदलती राजनीतिक दिशा के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। इस चुनाव में जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पहली बार स्वयं चुनाव जीतकर विधानसभा में प्रवेश किया। वर्षों तक चुनावी रणनीतिकार के रूप में दूसरों को जीत दिलाने के लिए चर्चित रहे प्रशांत किशोर ने इस बार अपने राजनीतिक अभियान को व्यक्तिगत सफलता में बदल दिया। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के लिए यह परिणाम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सीट लंबे समय से उसके प्रभाव क्षेत्र में रही थी।बांकीपुर सीट का राजनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है कि यह पूर्व मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। इससे पहले उनके परिवार का इस सीट पर लगभग तीन दशक तक प्रभाव बना रहा। भाजपा ने इस उपचुनाव में अपने संगठन से जुड़े साधारण कार्यकर्ता नीरज कुमार को उम्मीदवार बनाया, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस हार ने भाजपा के सामने संगठनात्मक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशांत किशोर की यह जीत कई दृष्टि से ऐतिहासिक मानी जा सकती है। अबतक उन्हें मुख्य रूप से चुनावी रणनीतिकार के रूप में जाना जाता था। उन्होंने विभिन्न राज्यों में अनेक राजनीतिक दलों के लिए सफल चुनावी रणनीतियां बनाई थीं लेकिन जब उन्होंने जनसुराज पार्टी बनाई और बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा, तब पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। उस समय आलोचकों ने कहा था कि रणनीति बनाना और चुनाव जीतना दो अलग-अलग बातें हैं। बांकीपुर की जीत ने इस धारणा को आंशिक रूप से चुनौती दी है और यह संकेत दिया है कि प्रशांत किशोर अब स्वयं भी जनाधार विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, किसी एक सीट की जीत के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि बिहार की राजनीति पूरी तरह बदल गई है। बिहार की राजनीति सामाजिक समीकरणों, जातीय आधार, क्षेत्रीय प्रभाव और मजबूत संगठनात्मक ढांचे पर टिकी रही है। जनसुराज को अभी राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में अपना संगठन मजबूत करना होगा। एक सीट की सफलता को पूरे राज्य में दोहराना आसान नहीं होगा। इसलिए यह जीत एक अवसर अवश्य है, लेकिन भविष्य की सफलता की गारंटी नहीं। दूसरी ओर, भाजपा के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का अवसर है। बांकीपुर जैसे पारंपरिक गढ़ में हार यह संकेत देती है कि केवल पुराने राजनीतिक प्रभाव के भरोसे चुनाव नहीं जीते जा सकते। यदि स्थानीय कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं, मतदाताओं की बदलती प्राथमिकताओं और संगठन की सक्रियता पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में भी चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

हालांकि भाजपा अभी भी बिहार की प्रमुख राजनीतिक शक्तियों में से एक है और उसके पास व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क तथा मजबूत नेतृत्व मौजूद है। इसलिए केवल एक उपचुनाव के आधार पर यह कहना उचित नहीं होगा कि भाजपा के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। नितिन नवीन की राजनीतिक छवि पर भी इस हार का प्रभाव पड़ सकता है। उनके निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा की हार विपक्ष को राजनीतिक हमला करने का अवसर अवश्य देगी। हालांकि किसी नेता का राजनीतिक भविष्य केवल एक चुनावी परिणाम से तय नहीं होता। भारतीय राजनीति में अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जहां बड़े नेता चुनाव हारे लेकिन बाद में और अधिक मजबूत होकर लौटे। इसलिए नितिन नवीन के राजनीतिक भविष्य का आकलन भी आने वाले चुनावों और उनके संगठनात्मक प्रदर्शन के आधार पर ही किया जाना चाहिए। प्रशांत किशोर के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती अपनी इस जीत को राज्यव्यापी जनसमर्थन में बदलने की होगी। उन्हें यह साबित करना होगा कि जनसुराज केवल एक व्यक्ति की पार्टी नहीं बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक शक्ति बन सकती है। इसके लिए गांव-गांव तक संगठन का विस्तार, स्थानीय नेतृत्व का विकास, जनसरोकार के मुद्दों पर निरंतर सक्रियता और मजबूत चुनावी संरचना तैयार करनी होगी। यदि वे इसमें सफल होते हैं, तो आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति में उनकी भूमिका और अधिक प्रभावशाली हो सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बांकीपुर का परिणाम बिहार में मतदाताओं की नई सोच का भी संकेत हो सकता है।



शहरी क्षेत्रों में शिक्षित मतदाताओं का एक वर्ग अब पारंपरिक दलों के साथ-साथ नए विकल्पों को भी अवसर देने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है तो बिहार की राजनीति में बहुकोणीय मुकाबले और अधिक रोचक हो सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि बांकीपुर की जीत प्रशांत किशोर और जनसुराज के लिए निश्चित रूप से मनोबल बढ़ाने वाली उपलब्धि है। इससे उन्हें राजनीतिक विश्वसनीयता मिली है और संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। वहीं, भाजपा के लिए यह परिणाम चेतावनी का संकेत है कि उसे अपने पारंपरिक क्षेत्रों में भी लगातार सक्रिय रहना होगा। बांकीपुर का परिणाम बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देता है, जिसकी दिशा आने वाले वर्षों में स्पष्ट होगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# जर्सी का रंग बदला, पहचान पर बहस छिड़ी

*योगेश कुमार गोयल*

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम की पारंपरिक नीली जर्सी को बदलकर 15 अगस्त से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में केसरिया रंग की मुख्य जर्सी पहनाने के निर्णय ने देशभर में नई बहस छेड़ दी है। यह बहस केवल खेल तक सीमित नहीं रही है बल्कि राजनीति, संस्कृति, राष्ट्रीय पहचान और खेल परंपरा तक पहुंच गई है। एक पक्ष इसे खिलाड़ियों की सुविधा और तकनीकी आवश्यकता से जुड़ा निर्णय बता रहा है तो दूसरा पक्ष इसे भारतीय खेलों के कथित 'भगवाकरण' के रूप में देख रहा है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में जर्सी का रंग बदलना इतना बड़ा मुद्दा है या यह विवाद मूल प्रश्नों से ध्यान भटका रहा है? सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि हॉकी इंडिया ने जर्सी का रंग बदलने का निर्णय किन आधारों पर लिया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी रहे दिलीप तिर्की के अनुसार, आज अधिकांश अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबले नीले सिंथेटिक एस्ट्रो टर्फ पर खेले जाते हैं। ऐसे में नीली जर्सी कई बार मैदान की पृष्ठभूमि में घुल-मिल जाती है, जिससे तेज गति वाले खेल में खिलाड़ियों को अपने साथी खिलाड़ियों की पहचान करने में कठिनाई होती है। आधुनिक हॉकी में खेल की गति अत्यंत तेज हो चुकी है, जहां एक सेकेंड का निर्णय मैच का परिणाम बदल सकता है। पासिंग, पोजिशनिंग और त्वरित निर्णय के लिए खिलाड़ियों की स्पष्ट दृश्यता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी कारण खिलाड़ियों, कप्तानों, कोचों और सहयोगी स्टाफ से विचार-विमर्श के बाद अधिक स्पष्ट दिखाई देने वाले रंग के रूप में केसरिया को चुना गया। यदि यही वास्तविक कारण है तो इसे केवल तकनीकी दृष्टि से देखने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। विश्व खेलों में जर्सी के रंग समय-समय पर बदले जाते रहे हैं। फुटबॉल, रग्बी, क्रिकेट, बास्केटबॉल और हॉकी जैसी लगभग सभी खेल प्रतियोगिताओं में टीमें प्रतियोगिता, दृश्यता, प्रायोजकों, प्रसारण गुणवत्ता और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार अपनी जर्सियों में परिवर्तन करती रहती हैं। भारतीय हॉकी टीम इससे पहले साल 2014 विश्वकप में पीली तथा 2018 में हल्के नीले रंग की जर्सी पहन चुकी है। इसलिए रंग परिवर्तन स्वयं में कोई असाधारण घटना नहीं है। विवाद इसलिए बढ़ा है क्योंकि भारतीय हॉकी की पहचान पिछले कई दशकों से नीली जर्सी के साथ जुड़ चुकी है। जैसे ब्राजील की फुटबॉल टीम पीली जर्सी, अर्जेंटीना आसमानी-सफेद धारियों, न्यूजीलैंड 'ऑल ब्लैक्स' और ऑस्ट्रेलिया हरे-पीले रंग से पहचाने जाते हैं, उसी प्रकार भारतीय हॉकी की पहचान भी नीली जर्सी रही है। ओलंपिक स्वर्णिम इतिहास, विश्वकप की उपलब्धियां और अनेक ऐतिहासिक मुकाबलों की स्मृतियां इसी नीली जर्सी से जुड़ी रही हैं। यही कारण है कि पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै, परगट सिंह और वीरेन रासकिन्हा जैसे खिलाड़ियों ने चिंता व्यक्त की कि कहीं यह परिवर्तन भारतीय हॉकी की स्थापित पहचान को कमजोर न कर दे। पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ियों की चिंता को भी खारिज नहीं किया जा सकता। खेल केवल तकनीक नहीं, भावनाओं और विरासत का भी विषय होता है। जर्सी केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि करोड़ों प्रशंसकों की स्मृतियों, खिलाड़ियों के गौरव और राष्ट्रीय खेल संस्कृति का प्रतीक होती है। इसलिए ऐसे किसी भी बड़े परिवर्तन से पहले व्यापक संवाद और पारदर्शिता अपेक्षित थी। यदि हॉकी इंडिया खिलाड़ियों और विशेषज्ञों के साथ-साथ पूर्व खिलाड़ियों तथा खेल समुदाय को भी इस निर्णय प्रक्रिया से जोड़ती तो शायद विवाद की तीव्रता कम होती। दूसरी ओर इस पूरे विवाद का राजनीतिक स्वरूप भी कम चिंताजनक नहीं है। विपक्षी दलों ने इसे 'खेलों का भगवाकरण' करार दिया है जबकि कई समर्थकों ने इसे राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक बताया। वस्तुतः दोनों अतिवादी दृष्टिकोण खेल भावना के अनुकूल नहीं हैं। किसी भी रंग का अपना कोई धर्म नहीं होता। रंग प्रतीकों का अर्थ समय, संस्कृति और संदर्भ के अनुसार बदलता रहता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में केसरिया रंग त्याग, साहस और समर्पण का प्रतीक है। भारतीय सेना, राष्ट्रीय ध्वज, अनेक विश्वविद्यालयों, सांस्कृतिक परंपराओं तथा आध्यात्मिक जीवन में केसरिया का सम्मानजनक स्थान है। वहीं इस्लामी परंपराओं, सूफी परंपरा और अनेक एशियाई संस्कृतियों में भी यह रंग विभिन्न रूपों में प्रयुक्त होता रहा है। इसलिए किसी रंग को किसी एक धर्म या विचारधारा का स्थायी प्रतीक मान लेना ऐतिहासिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि वर्तमान राजनीतिक वातावरण में रंगों के प्रतीकात्मक अर्थ अत्यधिक संवेदनशील हो चुका है। इसलिए जब किसी राष्ट्रीय टीम की दशकों पुरानी पहचान बदली जाती है तो राजनीतिक प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं। ऐसी परिस्थितियों में खेल संस्थाओं का दायित्व और बढ़ जाता है कि वे अपने निर्णयों के पीछे के सभी तथ्य, वैज्ञानिक अध्ययन और खिलाड़ियों की राय सार्वजनिक करें ताकि अनावश्यक विवाद की गुंजाइश कम हो। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि क्या वास्तव में नीली जर्सी खिलाड़ियों के प्रदर्शन में बाधा बन रही थी? कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने इस तकनीकी तर्क पर प्रश्न उठाए हैं। उनका कहना है कि कई वर्षों से नीले एस्ट्रो टर्फ पर प्रतियोगिताएं हो रही हैं और कभी ऐसी गंभीर समस्या सामने नहीं आई। यदि वास्तव में दृश्यता का प्रश्न था तो क्या इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ का कोई वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध है? यदि हॉकी इंडिया इस विषय में विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक करे तो बहस अधिक तथ्यपरक हो सकती है। आधुनिक खेल विज्ञान यह स्वीकार करता है कि रंगों का खिलाड़ियों की दृश्य पहचान, प्रतिक्रिया समय और निर्णय क्षमता पर प्रभाव पड़ सकता है। कई खेलों में उच्च कंट्रास्ट वाले रंगों का चयन इसी कारण किया जाता है। प्रसारण तकनीक, कैमरा एंगल और दर्शकों की दृश्य सुविधा भी अब जर्सी डिजाइन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। इसलिए तकनीकी आधार को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। पूरे विवाद का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष यह है कि चर्चा खिलाड़ियों की तैयारी, रणनीति और पदक की संभावनाओं से हटकर जर्सी के रंग तक सीमित हो गई है। भारत की पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमें पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार कर चुकी हैं। टोक्यो ओलंपिक में पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीतकर चार दशक का सूखा समाप्त किया जबकि महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन कर विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अब जब विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट सामने हैं, तब खिलाड़ियों का ध्यान केवल अपने प्रदर्शन पर केंद्रित रहना चाहिए, किसी भी प्रकार का राजनीतिक या वैचारिक विवाद खिलाड़ियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव डाल सकता है। बहरहाल, वास्तविक प्रश्न यह नहीं है कि नीली हो या केसरिया बल्कि यह है कि क्या भारतीय हॉकी विश्व विजेता बनने की तैयारी कर रही है? क्या हमारे खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, फिटनेस सुविधाएं, खेल विज्ञान, मनोवैज्ञानिक सहयोग, आधुनिक विश्लेषण तकनीक और मजबूत घरेलू प्रतियोगिताएं उपलब्ध हैं? क्या जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं? यदि इन प्रश्नों के उत्तर सकारात्मक नहीं हैं तो केवल जर्सी बदल देने से भारतीय हॉकी का भविष्य नहीं बदल सकता। इतिहास बताता है कि महान टीमें रंग से नहीं, अपने खेल से अमर होती हैं। खेल में पहचान रंग से नहीं, उपलब्धियों से बनती है। यदि भारतीय टीम केसरिया जर्सी पहनकर विश्व कप जीतती है तो यही जर्सी नई गौरवगाथा का प्रतीक बन जाएगी। यदि प्रदर्शन निराशाजनक रहा तो रंग चाहे कोई भी हो, आलोचना फिर भी होगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**


साहित्य



## लो हो गया मुंडन महोत्सव...?

**संजय एम तराणेकर**

**जनाब, अब अफवाहों का भी क्या कहना!**
**पहले लोग कहते थे— 'अक्ल बड़ी या भैंस?'**
**अब नया सवाल— 'बाल बड़े या पंद्रह हजार?'**
**किसी ने अधिकारी बन फोन पर ये कहा,**
**'सरकार मुंडन करवाओ, इनाम पाओ!'**
**बस यारों फिर क्या था, नाई की दुकान पर भीड़ ऐसी लगी,**
**मानो सरकारी नौकरी का फॉर्म भरना हो।**
**नाई बोला- 'इतनी खुशी तो शादी के सीज़न में भी नहीं मिली,**
**नाई की बांछे जमकर खिली, बोला-'आज तो कैंची भी ओवरटाइम मांग रही है!'**
**जब सच्चाई सामने आई कि न सरकार, न योजना, न तहसीलदार-तब सबने सिर सहलाते हुए कहा,**
**'चलो... बाल तो वापस आ जाएंगे, पर भरोसा अगली बार थोड़ा देर से आएगा!'**



# सावन का महीना और 'हर-हर महादेव' का जयघोष

*उदय कुमार सिंह*

सावन का महीना आते ही संपूर्ण वातावरण शिवमय हो उठता है। मंदिरों में घंटों की ध्वनि, 'हर-हर महादेव' के जयघोष, शिवभक्तों की लंबी कतारें, कांवड़ियों की पदयात्रा और जलाभिषेक का उत्साह केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति की उस गहरी चेतना का उत्सव है, जिसमें भगवान शिव जन-जन के आराध्य बनकर विराजमान हैं। गांवों से लेकर महानगरों तक, हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्र तटों तक, हर शिवालय में श्रद्धा का सागर उमड़ पड़ता है। भगवान शिव भारतीय संस्कृति के ऐसे अद्वितीय देव हैं, जिनके व्यक्तित्व में जितना रहस्य है, उतनी ही सरलता भी है; जितनी विराटता है, उतनी ही आत्मीयता भी। वे एक ओर कैलाश के योगी हैं तो दूसरी ओर लोकजीवन के भोलेनाथ। वे संन्यासी भी हैं और आदर्श गृहस्थ भी। वे संहारक भी हैं और सृष्टि के महान रक्षक भी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में शिव केवल पूजनीय देवता नहीं बल्कि एक संपूर्ण जीवन-दर्शन, सामाजिक चेतना, आध्यात्मिक ऊर्जा और मानवीय मूल्यों के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। भगवान शिव का बाहरी स्वरूप जितना विचित्र प्रतीत होता है, उसके पीछे छिपा संदेश उतना ही गहन और व्यावहारिक है। उनके मस्तक पर अर्धचंद्र, जटाओं में प्रवाहित गंगा, तीसरा नेत्र, नीलकंठ, गले में सर्प, शरीर पर भस्म, हाथ में त्रिशूल और डमरू- इनमें से कोई भी प्रतीक केवल अलंकरण नहीं है। प्रत्येक मानव जीवन के किसी न किसी सत्य, मूल्य और आदर्श की व्याख्या करता है। शिव का पूरा व्यक्तित्व हमें यह सिखाता है कि बाहरी सौंदर्य से अधिक महत्वपूर्ण आंतरिक चरित्र होता है। वास्तविक महानता वैभव, संपत्ति और शक्ति से नहीं, बल्कि त्याग, करुणा, संतुलन और लोकमंगल की भावना से मापी जाती है। वास्तव में भगवान शिव का स्वरूप जितना अद्भुत, अलौकिक और रहस्यमय दिखाई देता है, उतना ही गूढ़, दार्शनिक और जीवनोपयोगी भी है। उनके शरीर पर धारण किया गया प्रत्येक प्रतीक, प्रत्येक आभूषण और प्रत्येक आयुध दिव्यता के परिचायक के साथ मानव जीवन के लिए गहन संदेश भी समेटे हुए है। शिव जीवन-दर्शन के ऐसे महान आचार्य हैं, जिनका संपूर्ण व्यक्तित्व करुणा, समता, त्याग, संतुलन, निर्भयता और लोककल्याण की सर्वोच्च व्याख्या करता है। भगवान शिव केवल देवताओं के देव महादेव और समाज के उन सभी उपेक्षित, तिरस्कृत और भय का कारण माने जाने वाले तत्वों को भी अपने स्नेह और संरक्षण में स्थान देने वाले देवता हैं, जिन्हें सामान्य मनुष्य अपने जीवन से दूर रखना चाहता है। जिस सांप और बिच्छू को देखकर अधिकांश लोग भयभीत हो जाते हैं और उसे मार देना चाहते हैं, उसी सर्प को भगवान शिव अपने गले का आभूषण बना लेते हैं। समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट (हलाहल) विष को, जिसे देवता और दानव दोनों स्वीकार करने का साहस नहीं जुटा सके, भगवान शिव बिना किसी संकोच के अपने कंठ में धारण कर संपूर्ण सृष्टि की रक्षा करते हैं। उनका नीलकंठ स्वरूप यह संदेश देता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो लोककल्याण के लिए स्वयं कष्ट सहने को तैयार हो। भगवान शिव का यह स्वरूप पौराणिक आख्यान के साथ सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना का भी अद्भुत दर्शन है। समाज गाय से दूध प्राप्त करता है और युवा बैल से खेती-किसानी का कार्य करवाता है, किंतु जब वही बैल वृद्ध हो जाता है तो उसकी उपेक्षा करने लगता है। भगवान शिव उसी उपेक्षित वृषभ को अपना वाहन बनाकर यह संदेश देते हैं कि किसी भी प्राणी का सम्मान उसकी उपयोगिता से नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व से होना चाहिए। नंदी केवल शिव के वाहन के साथ धर्म, निष्ठा, धैर्य और समर्पण के जीवंत प्रतीक हैं। जिस श्मशान में जाने से सामान्य मनुष्य भयभीत रहता है, भगवान शिव उसी श्मशान की भस्म को अपने शरीर का श्रृंगार बनाते हैं। वे बताते हैं कि मृत्यु जीवन का अंतिम सत्य है और जो इस सत्य को स्वीकार कर लेता है, वह भय, मोह और अहंकार से मुक्त हो जाता है। उनके लिए कोई स्थान अपवित्र नहीं, कोई जीव तिरस्कृत नहीं और कोई परिस्थिति अशुभ नहीं। यही कारण है कि शिव को समभाव और समदृष्टि का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव की बारात भी उनके व्यक्तित्व की व्यापकता को दर्शाती है। जहां सामान्य व्यक्ति विवाह जैसे मंगल अवसर पर सजे-धजे, प्रतिष्ठित और सम्मानित लोगों को साथ लेकर चलना चाहता है, वहीं शिव की बारात में भूत, प्रेत, पिशाच, गण, योगी, औघड़ और समाज के उपेक्षित पात्र सम्मिलित होते हैं। यह दृश्य केवल पौराणिक कल्पना नहीं बल्कि इस सत्य का उद्घोष है कि भगवान शिव के द्वार पर किसी के रूप, वेश, कुल, जाति, धन या सामाजिक प्रतिष्ठा का कोई महत्व नहीं है। उनके लिए प्रत्येक जीव समान है। वे भेदभाव नहीं बल्कि समावेश के देवता हैं। भगवान शिव को 'आशुतोष' कहा जाता है, अर्थात् वे जो अत्यंत शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। वे बिना किसी भेदभाव के अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। वास्तव में वही सबसे बड़ा दानी हो सकता है, जिसे स्वयं किसी वस्तु की इच्छा न हो। भगवान शिव इसी त्याग, वैराग्य और उदारता के प्रतीक हैं। यही कारण है कि उन्हें देवाधिदेव, औघड़दानी और भोलेनाथ जैसे सम्मानसूचक नामों से पुकारा जाता है। उनकी करुणा का विस्तार इतना व्यापक है कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जैसे आदर्श पुरुषों के साथ रावण जैसे महान विद्वान किंतु अहंकारी भक्त के तप से भी प्रसन्न होकर उसे वरदान प्रदान करते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि शिव के लिए किसी व्यक्ति का कुल, जाति, धन, पद या प्रतिष्ठा नहीं बल्कि उसकी श्रद्धा, तप और समर्पण ही सर्वोपरि है। शिव संभवतः ऐसे एकमात्र देव हैं जिन्हें प्रसन्न करने के लिए स्वर्ण, रत्न, बहुमूल्य वस्त्र अथवा भव्य पूजन सामग्री की आवश्यकता नहीं होती। एक लोटा जल, कुछ बेलपत्र, धतूरा, आक के पुष्प और मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग पर अर्पित निष्कपट श्रद्धा ही उन्हें प्रसन्न करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। यही सहजता उन्हें लोकजीवन का सबसे निकट और सर्वसुलभ देव बनाती है। समाज में अनेक लोग अपने दुर्व्यसनों को भगवान शिव से जोड़कर उचित ठहराने का प्रयास करते हैं, जबकि शिव-दर्शन का वास्तविक संदेश इससे बिल्कुल भिन्न है। भगवान शिव का विषपान लोककल्याण के लिए था, आत्मविनाश के लिए नहीं। वे तप, संयम, आत्मनियंत्रण और त्याग के प्रतीक हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि संसार का विष स्वयं सहकर भी दूसरों को अमृत बांटना वास्तविक शिवत्व है। भगवान शिव उन सभी वंचित, शोषित और उपेक्षित लोगों के प्रतिनिधि प्रतीत होते हैं, जिन्हें समाज ने कुल, गोत्र, जाति, धन अथवा बाहरी पहचान के आधार पर कभी कमतर आंका। शिव के दरबार में इन सबका महत्व नहीं रह जाता। वहां केवल भक्ति, समर्पण और निष्कपट भाव का मूल्य है। इसीलिए शिव लोकदेवता भी हैं और महादेव भी। अर्धनारीश्वर के रूप में भगवान शिव स्त्री-पुरुष की समानता, परस्पर सम्मान और सहधर्मिता के सर्वोच्च प्रतीक हैं। वे यह संदेश देते हैं कि शक्ति के बिना शिव भी 'शव' के समान हैं।



**सावन माह पर खास**

स्त्री और पुरुष प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान और उसकी अनिवार्य भूमिका का इससे श्रेष्ठ दार्शनिक प्रतिपादन दुर्लभ है। दक्ष प्रजापति के यज्ञ में माता सती के अपमान और आत्मदाह के बाद भगवान शिव का तांडव उनके क्रोध के साथ अन्याय, अहंकार और अधर्म के विरुद्ध प्रतिरोध का उद्घोष था। शिव यहां उस संवेदनशील पति के रूप में सामने आते हैं, जो अपनी अर्धांगिनी के सम्मान के लिए समस्त व्यवस्था को चुनौती देने का साहस रखता है। उनका यह स्वरूप सिखाता है कि करुणा जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक अन्याय के विरुद्ध अडिग होकर खड़ा होना भी है। यदि देवताओं के वैभव की तुलना की जाए तो भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेषशय्या पर विराजमान, रत्नाभूषणों से विभूषित और समस्त ऐश्वर्य से संपन्न दिखाई देते हैं। दूसरी ओर भगवान शिव दिगंबर हैं, शरीर पर भस्म धारण किए हुए हैं, गले में सर्प हैं, हाथ में त्रिशूल और डमरू है तथा उनका निवास कैलाश और श्मशान दोनों हैं। फिर भी भारतीय संस्कृति में असंख्य महिलाएं सोमवार का व्रत रखकर शिव जैसा जीवनसाथी पाने की कामना करती हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# हाइवे पर 13 घंटे तक लगा रहा भीषण जाम

**बीस किमी आने में लगे 8 घंटे**

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**



रूट डायवर्जन के कारण सोमवार को रात 9:00 बजे से शुरू हुआ जाम का झाम मुख्यालय से लेकर फैक्ट्रीएरिया तक हो गया। 20 किलोमीटर का सफर तय करने में निजी वाहन चालकों को कस्बे में आने तक आठ घंटे का समय लगा। रात 9:00 बजे शुरू हुआ जाम सुबह 10:00 बजे खुल सका तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। शनिवार को कावड़ यात्रा के चलते भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया था। इस डायवर्जन को सोमवार को रात 8:00 बजे खोला गया। डायवर्जन खुलते ही हाईवे में ठहरे रहे वाहनों को निकालने के लिए चालकों में अफरा तफरी मच गई। इसी आपाधापी में वाहनों को आड़ा तिरछा होने से बेतवा पुल के समीप जाम लग गया। बेतवा पुल से शुरू हुआ जाम कुछ घंटे में ही कस्बे के उद्योग नगरी तक पहुंच गया और करीब 20 किलोमीटर लम्बे हाईवे में वाहनों की दोहरी तिहरी लाइन लग गई जाम में फंसे कस्बावासी सपा नेता चंद्रशेखर गुप्ता, अनिल परनामी, बब्बी खान, वीरू सिंह, नरेंद्र सिंह, शानू गुप्ता आदि ने बताया कि उन्हें अनुपुर मोड़ से कस्बे तक आने में 8 घंटे का समय लगा अनुपुर मोड़ से कस्बे की दूरी 20 किलोमीटर है सुबह महोबा की ओर से आने वाली वाहनों को मौदहा में रुकवाकर जाम खुलवाया गया तब कहीं जाकर 13 घंटे बाद लोगों को जाम से राहत मिल सकी। जाम में यात्री बसें, स्कूली वाहन, एंबुलेंस आदि भी फंसे रहे। इससे लोगों को तमाम मुसीबत का सामना करना पड़ा।

## युवा अधिवक्ताओं को स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली की दी जानकारी

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को युवा अधिवक्ताओं के लिए स्थायी लोक अदालत विषयक एक दिवसीय संवेदनशीलता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों का त्वरित, सरल और कम खर्च में निस्तारण ही इसका उद्देश्य है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक पात्र मामलों को स्थायी लोक अदालत में प्रस्तुत करने का आह्वान किया। बार संघ के महामंत्री अश्विनी प्रजापति ने भी अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। सचिव वंदना अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली को मजबूत बनाएंगे।

## ओवरस्पीड वाहनों पर शिकंजा, यातायात पुलिस को मिली इंटरसेप्टर बाइकें



हमीरपुर। सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस लाइन से यातायात पुलिस को दो आधुनिक इंटरसेप्टर मोटरसाइकिलें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग ओवरस्पीड, लापरवाही से वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में किया जाएगा। इंटरसेप्टर बाइकें प्रमुख मार्गों, बाजारों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में त्वरित निगरानी और प्रवर्तन में सहायक होंगी। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी यातायात सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**सुमेरपुर।** एक साल पूर्व मां के साथ खेतों की तरफ गई किशोरी को मां के सीने पर से तमंचा अड़ाकर अगवा करके घर से ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने सिसोलर मार्ग के गौरी मोड से गिरफ्तार करके जेल भेजा है इसके खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म पास्को एक्ट की धाराओं में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। गत 27 जुलाई की रात 8:00 बजे सत्येंद्र सिंह ने मां के साथ खेतों की तरफ गई किशोरी की मां के सीने में तमंचा अड़ाकर अपहरण कर लिया था और घर ले जाकर कमरे में बंद करके दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। रात 1:00 बजे पुलिस ने किशोरी को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराकर परिजनों को सौंपा। घटना के बाद से आरोपी फरार था। सोमवार को पुलिस ने सिसोलर मार्ग के गौरी मोड से थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने एस आई निशांत दुबे के साथ मिलकर गिरफ्तार करके मंगलवार को न्यायालय भेजा।

## खबरें एक नजर में

### पेट्रोल डालकर महिला को जला कर मार डालने का लगाया आरोप

**सुमेरपुर।** गत 27 जुलाई को संदिग्ध हालत में पेट्रोल डालकर जिंदा जल जाने के प्रकरण में मृतका के भाई के द्वारा हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार को गांव पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्यों को एकत्र करके जांच के लिए भेजे हैं। साथ ही मृतका के पति से आवश्यक पूछताछ की है। गत 27 जुलाई को पत्योरा गांव के निवासी रमाकांत निषाद की पत्नी रेनू निषाद 35 वर्ष ने शाम 4:00 बजे घर पर ही पेट्रोल डालकर जिंदा फूंक लिया था। इलाज को सदर अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया था। घटना के समय पति रमाकांत मुंबई में था। घटना के एक सप्ताह बाद मृतका के भाई धर्मराज निषाद निवासी नारायढ थाना जसपुरा जिला बांदा ने पुलिस को तहरीर देकर बहन की हत्या का आरोप नंद पूजा निषाद निवासी असवार मऊ थाना सजेती कानपुर नगर पर लगाते हुए दो लाख रुपए वापस नहीं करने पर पेट्रोल डालकर फूंकने का आरोप लगाया है भाई का आरोप है की पूजा के इस कृत्य में उसके पति सोनू निषाद, पिता कामता निषाद तथा मां उर्मिला ने भी सहयोग किया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने नंद पूजा, ननदोई सोनू, ससुर कामता, सास उर्मिला के खिलाफ 3 अगस्त को हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद मंगलवार को फोरेंसिक टीम गांव पहुंची घटनास्थल से साक्ष्य संकलित करके जांच के लिए एकत्र किए हैं। इस दौरान टीम ने घर पर मौजूद मृतका के पति रमाकांत निषाद तथा मृतका की पुत्री सान्वी, पुत्र आकाश से पूछताछ करके बयान दर्ज किए हैं। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं अभी आरोपी गिरफ्त में नहीं है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

### जालौन कोंच रोड पर खाई में गिरी कार, एक की मौत, तीन घायल

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के जालौन मार्ग पर तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। बताया गया है कि एक कार जालौन कोंच रोड पर अधिक स्पीड होने के चलते ग्राम गुरावती और पचीपुरा कलां के बीच खाई में जा गिरी। इस वाहन में चार लोग सवार थे जिनमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना से हड़कंप मच गया और खबर मिलते ही मंडी चौकी के प्रभारी नीतीश कुमार भेंड़ चौकी के प्रभारी विनीत कुमार सिंह सिपाही अभिषेक पाल मौके पर पहुंचे और तत्काल तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया । वहीं शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम अनमोल पुत्र अशोक कुमार निवासी लहार जिला भिंड मध्य प्रदेश है। जब की तीन घायलों में पिंटू विश्वकर्मा पुत्र लखन लाल, मधुर उर्फ मुन्ना पुत्र परम लाल और अजय उर्फ मुन्नू निवासीगण लहार जिला भिंड बताए गए है। बताया गया है कि कार सवार सभी लोग नशे में धुत थे, बल्कि कार से शराब की बोतल नमकीन भी मिले है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कोंच।** नगर के एक मोहल्ले की रहने बाली 16 वर्षीय एक किशोरी की पहचान कुछ समय पूर्व कैलिया थाने के ग्राम गेन्दौली निबासी आरोपित रोहित कुमार से ग्राम जरा में लगे एक मेले के दौरान हुई थी जिसके बाद दोनो में अक्सर फोन के माध्यम से बात होती रही। पांच माह पूर्व आरोपित किशोरी को बहला फुसलाकर कर नगर के एक रेस्टोरेंट पर खाना खिलाने के बहाने ले गया। जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद उसने कई बार किशोरी को डरा धमका कर दुष्कर्म किया। इस दौरान किशोरी गर्भवती हो गई पेट में आये उभार को देखकर किशोरी के परिजनों को जब जानकारी हुई तब उसने अपने साथ हुए जोर जबरजस्ती की बात बताते हुए आरोपित का नाम बताया। जिसके बाद किशोरी की माँ उसे लेकर कोतवाली पहुची और आरोपित के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है । कोतवाल निगवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पॉस्को एक्ट एवं दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा कर लिया गया है। किशोरी को स्वस्थ्य परीक्षण और प्रेग्नेंसी टेस्ट के लिए अस्पताल भेजा गया है आरोपित को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### निकलेगी कांवड़ यात्रा, जगह-जगह होगा स्वागत

**गुरसरांय (झांसी)।** श्रीरामदूत सेवा समिति के तत्वावधान में पिछले नौ वर्षों से निकल रही कावड़ यात्रा इस वर्ष 24 अगस्त को और अधिक भव्यता के साथ निकलेगी। इस संबंध में सोमवार को नगर के कल्याण बाल विद्या मन्दिर में कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक कर यात्रा की तैयारियों की रूपरेखा तय की गयी।इस दौरान बैठक में सभी पदाधिकारिओ ने यात्रा को और अधिक विशेष तथा बेहतर बनाए जाने के लिए कई सुझाव दिए।इस अवसर पर दसवीं कावड़ यात्रा के लिए सभी लोगों को कार्यक्रम की भव्यता के लिए जिम्मेदारियाँ भी सौंपी गयी। कांवड़ यात्रा के संयोजक पं सुरेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि सोमवार 24 अगस्त को प्रातः 5 बजे बोल बम के जयकारों के साथ कांवड़िए व्यास जी हनुमान मंदिर से एरच के लिए प्रस्थान करेंगे। कावड़ यात्रा में लगभग 2 हजार से अधिक कावड़िया बुंदेलखंड की जीवन दायनी बेत्रवंती मैया एरच से पवित्र जल लेकर यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवान भोलेनाथ उनके परिवार के स्वरूप होंगे। यह सभी स्वरूप रथ पर सवार होंगे। इस यात्रा में डीजे इत्यादि होंगे। भव्य कांवड़ यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों के साथ जगह–जगह उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िया बस द्वारा बेतवा नदी पहुंचेंगे जहां से कांवर लेकर 23 किलोमीटर पैदल चलकर बेत्रवंती मैया एरच से जल लेकर भीमाशंकर महादेव के मंदिर गुरसरांय में भगवान शिवजी का भव्य जलाभिषेक करने पश्चात महाआरती के कार्यक्रम के बाद भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि परंपरा के अनुसार सभी भक्त कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करें।

# मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल में मरीजों का हो रहा आर्थिक शोषण

**कांग्रेस ने निष्पक्ष जांच की मांग लेकर डीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ने रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। कहा कि अस्पतालों में मरीजों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मंगलवार को प्रतिनिधि मंडल ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला को सौंपा। इसमें मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में मरीजों के हित में पारदर्शी और जवाबदेह स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आरोप लगाया गया है कि ऑपरेशन से पहले मरीजों के परिजनों से 25 से 30 हजार रुपये तक की दवाएं और मेडिकल उपकरण बाहर से मंगवाए जाते हैं। सामान्य ओपीडी और इमरजेंसी में चिकित्सकों पर बाहरी दवाएं व जांच लिखे के आरोप लगाए। कहा कि कुछ चिकित्सक सरकारी सेवा के साथ निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करते हैं और मरीजों को निजी अस्पतालों में इलाज करो का दबाव बनाया जाता है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में नियमित प्राचार्य की नियुक्ति, विभिन्न विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मरीजों को बेहतर, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। प्रतिनिधि मंडल में बी.लाल, संतोष द्विवेदी, गौरव सक्सेना, लालबाबू राजपूत शामिल रहे।

### दतिया उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई



मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर मंगलवार को शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। शहर अध्यक्ष ने जीत को लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान में जनता के विश्वास का परिणाम बताते हुए पार्टी नेतृत्व को बधाई दी। कहा कि दतिया का परिणाम पूरे देश को संदेश है कि अब जनता झूठे वादों और जुमलों से थक चुकी है। उप चुनाव में मिली जीत उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले चुनावों में कांग्रेस की मजबूती का संकेत है। जीत को जनता की नाराजगी और सरकार की नीतियों के खिलाफ जनादेश है। इस मौके पर शिवबली सिंह, नरेंद्र अग्रवाल, डा.केपी सेन राजबहादुर गुप्ता, धीरेंद्र पांडेय धीरू, शब्बीर सौदागर, रफ्फ़ खान गोगा, वारिस अली, सुखदेव गांधी, बबलू आदि उपस्थित रहे।

# सावन माह के पहले मंगल को हनुमान मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बांदा।** सावन माह का पहले मंगलवार पर शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महावीरन हनुमान मंदिर, करिया नाला हनुमान मंदिर और संकटमोचन मंदिर देर रात तक कतारें लगी रहीं। जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय रहा। बुंदेलखंड क्षेत्र में सावन माह के मंगलवार और शनिवार का अलग महत्व है। पहले मंगलवार को शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों महावीरन, करिया नाला और संकटमोचन में श्रद्धालुओं का भारी भीड़ उमड़ी। लोगों को महाबली हनुमान के दर्शनों और पूजा-अर्चना के लिए देर तक कतार में लगकर अपनी बारी का इंताजर करना पड़ा। झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाइवे स्थित महावीरन हनुमान मंदिर में पुजारी महंत कंधीलाल दुबे, रामचन्द्र त्रिवेदी, मनोज दुबे, गुल्लू महाराज और ज्ञान दीप पाठक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने व्रत रखकर हनुमान जी को सिंदूर, चोला और लड्डू का भोग लगाया। करिया नाला हनुमान मंदिर में भी सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। यहां आयोजनकर्ता प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में भंडारा आयोजित हुआ। संकटमोचन हनुमान मंदिर में सुबह से ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया। शाम को पुजारी उमाशंकर दास समेत श्रद्धालु डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी और ज्ञान त्रिपाठी ने मंगल आरती कर भक्तों में प्रसाद वितरित किया। भीड़ को देखते हुए सभी मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

# हिस्ट्रीशीटर की ईंट से कूंच कर हत्या

**भाई ने एक नामजद समेत दो के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**बांदा।** शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में साथियों ने ईंट से कुचलकर हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस अधिकारी, स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। यहां फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक वह हिस्ट्रीशीटर था। 2007 में हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है। तिंदवारी थाना क्षेत्र के अमलीकौर गांव निवासी धर्मेंद्र उर्फ गुड्डू (40) पुत्र राजकुमार सोमवार की दोपहर बाइक से अपनी भतीजी को लिवाने कबरई जा रहा था। दुरेड़ी मोड़ पर उसका दोस्त सागर मिल गया। सागर धर्मेंद्र को अपने गांव लिवा ले गया। निर्माणाधीन मकान में तीन लोगों ने शराब पार्टी की। नशा होने पर पर साथी उसके साथ गाली गलौज करने लगा। धर्मेंद्र ने गाली गलौज का विरोध किया। इसी बात को लेकर हुए विवाद में उसकी ईंट से कुचल कर हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने उसकी आंख भी फोड डाली। चेहरे के कई हिस्सो में चोट थी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिंक टीम ने मुआयना किया। मृतक के भाई मुलायम ने बताया कि धर्मेंद्र डंप बालू में काम करता था। उसके सहयोगियो ने उसकी हत्या करवा दी। बताया कि वर्ष 2007 में धर्मेंद्र ने द्वारिका सिंह की हत्या की थी। इस पर पुलिस ने उसे हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया। उसके ऊपर गैंगस्टर भी लगा दिया था। भाई ने कहा वह हत्या के मामले में बारी हो चुका था। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मूंगफली बीज घोटाले करने वाले चेहरे हों बेनकाब: जितेंद्र सिंह सेंगर

**विधान परिषद में उच्चस्तरीय जांच की मांग**

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



महोबा का मूगफली बीज घोटाला में कार्यवाही की मांग उच्च शिखर तक पहुँच गई है उत्तर प्रदेश विधान परिषद मानसून सत्र में सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा नियम 115 के अंतर्गत महोबा जिले में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स के तहत मूंगफली बीज वितरण में कथित अनियमितताओं का मामला उठाया गया है। किसानों के शोषण एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई मनमानी की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। सदन का ध्यान आकृष्ट कराया कि जिले के कबरई, चरखारी, कुलपहाड़, जैतपुर और पनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लगभग 10 हजार किसानों को मूंगफली बीज वितरित किया जाना था। योजना के अनुसार वितरण एफपीओ और वैल्यू चेन पार्टनर के माध्यम से होना था, लेकिन कथित रूप से निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। यह भी अवगत कराया है कि मूंगफली का बीज शासन द्वारा माह अप्रैल में ही उपलब्ध होने के बावजूद वितरण 30 जून से शुरू किया गया, जब अधिकांश क्षेत्रों में बुवाई का उपयुक्त समय लगभग समाप्त हो चुका था। अवगत कराया कि कई किसानों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर रिकॉर्ड में मूंगफली बीज दर्शाया गया, जबकि उन्हें वास्तविकता में उड़द या तिल का बीज दिया गया। साथ ही कुछ किसानों से रु.1500 से रु.3000 तक अवैध वसूली की शिकायत भी संज्ञान में आई है। सदन के माध्यम से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, पांचों भंडारण केंद्रों के स्टॉक, वितरण अभिलेख, ई-पॉस मशीन का डेटा और लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो और किसानों का विश्वास कायम रहे।उक्त प्रकरण को विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह जी द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु सरकार को निर्देशित किया।

## टैक्टर ने मारी बाइक में टक्कर एक की मौत, 2 गम्भीर



**पनवाड़ी,(महोबा)।** जिले के पनवाड़ी थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार टैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को जोर दार टक्कर मार दी जिससे 1 कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 लोग गम्भीर रूप से घायल घायलों को पुलिस द्वारा पनवाड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय भेजा गया है पुलिस में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पनवाड़ी थाना के भरवारा अर्जुन सहायक नहर के पास पेट्रोल पम्प के पास सोमवार की देर रात एक एक तेज रफ्तार टैक्टर ने सामने से आरही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक में चला रहे गयादीन अहिरवार 40 वर्ष पुत्र मोतीलाल निवासी नटर्रा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजू शाह और शेरू शाह निवासी नटर्रा गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही डायल–112 पुलिस और डायल–108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक की सीधी टक्कर एक ट्रैक्टर से हुई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे।घटना को अंजाम देने के बाद टैक्टर मौके से फरार हो गया है। घायल राजू शाह ने बताया कि वे तीनों गयादीन की बाइक से कुलपहाड़ में उसकी बेटी के घर मछली लेने जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतक गयादीन के परिवार में हादसे की खबर से शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# 10 से 14 अगस्त तक पूरे जिले में निकाली जाएंगी तिरंगा यात्राएं: राम किशोर

**भाजपा कार्यकर्त्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां**

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को एलडी सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर शाहू रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर शाहू ने बताया कि जिला कार्यशाला के बाद 6 अगस्त को जनपद के सभी 19 मंडलों में मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके बाद 10 अगस्त से 14 अगस्त तक पूरे जनपद में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रत्येक तिरंगा यात्रा 1 से 2 किलोमीटर की होगी और हर मंडल में 10 से 12 अगस्त के बीच यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों और ऐतिहासिक स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर सभी वर्गों की सहभागिता से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 15 अगस्त को हर घर और प्रत्येक प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। जिला प्रभारी अशोक जाटव ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि तिरंगा फहराते हुए फोटो और सेल्फी ली जाएं और उन्हें नमो एप, सरल एप व संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर सोशल मीडिया पर साझा किया जाए। इससे अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। कार्यशाला में जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर, कार्यक्रम संयोजक नीरज दुबे नगर पालिका अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूने मकान के ताले तोड़ लाखों के जेवर चोरी

**महोबा।** शहर की ऑफिसर्स कॉलोनी के पास एक सूने मकान में लाखों रुपये की चोरी हो गई। यह घटना तब हुई जब परिवार कैंसर पीड़ित पति के इलाज के लिए कानपुर गया हुआ था। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली।ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी चंदलेंद्र उर्फ चंचल लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे हैं। उनका परिवार 2 अगस्त को इलाज के लिए कानपुर गया था।

मंगलवार को जब वे वापस लौटे, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और अंदर के सभी कमरों व अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने घर का सारा सामान बिखेर दिया था, बल्ब नीचे गिरे हुए थे और पूजा घर को भी खंगाला गया था। पीड़िता सरला देवी के अनुसार, चोर घर में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि साल 2018 में भी उनके घर में इसी तरह की चोरी हुई थी, जिसका आज तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। पति की गंभीर बीमारी और आर्थिक तंगी के कारण वे पहले मामले की पैरवी नहीं कर सकी थीं। इस बार की चोरी ने परिवार को और भी तोड़ दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़िता ने पुलिस से दोनों चोरियों का खुलासा करने और चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस अब इस हाई-सिक्योरिटी एरिया में हुई चोरी की जांच कर रही है।

# प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन राष्ट्रभक्ति की भावना से हो परिपूर्ण: मुख्य सचिव

**मुख्य सचिव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की**

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



मुख्य सचिव श्री एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय, भव्य तथा राष्ट्रभक्ति की भावना से परिपूर्ण वातावरण में किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर आजादी के अमृत महोत्सव तथा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए, जिससे नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ हो। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त, 2026 को विधान भवन के समक्ष माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा प्रदेशवासियों को संबोधित किया जाएगा। समारोह का व्यापक प्रचार-प्रसार दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए तथा दूरदर्शन, लखनऊ द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया जाए। प्रातः 09:00 बजे के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री के अभिभाषण का सूचना विभाग द्वारा वीडियो लिंक के माध्यम से प्रसारित किया जाए और एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित भी किया जाए। साथ ही सूचना विभाग द्वारा विकसित प्रदेश, विकसित नगर एवं विकसित गांव की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश विषय पर प्रदर्शनी लगाई जाए। इसके अतिरिक्त आजादी का अमृत महोत्सव, भारत का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश, माटी को नमन, वीरों का वंदन जैसी थीम पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन मनीष चौहान, मण्डलायुक्त लखनऊ श्री विजय विश्वास पंत, पुलिस कमिश्नर जिलाधिकारी लखनऊ विशाख सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# आज से 18 अगस्त तक होगा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण: जिला पूर्ति अधिकारी

**झांसी।** जिला पूर्ति अधिकारी, झाँसी ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को माह अगस्त 2026 का निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 05 अगस्त 2026 से 18 अगस्त 2026 तक उचित दर की दुकानों के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अनुसार अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूँ एवं 21 किलोग्राम चावल (कुल 35 किलोग्राम) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूँ एवं 3 किलोग्राम चावल (कुल 5 किलोग्राम) निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे लाभार्थी उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक किसी भी उचित दर की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्ची पर खाद्यान्न का मूल्य शून्य अंकित होगा, जिसे विक्रेता लाभार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी कोटेदारों को निर्देशित किया है कि खाद्यान्न वितरण प्रतिदिन प्रातः 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से सायं 06 बजे तक अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे दुकान के भीतर एवं बाहर निःशुल्क वितरण संबंधी सूचना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें।

## सूचना

मेरे इंटर मीडिएट वर्ष 2005 जिसका अनुक्रमांक 0495791 की प्रथम अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की कापी कहीं खो गयी है। मुझे द्वितीय अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र कापी की आवश्यकता है।

**अखलेश कुमार पुत्र शिवराम सिंह निवासी ग्राम हमीरपुर खेड़ा, पोस्ट राजेन्द्र नगर, जनपद फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मेरा बैग कहीं रास्ते में खो गया है। जिसमें मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 जिसका अनुक्रमांक 1247892 व इंटरमीडिएट वर्ष 2007 जिसका अनुक्रमांक 0693505 की अंकपत्र/प्रमाण पत्र व आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज रखे थे, जो वास्तव में कहीं खो गये है। मैंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की दूसरी प्रति वर्ष 2020 में ली थी, जो की अब वह भी खो गई है। अब मुझे तीसरी प्रति की आवश्यकता है। **विपिन कुमार पुत्र रामशरन सिंह निवासी, नदौरा, जिला फर्रुखाबाद**

## सूचना

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ में दुकान (Restaurant) आवंटन के लिए उपलब्ध हैं जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। Restaurant में सभी प्रकार के मेन्यू बनाने वह Get Together कराने की व्यवस्था होनी चाहिए। इस सन्दर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ के पते पर दिनांक 14 अगस्त 2026 से पहले सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर के मुख्य द्वार पर रखे हुए बीड बोक्स में डालें या रजिस्टर्ड डाक करें। 14 अगस्त 2026 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकान का आवंटन उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।

# विधायक पर महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

- महिला ने दिल्ली से वीडियो जारी कर लगाए आरोप
- हजरतगंज थाने में 10 विधायक ने दर्ज कराया था मुकदमा

जिले की राजनीति में ढाई दशक से सक्रिय पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक पर महिला ने वीडियो जारी कर गंभीर आरोप लगाए है। महिला द्वारा दुष्कर्म के प्रयास सहित मां बेटी पर तेजाब फेंकने के लिए ढूंढने सहित आरोपों की झड़ी लगा दी है। बता दे शहर विधायक व पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने बीते 10 जुलाई को लखनऊ के हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बेला सदा निवासी शशांक पांडेय व उनकी पत्नी सोनिया पांडेय उर्फ सोनी पाण्डेय ने वेयर हाउस निर्माण के नाम पर जालसाजी का आरोप लगाया। विधायक के अनुसार इन लोगो द्वारा पीएमओ में एक अधिकारी को अपना रिश्तेदार बता कर इनके साथ ठगी की।और कागजात केंद्रीय भंडारण निगम के लेटर हेड का इन्हें दिया वह फर्जी थी।जब इन लोगो से विधायक ने संपर्क करने का प्रयास किया तो इन लोगो ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।जिसके बाद विधायक ने 10 जुलाई को हजरतगंज कोतवाली में तहरीर देकर शशांक पांडेय व उनकी पत्नी के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था।उसी से बचने के लिए महिला द्वारा वीडियो जारी कर गलत आरोप लगाए जा रहे है। वही महिला द्वारा जारी वीडियो के अनुसार वह लखनऊ में विधायक विनोद सिंह की सोसाइटी में रहने वाली बता रही है।उसने गम्भीर आरोप लगाए है।



सत्ता के विधायक होने के कारण पुलिस द्वारा भी उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला के 11 मिनट के वायरल वीडियो में महिला द्वारा विधायक विनोद सिंह पर उनके गनर धनंजय यादव से बुलवाकर दुष्कर्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। हालांकि महिला द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि दुष्कर्म में विधायक को सफलता नहीं मिली और किसी तरह भाग कर उसने अपनी जान बचाई। महिला का आरोप है कि विधायक द्वारा मकसद में कामयाब न होने के बाद उसके पति के खिलाफ फ्राड का मुकदमा भी दर्ज करवा दिया गया है। और बार बार धमकी दी जा रही है उस पर व उसकी 10 वर्षीय बेटी पर तेजाब फेंकवाकर उसे मार दिया जाएगा। महिला के अनुसार विधायक व उनके गुर्गों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने उस अपार्टमेंट को छोड़कर गोमती नगर में मकान किराए पर लिया लेकिन फिर भी उसे लगातार धमकी दी जा रही है। जिससे बचने के लिए वह परिवार के साथ दिल्ली भाग गई है।यूपी पुलिस ,महिला आयोग पर भी महिला ने आरोप लगाए है कि उसकी शिकायत पर सत्ता के दबाव में कही कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# हर-हर महादेव के जयघोष संग कांवड़ियों का जत्था रवाना

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा चौराहे से सावन माह के अवसर पर सोमवार को 50 शिवभक्तों का कांवड़ जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। इस दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। रावानगी से पूर्व भाजपा नेत्री मनीषा पाण्डेय, उपजिलाधिकारी प्रभात सिंह, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह तथा पारा चौकी प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कांवड़ियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर मनीषा पाण्डेय ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था के साथ सामाजिक समरसता, सेवा और सनातन संस्कृति की परंपरा का भी प्रतीक है। वहीं एसडीएम प्रभात सिंह ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान अनुशासन, यातायात नियमों तथा प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।



## जनवारी नाथ धाम में संध्या आरती में शामिल भक्त गण

**कादीपुर, सुलतानपुर।** बार एसोसिएशन कादीपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को अपराह्न दो बजे बार एसोसिएशन परिसर में आयोजित होगा। समारोह में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीशों समेत न्यायपालिका और प्रशासन के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति (सुलतानपुर) आलोक माथुर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति चन्द्रधारी सिंह करेंगे, जबकि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## बारिश में भी श्रृंगार आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लम्भुआ (सुलतानपुर)।** सावन मास में बाबा जनवारी नाथ धाम, सैतापुर सराय में आयोजित 175वीं साप्ताहिक संध्याकालीन श्रृंगार आरती में सोमवार को बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तेज वर्षा के बीच भी हजारों शिवभक्त आरती में शामिल हुए और पूरे मंदिर परिसर में हर–हर महादेव व बम–बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। आरती के मुख्य यजमान सानिध्य राज सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का विधि–विधान से पूजन–अर्चन एवं महाआरती संपन्न कराई। मुख्य पुरोहित पं. रविशंकर शुक्ल तथा अन्य आचार्यों ने दूध, घी, मधु, शर्करा, फल सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से रुद्राभिषेक कराया। इस दौरान रुद्राष्टक का पाठ एवं शिव भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रृंगार आरती के दौरान भगवान भोलेनाथ का रजत मुकुट, बेलपत्र, पुष्प एवं आकर्षक श्रृंगार से अलंकृत स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

# अमीना अकादमी का शानदार प्रदर्शन, 15 पदक जीते

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप में अमीना ताइक्कांडो अकादमी, सुलतानपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन ने किया।

राज्य ताइक्कांडो चैंपियनशिप

जूनियर वर्ग में प्रियांशु तिवारी (78 किग्रा) और साक्षी (63 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतकर अक्टूबर में ओडिशा में होने वाली राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम में स्थान बनाया। वहीं सब-जूनियर वर्ग में यथार्थ मौर्य और सत्यांश आर. श्रीवास्तव ने अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। फ्रेशर वर्ग में विजेता वर्मा, शालिनी ओझा, अनन्या वर्मा, सारांश एस. निर्मल, विधान वर्मा, वैष्णवी चौरसिया, माही गौतम, अनवी और अलंकृता लाल ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं समीक्षा श्रीवास्तव, महक सोनी, शालिनी, विवाक्षत और हर्ष गौतम ने रजत पदक तथा वैभव चौरसिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अकादमी की मुख्य प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता अमीना बानो ने खिलाड़ियों की सफलता को नियमित अभ्यास, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सुलतानपुर और उत्तर




प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर अकादमी के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुधाकर सिंह, कोषाध्यक्ष एडवोकेट मदन सिंह, सदस्य श्रीमती कांति सिंह सहित खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# इसौली से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए निकला कांवड़ियों का जत्था

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली गांव से सोमवार को मूसलाधार बारिश के बावजूद सैकड़ों शिवभक्त बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुए। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के बीच निकले कांवड़ियों के जत्थे ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। यात्रा शुरू होने से पहले रामलीला मैदान में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद बीडीसी राधेश्याम अग्रहरि ने कांवड़ियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनकी सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। रूपेश ने गमछों का वितरण किया, जबकि सोनू सोनकर एवं रमेश ने श्रद्धालुओं के लिए लंच पैकेट की व्यवस्था की। कांवड़िये



मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन से देवघर के लिए रवाना हुए। वहां से वे सुल्तानगंज में उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल लेकर पैदल बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस अवसर पर रिंकू अग्रहरि, राजेश, अजय, बबलू अग्रहरि, राहुल, सचिन, श्रीराम, रत्नेश, शुभम, घनश्याम, आशीष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को जन-आंदोलन बनाएगी भाजपा

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 10 से 15 अगस्त तक जिलेभर में हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान चलाएगी। अभियान के तहत तिरंगा पदयात्रा, तिरंगा यात्रा, स्वच्छता अभियान, जनसंपर्क और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय स्थित पंडित दीनदयाल सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरि ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि घर-घर राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाना और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान को व्यापक बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए जिला एवं मंडल स्तर पर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

जिला मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरि के प्रथम जनपद आगमन पर सोनावा बॉर्डर से भाजपा जिला कार्यालय तक पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 10 से 12 अगस्त तक मंडलों में तिरंगा पदयात्राएं, 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े स्मारकों पर स्वच्छता अभियान, 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा, 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने के लिए जनसंपर्क अभियान तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गोष्ठी एवं मौन जुलूस आयोजित किया जाएगा।

# खबरें एक नजर में

## स्वर्ण पदक पाने वाली छात्रा को एनएसपीएस ने किया सम्मानित



**महराजगंज-रायबरेली।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में एम.कॉम. परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तीन स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाली एनएसपीएस सलेथू की पूर्व छात्रा पूर्णिका शुक्ला का मंगलवार को विद्यालय परिवार ने उनके आर्यनगर स्थित आवास पहुंचकर सम्मान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सिंह एवं उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने पूर्णिका एवं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को विद्यालय, क्षेत्र और जनपद के लिए गौरवपूर्ण बताया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 की मेधावी छात्रा पूर्णिका शुक्ला ने लखनऊ विश्वविद्यालय की एम.कॉम. परीक्षा में 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने 69वें दीक्षांत समारोह में उन्हें तीन स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्णिका शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय से प्राप्त मार्गदर्शन और सहयोग को दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अमावां-रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर सोमवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। चंदापुर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर बरेंदा गांव निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव उर्फपवन 38 वर्ष पुत्र शिवदयाल श्रीवास्तव सोमवार की शाम अपनी बाइक से घर लौट रहा था। तभी रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर महमूदपुर गांव के पास रोड से गुजरे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पवन की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में पवन की सड़क पर गिरकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में शामिल चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे अमावां चौकी इंचार्ज पंकज कुमार व पुलिस टीम ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया परिजनों से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की हत्या के मामले में पति, व सास-ससुर गिरफ्तार

**महराजगंज-रायबरेली।** विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिलने के मामले में पुलिस ने मृतका के चाचा की तहरीर पर पति व सास-ससुर समेत पांच के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद तत्परता दिखाते हुए दहेज हत्या मामले के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के मकरंद पुर मजरे जमुरावां गांव में बीते रविवार को विवाहिता मनीषा 25 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिलने के मामले में पुलिस ने बीते 3 अगस्त को मृतका के चाचा संत प्रसाद यादव निवासी पूरे देवरी मजरे ओया, थाना चंदापुर की तहरीर के आधार पर मकरन्दपुर मझरे जमुरावां गांव निवासी मृतका के पति, सास-ससुर समेत 5 ससुरालीजनों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नैया नाला सधई का पुरवा के पास से मुकदमे में वांछित 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## करेंटी गंगा पुल के पिलर पर मिला युवती का शव

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापगढ़ और कौशांबी जनपद को जोड़ने वाले करेंटी गंगा पुल के पिलर पर मंगलवार दोपहर एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवती ;उम्र लगभग 25 से 28 वर्षद्ध ने पुल से छलांग लगाई थीए लेकिन नदी में गिरने के बजाय वह पिलर पर जा गिरीए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल से पुलिस को युवती की एक जोड़ी चप्पल भी बरामद हुई है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाव के सहारे काफी मशक्कत के बाद शव को पिलर से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। थाना प्रभारी पंकज कुमार राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट से मिलान कर युवती की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

# बाथरूम की दीवार गिरने से छह वर्षीय बालक की मौत

समृद्धि न्यूज,डीह-रायबरेली।

थाना क्षेत्र में बारिश की वजह से बाथरूम की पक्की दीवार गिरने से सड़क से जा रहे एक छः वर्षीय छात्र की दब कर मौत हो जाने से गांव में शोक की लहर चौड़ गई। अहल गांव निवासी विमलेश कुमार का बड़ा बेटा विवांश 6 वर्ष अपने घर जा रहा था तभी सड़क के किनारे बनी रोहित कुमार पुत्र राम उजेर के बाथरूम की पक्की दीवार भरभरा कर उसके ऊपर गिर जाने से उसके नीचे दब गया जानकारी होने पर पास पड़ोस व परिजन दीवार के नीचे दबे बच्चे को निकालकर इलाज के लिए सीएचसी डीह ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।बच्चे की मौत की



खबर मिलते ही पिता विमलेश मां सीबू व परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है वहीं गांव भी शोक में डूब गया मृतक विवांश के बाबा हरि प्रकाश गांव के कोटेदार है उन्होंने बताया कि मेरे बेटे विमलेश कुमार का बड़ा बेटा विवांश था एक दस माह का छोटा बेटा दिवांश है विवांश गांव के स्टूडेंट पब्लिक स्कूल में केजी में पढ़ता था जो दीवार गिरी है वह पहले से झुकी थी जिसे कई बार दीवार मालिक रोहित से कहा कि इसे गिरा दो नहीं जिस दिन गिरेगी तो कोई भी हादसे का शिकार हो जाएगा।

## तीन महीने बाद लिखा गया चोरी का मुकदमा

**महराजगंज-रायबरेली।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित कुबना गांव के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर डिजिटल शिक्षण उपकरण चोरी कर लिए था जिस पर तीन महीने बाद घटना की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापिका पूजा सिंह द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 13 अप्रैल को विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और स्मार्ट बोर्ड (टीवी पैनल), एक मॉनिटर, एक यूएसबी वेब कैमरा तथा चार ब्लूटूथ हेडसेट चोरी कर ले गए। अगले दिन 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यालय पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। घटना के बाद विद्यालय स्तर पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन चोरी गए उपकरणों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद प्रधानाध्यापिका ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# शादी का झांसा देकर बनाया अश्लील वीडियो कर रहा ब्लैकमेल

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

जिले के पट्टी कोतवाली क्षेत्र में धोखाधड़ी और यौन शोषण का एक गंभीर मामला सामने आया है। बस्ती जिले की रहने वाली पीड़ित युवती ने पट्टी कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बहुता गांव निवासी एक युवक और उसके परिजनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार वह गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक कंपनी में नौकरी करती थी जहां प्रतापगढ़ के बहुता गांव निवासी युवक का आना-जाना था। आरोप है कि युवक ने अपनी वास्तविक पहचान और धर्म छिपाकर खुद को खेसारी लाल बताया और उससे नजदीकियां बढ़ा लीं। इसके बाद आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और धोखे से अश्लील वीडियो भी बना लिया। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने इनकार कर दिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। शादी की बात आगे बढ़ने पर जब युवती को युवक के असली नाम धर्म और पते की जानकारी हुई तो आरोपी ने सोमवार को उसे बहुता गांव बुलाया लेकिन वहां पहुंचते ही अपना मोबाइल बंद कर लिया। पीड़ित युवती ने आरोपी के पिता और परिजनों पर भी उसका साथ देने का आरोप लगाया है। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे पट्टी कोतवाली पहुंची पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# शराब की दुकानों पर चल रहा ओवर रेटिंग का खेल

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

- काली कमाई का हिस्सेदार बन रहा आबकारी विभाग

जिले में शासन के लाख प्रयास के बावजूद शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग का खेल चल रहा है।आबकारी विभागकार्यवाही की जगह खुलेआम लूट में शामिल हो चुका है। यही कारण है कि पियक्कड़ों की जेब पर इसका सीधा असर पड़ रहा है वहीं विभाग और ठेकेदार मलाई काट रहे हैं।

पूरे जनपद भर में देशी शराब की 251 दुकानें हैं जबकि विदेशी कम्पोजिट दुकानों की संख्या 111 है समृद्धि न्यूज के पड़ताल में पता चला कि देशी शराब का एक पौवा 80 रुपये के प्रिंट पर मदिरा शौकीनों को 5 से दस रूपये अधिक देना पड़ रहा है देशी शराब की शहर से लेकर गांव तक सभी दुकानों पर खुलेआम ओवर रेटिंग चल रही है वहीं शहर को छोड़कर कंपोजिट विदेशी मदिरा की दुकानों में कुछ स्थानों पर ओवर रेटिंग सामने आई है । नाम न छापने की शर्त पर देशी शराब की दुकान के एक सेल्समैन ने यह तक बताया कि हर पाऊआ पर तीन रूपये विभाग को जाता है दो रुपए ठेकेदार लेता है । यह सिलसिला लंबे अरसे से चल रहा है।

## छात्रवृत्ति कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : सीडीओ

**प्रतापगढ़।** तुलसी सदन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ राममोहन मीना की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि छात्रवृत्ति कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों को शासन की समय.सारिणी के अनुसार आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्वदशम और कक्षा 11.12 के लिए 5 अगस्त तथा अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के लिए 15 अगस्त तक प्रोफाइल व मास्टर डाटा लॉक करना अनिवार्य है। सीडीओ ने निर्देश दिया कि विद्यालय स्तर पर जांच के बाद आवेदनों को समय से अग्रसारित किया जाए और कोई भी डाटा लंबित न रहे। पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं को तत्काल हल करने के भी निर्देश दिए गए।

# मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम पर कमीशनबाजी का आरोप

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

खंड विकास शिवगढ़ की ग्राम पंचायत खरहर में प्रशासनिक भ्रष्टाचार और संवेदनशीलता की बलि चढ़ती व्यवस्था का बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है जहां अपनों को खोने के गम में डूबे एक गरीब परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने के बदले सरेआम पैसों की उगाही का गंभीर आरोप लगा है। ग्राम सभा खरहर निवासी मणीन्द्र यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके भाई सचिन यादव की असामयिक मृत्यु के बाद जब वे सरकारी अभिलेखों में नाम दर्ज कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर की नकल के लिए पहुंचेए तो पंचायत सहायक आकांक्षा सरोज द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र के एवज में 400 तथा परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कर नकल देने के नाम पर 50 की अतिरिक्त अवैध मांग की गई। शिकायतकर्ता का सीधा आरोप है कि इस अवैध वसूली में केवल पंचायत सहायक ही नही बल्कि पंचायत सचिव सुनील कुमार भी बराबर के भागीदार हैं और सचिव स्वयं इस गैर.कानूनी लेन-देन को हरी झंडी दिखाते हुए पैसे जमा कराने की बात कह रहे हैंए जिसकी पुख्ता ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। इस घटना से पूरे ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## 1.130 किग्रा गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत देल्हूपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी राधेश्याम के नेतृत्व में उप-निरीक्षक शिवा प्रजापति विनीत कुमार, हेड कांस्टेबल अरुण राय और कांस्टेबल विनय कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पूरे नियादर स्थित कृष्णा ढाबा के बरामदे से 1.130 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ अभियुक्त नौसाद ;32 पुत्र खलील अहमद निवासी सहेरूआ विश्वनाथगंज को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफथाना देल्हूपुर में मु.अ.सं. 123/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़ा गया अभियुक्त आपराधिक प्रवृत्ति का है जिस पर पूर्व में भी महिला थाना और थाना देल्हूपुर में मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ अमेठी की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

समृद्धि न्यूज, अमेठी।





प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस संघ) उत्तर प्रदेश की अमेठी जिला शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध संपन्न हो गया। संघ के निर्देशानुसार 01 अगस्त को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई, जबकि 04 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की गई। प्रत्येक पद के लिए केवल एक-एक वैध नामांकन पत्र मिलने पर निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। निर्वाचित पदाधिकारियों में डॉ. प्रदीप तिवारी अध्यक्ष, डॉ. राजीव सौरस सचिव, डॉ. संध्या सिंह चौहान उपाध्यक्ष (महिला), डॉ. अश्विनी कुमार उपाध्यक्ष (सामान्य), डॉ. शैलेश कुमार गुप्ता वित्त सचिव तथा डॉ. पीताम्बर रजक संपादक चुने गए। वहीं डॉ. आलोक मिश्र को केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि नई कार्यकारिणी चिकित्सकों के हितों के संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी संचालन तथा जनपद में चिकित्सकीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुई।

पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# अंकित हत्याकांड के पकड़े गए सभी नामजद आरोपी

समृद्धि न्यूज गौरीगंज,अमेठी।

पूरे बान सिंह गांव में हुए अंकित कश्यप हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुकई यादव को पुलिस ने मंगलवार को टिकरिया के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिस पर जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद होने का दावा किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के



साथ ही मामले में नामजद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि मामले की विवेचना जारी है। गौरतलब है कि सोमवार रात हुई अंकित कश्यप की हत्या के मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर सुकई यादव समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर वर्ष 2023 में हुए अंतरजातीय प्रेम विवाह को लेकर दोनों पक्षों के बीच चली आ रही रंजिश को घटना का कारण माना जा रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।


## आकाशीय बिजली से बचाव के लिए सतर्क रहें, दामिनी ऐप का करें प्रयोग: एडीएम

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति सिंह ने बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जनपदवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बादलों की गर्जना और बिजली चमकने के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा कच्चे और जर्जर मकानों में रहने से बचें। मौसम खराब होने पर लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण लें और पेड़ों के नीचे खड़े न हों। एडीएम ने बताया कि बारिश के समय विद्युत पोल, खुले तारों और अन्य विद्युत उपकरणों से दूरी बनाए रखें। मौसम संबंधी जानकारी के लिए टीवी, रेडियो और अन्य आधिकारिक माध्यमों का नियमित उपयोग करें। उन्होंने नागरिकों से भारत मौसम विज्ञान विभाग के दामिनी ऐप का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह ऐप आकाशीय बिजली गिरने की संभावित घटना की जानकारी पहले ही उपलब्ध कराता है।

# जलनिकासी व्यवस्था की खुली पोल, बारिश में डूबा अमेठी

समृद्धि न्यूज,अमेठी।

मंगलवार को हुई तेज बारिश ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। ककवा रोड, एसडीएम कॉलोनी, वन विभाग परिसर और रामलीला मैदान, तहसील परिसर समेत कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद रग्घा का पुरवा गांव की गलियां और संपर्क मार्ग पानी में डूब गए। कई घरों के आसपास पानी भर जाने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। ग्रामीणों को घुटनों तक पानी में होकर आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ा,



जबकि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बरसात से पहले नालियों की समुचित सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई। उनका कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने प्रशासन से जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक राहत पहुंचाने की मांग की है।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के निर्देश



**9 से 17 अगस्त तक होंगे राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम**

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस तथा 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए। सभी विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति आधारित कार्यक्रम, प्रभात फेरी, निबंध, भाषण व सांस्कृतिक आयोजन कराने तथा छात्रों को ऑनलाइन क्विज में शामिल करने को कहा। प्रत्येक घर, कार्यालय व सार्वजनिक स्थल पर तिरंगा फहराने, वंदे मातरम् का सामूहिक गायन, तिरंगा यात्राएं, सेल्फी प्वाइंट, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और समय से राष्ट्रीय ध्वज वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## सरकारी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा मानकों में नहीं चलेगी लापरवाही




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिले के सरकारी अस्पतालों की फायर एनओसी और अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज तिर्वा, संयुक्त जिला चिकित्सालय, 100 शैय्या अस्पताल छिबरामऊ, सीएचसी और पीएचसी समेत सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अग्निशमन व्यवस्थाएं तय समय में पूरी की जाएं। डीएम ने टेरेस टैंक, फायर पंप, हाइड्रेंट, स्प्रिंकलर, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म, अग्निशामक यंत्र, आपात निकास मार्ग और विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल संवेदनशील संस्थान हैं और मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अग्नि सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीएमओ डॉ. विकास चंद्र, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकीमुल हक समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

**कन्नौज।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विवेकानंद यूथ अवॉर्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह राज्य स्तरीय सम्मान 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं को दिया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय विकास, समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। खेल, वृक्षारोपण, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, स्वच्छता, जैविक खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, साहित्य, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता और सामुदायिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा आवेदन कर सकते हैं। चयन 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2025 के बीच किए गए कार्यों के आधार पर होगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं दिशा-निर्देश विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या एफ-05 से प्राप्त कर सकते हैं।

# नीट यूजी टॉपर प्रसंग सिंह को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

नगर के मोहल्ला भैनपुरा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की जिला मंत्री अरुणा शाक्य ने नीट यूजी परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले प्रसंग सिंह को माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाया तथा प्रतीक चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अरुणा शाक्य ने प्रसंग सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रसंग जैसे मेधावी छात्र न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं। युवाओं को शिक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग कठिन



जरूर है, लेकिन निरंतर प्रयास से ही मंजिल मिलती है। कार्यक्रम में विख्यात कवयित्री दीपमाला शाक्य 'दीप' ने अपनी कविता सुनाकर प्रसंग सिंह का उत्साह बढ़ाया। भारतीय सेना में कार्यरत अजय सिंह शाक्य एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय असालताबाद की शिक्षिका अनीता देवी के पुत्र प्रसंग सिंह ने 2022 में नगर के प्रतिष्ठित सेंट पौल स्कूल से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया था। इसके बाद कोटा में कोचिंग लेकर नीट यूजी में 5782 रैंक प्राप्त की। इस अवसर पर अनिल कुमार शाक्य, संगीता देवी, रवि कुमारी राठौर, आलोक शाक्य, शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट, मंजू शाक्य, अनुराग शाक्य, उषा उपाध्याय, सर्वेश कुमार शाक्य, नीलम पाल, विनोद पाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जनता के बीच रखा रिपोर्ट कार्ड

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

विधायक अर्चना पाण्डेय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए जनता के बीच अपने विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह वेबसाइट जनसेवा और जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनसुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**विधायक ने लांच की आधिकारिक वेबसाइट**

उन्होंने कहा इस वेबसाइट के माध्यम से क्षेत्र की जनता को विधायक के जनसेवा कार्यों, विकास परियोजनाओं, उपलब्धियों, जनसमस्याओं के समाधान तथा विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध होगी। वेबसाइट लॉन्च के अवसर पर विधायक अर्चना पाण्डेय ने कहा डिजिटल युग में जनता से सीधा संवाद और पारदर्शी जनसेवा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस वेबसाइट का उद्देश्य छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक विकास कार्यों और जनकल्याण से जुड़ी जानकारी को सरल, तेज़ और प्रभावी तरीके से पहुँचाना है।

उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रवासी अपनी समस्याएँ, सुझाव और आवश्यक जानकारियाँ भी डिजिटल माध्यम से साझा कर सकेंगे, जिससे जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद और अधिक सशक्त एवं सहज होगा। उन्होंने कहा कि छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनसेवा को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक की इस डिजिटल पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह वेबसाइट सेवा, विकास और जनविश्वास के संकल्प को नई गति देगी तथा जनता और जनप्रतिनिधि के बीच पारदर्शिता एवं सहभागिता को और मजबूत बनाएगी।

# तहसील मुख्यालय पर डाकघर, एटीएम व बैंक शाखा खोलने की मांग

**बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**समृद्धि न्यूज छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन ने तहसील मुख्यालय पर जनसुविधाएं बढ़ाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील परिसर में न्यायालयों और विभिन्न सरकारी कार्यालयों के संचालन के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिवक्ता, वादकारी और आम नागरिक आते हैं, लेकिन डाकघर, एटीएम और बैंक शाखा जैसी आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। पूर्व में संचालित उपकोषागार को भी दोबारा शुरू करने की मांग की गई, ताकि स्टाम्प और कोर्ट फीस टिकट उपलब्ध कराने में होने वाली दिक्कत दूर हो सके। बार एसोसिएशन का कहना है कि इन सुविधाओं के शुरू होने से न्यायिक कार्यों में तेजी आएगी और लोगों का समय व धन दोनों बचेंगे। ज्ञापन पर अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा सहित कई पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष अंजू पटेल तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# सूखे पौधों की जगह लग रहे नए पौध: डीएफओ

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

जिले में वृक्षारोपण अभियान के बाद अब पौधों के संरक्षण और उनकी जीवितता बढ़ाने पर वन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। जिला वन अधिकारी हेमंत सेठ ने बताया कि इस वर्ष लगाए गए जिन पौधों के सूखने, मुरझाने या टेढ़े-मेढ़े होने की जानकारी मिली है, वहां नए पौधे लगाए जा रहे हैं। वहीं, पिछले वर्ष के वृक्षारोपण में जहां पौधे तैयार नहीं हो सके थे, उन स्थानों पर भी दोबारा पौधरोपण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विभाग के पास उपलब्ध बीजों से नर्सरियों में नए पौधे तैयार किए जा रहे हैं। एक पौधे को रोपण योग्य बनने में लगभग एक वर्ष का समय लगता है, इसलिए अगले वर्ष के अभियान की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। डीएफओ ने बताया कि पौधों के रखरखाव के



लिए विभाग को एक वर्ष तीन माह तक का बजट मिलता है, जो पर्याप्त नहीं है। इसके बावजूद विभाग अपने संसाधनों से पौधों की नियमित देखभाल कर रहा है। जहां जलभराव, मिट्टी कटान या अन्य कारणों से पौधे खराब हो जाते हैं, वहां मिट्टी भराई कर पौधों को सुरक्षित किया जा रहा है और आवश्यकता पड़ने पर नए पौधे लगाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि पौधों की बेहतर देखभाल से ही वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य सफल होगा।ले के सरकारी अस्पतालों की फायर एनओसी और अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज तिर्वा, संयुक्त जिला चिकित्सालय, 100 शैय्या अस्पताल छिबरामऊ, सीएचसी और पीएचसी समेत सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अग्निशमन व्यवस्थाएं तय समय में पूरी की जाएं। डीएम ने टेरेस टैंक, फायर पंप, हाइड्रेंट, स्प्रिंकलर, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म, अग्निशामक यंत्र, आपात निकास मार्ग और विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल संवेदनशील संस्थान हैं और मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अग्नि सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीएमओ डॉ. विकास चंद्र, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकीमुल हक समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त



**तिर्वा/कन्नौज।** उमस भरी चिपचिपाती गर्मी से जूझ रहे जनमानस को जहां बीती रात तेज आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट के साथ शुरू हुई बारिश ने कुछ हद तक राहत दी, वहीं आकाशीय बिजली की चपेट में विद्युत ट्रांसफार्मर आने से क्षतिग्रस्त हो गया। रात 12 बजे के करीब बाधित हुई बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार की सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात 12 बाजे के करीब मौसम बदला और आकाशीय बिजली कड़कने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। सुबह ट्रायल के दौरान भी आपूर्ति शुरू नहीं हुई। आखिर नगर पंचायत से ट्राली की व्यवस्था करवाकर अस्थाई ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई।

### वायरल वीडियो में कक्षा में सोते दिखे प्रधानाध्यापक

**कन्नौज।** उमर्दा ब्लॉक के सिकरोरी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कक्षा के भीतर प्रधानाध्यापक कुर्सी पर सोते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि बच्चे मोबाइल पर वीडियो देखते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद सरकारी विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो किसी छात्र के अभिभावक ने बनाया और बाद में सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वीडियो में बच्चे पढ़ाई करने के बजाय मोबाइल पर वीडियो देखते दिखाई दे रहे हैं, जबकि प्रधानाध्यापक कुर्सी पर सोते नजर आते हैं। समाचार लिखे जाने तक शिक्षा विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

### नींद की झपकी से डिवाइडर से टकराई बाइक, दंपति गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरूसहायगंज थाना क्षेत्र के तेरा जैकेट पेट्रोल पंप के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार ग्राम छज्जापुर निवासी चंद्रपाल अपनी पत्नी रीता के साथ सोरों से कांवड़ भरकर फिरोजाबाद जलाभिषेक करने गए थे। यात्रा पूरी कर घर लौटने के बाद उन्हें रीता की मौसी के निधन की सूचना मिली। इसके बाद दोनों गुरसहायगंज क्षेत्र के नौरंगपुर गांव अंतिम दर्शन और शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। वहां से वापस लौटते समय अत्यधिक थकान और नींद की झपकी आने से चंद्रपाल का बाइक से संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में चिंता और शोक का माहौल है।

### प्रधानाध्यापक पर अभद्रता व जातिसूचक टिप्पणी का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर के प्रधानाध्यापक के खिलाफ एक महिला की शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम जाफराबाद निवासी महिला का आरोप है कि उसकी बेटियां विद्यालय में पढ़ती हैं। 13 जुलाई को वह पढ़ाई और मिड-डे मील की जानकारी लेने विद्यालय पहुंची थी। इसी दौरान प्रधानाध्यापक ने कथित रूप से उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, जातिसूचक एवं अपमानजनक टिप्पणियां कीं तथा पर्स छीनने का भी प्रयास किया। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर संख्या 0328 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुरेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मातमी धुनों के बीच निकला चेहल्लुम का जुलूस

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

चेहल्लुम के अवसर पर नगर में गमगीन माहौल के बीच मातमी धुनों के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंद जुलूस में शामिल हुए और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातम किया। जुलूस अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित भोंदू शाह बाबा की दरगाह पहुंचा, जहां अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ी और दुआ मांगी। इसके बाद जुलूस वापस कर्बला पहुंचा, यहां धार्मिक परंपरा के अनुसार क्षतिग्रस्त ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।



जुलूस के दौरान लगातार बारिश होती रही, लेकिन खराब मौसम भी अकीदतमंदों का जोश कम नहीं हुआ। हालांकि तेज बारिश के कारण कई ताजिए काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बावजूद श्रद्धालुओं ने पूरे अनुशासन और धार्मिक आस्था के साथ रस्में अदा कीं। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद रहे।


# एआई से भूमि मानचित्रण को बनाया जाएगा अधिक सटीक

**नगर की बिटिया पावनी का शोध पत्र आईसीएमएल में प्रकाशित**

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

नगर की बिटिया पावनी सक्सेना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध पत्र प्रतिष्ठित मशीन लर्निंग कॉन्फ्रेंस (आईसीएमएल) 2026 के ग्लोबल साउथ एमएल वर्कशॉप में प्रकाशित हुआ। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ड्रोन तकनीक में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे एआई का उपयोग करके भूमि मानचित्रण को अधिक सटीक बनाया जा सकता है।

दिल्ली में कार्यरत राहुल सक्सेना (उर्फ प्रदीप सक्सेना) की पुत्री पावनी के बाबा वरिष्ठ अधिवक्ता



सुधीर सक्सेना नगर में लंबे समय से विधि क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पावनी का शोध ड्रोन आधारित भूमि मानचित्रण को सटीक व विश्वसनीय बनाने पर केंद्रित है। वर्तमान में एआई ड्रोन तस्वीरों में बिजली के पोल, ट्रांसफॉर्मर व भूमि सीमाओं जैसी छोटी संरचनाओं को पहचानने में विफल रहता है। इससे डिजिटल मानचित्रण में त्रुटियां आती हैं। पावनी और उनकी टीम ने तीन चरणों वाली उन्नत एआई प्रणाली विकसित की है। यह प्रणाली भवनों, सड़कों, भूमि सीमाओं, बिजली के खंभों और ट्रांसफॉर्मरों की पहचान करती है। इसके बाद सटीक डिजिटल मानचित्र तैयार करती है। यह तकनीक सरकार को डिजिटल भूमि अभिलेख तैयार करने में सहायक होगी। इससे भूमि सर्वेक्षण तेज व सटीक बनेगा। शहरी व ग्रामीण योजना में भी सहायक होगी।

पावनी ने बताया कि उनके शोध का उद्देश्य एआई से भूमि मानचित्रण को अधिक विश्वसनीय बनाना है। पावनी कि इस उपलब्धि पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, प्रणव सक्सेना एडवोकेट, रोहित सक्सेना एडवोकेट, सीसीए के चेयरमैन प्रदीप प्रधान, जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर हिमांशु सक्सेना आदि ने बधाई दी है।

## 5 अगस्त को न.प. पहुंचेगी भाकियू भानु

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने 5 अगस्त को सुबह 10 बजे नगर पालिका परिषद छिबरामऊ पहुंचकर नगर की विभिन्न समस्याओं पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगने की घोषणा की है। संगठन का कहना है कि लगातार बारिश से व्यापारी जलभराव के कारण भारी नुकसान झेल रहे हैं, जबकि नगरवासी आए दिन जाम की समस्या से परेशान हैं। स्कूल वाहनों के जाम में फंसने से बच्चों को घंटों वाहन में रहना पड़ता है, जिससे गर्मी के मौसम में उनके बीमार होने का खतरा बना रहता है। संगठन ने आरोप लगाया कि नगर में पानी की आपूर्ति के समय बिजली नहीं रहती, जिससे कई घरों में पानी नहीं भर पाता और हैंडपंप भी पर्याप्त नहीं हैं। साथ ही नगर पालिका की लाइब्रेरी वर्षों से बंद पड़ी है, जबकि उस पर खर्च किया जा रहा है। संगठन ने कई अधूरे और असफल परियोजनाओं पर भी सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों से जवाब मांगने की बात कही है।

# दीक्षित नेत्र चिकित्सालय का पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।**

दीक्षित नेत्र चिकित्सालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 201 फलदार पौधों का रोपण किया गया, जिनमें मुख्य रूप से आम, अमरूद, जामुन सहित अन्य उपयोगी एवं पर्यावरण हितैषी पौधे शामिल रहे।

**201 फलदार पौधे लगाए गए**




कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर दीक्षित ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में ब्रह्मेन्द्र मिश शर्मा, श्याम सिंह, अतुल गुप्ता, ललित मोहन, सिद्धार्थ गुप्ता, रोहित मिश्रा, मयंक सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सहयोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ किया गया।

## एक्सप्रेसवे पर भूसी लदा कंटेनर पलटा, चालक की मौत

**तालग्राम/कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार दोपहर करीब दो बजे थाना तालग्राम क्षेत्र में किलोमीटर 167 के पास भूसी से लदा कंटेनर पलट गया। पुलिस के अनुसार, हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र के गोरी गांव निवासी चालक सलमान (40) आगरा की ओर जा रहे थे। उनके साथ हेल्पर अनुज कुमार भी मौजूद था। रास्ते में कंटेनर की कमानी टूटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक सलमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हेल्पर अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालग्राम पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। घायल हेल्पर का उपचार जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक रंजना पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आजाद समाज पार्टी ने सात अगस्त को लखनऊ में विशाल प्रदर्शन का किया ऐलान



**गुरसहायगंज कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी काशीराम के जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार गौतम ने कहा कि पार्टी 7 अगस्त मंडल दिवस के अवसर पर लखनऊ के इको गार्डन से मंडल चेतना जन आंदोलन की शुरुआत करेगी। जिला अध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि यह आंदोलन मंडल आयोग की सभी सिफारिशों को लागू कराने, पिछड़े वर्गों को राजनीतिक आरक्षण दिलाने तथा सामाजिक न्याय और समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग को लेकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम जी के विचारों पर चलते हुए पार्टी वंचितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ेगी। प्रभात गौतम ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मंडल कमीशन की बाकी सिफारिशें लागू करो, वरना कुर्सी खाली करो। उन्होंने कहा कि जब तक सामाजिक न्याय और समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष ने कन्नौज जिले के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे 7 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आंदोलन को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, आरक्षण और समान अवसर ही असली लोकतंत्र की पहचान हैं।

# देश बचाने के लिए अपनाएं अपनी संस्कृति : स्वदेश जी महाराज



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

ग्राम धीरपुर में आयोजित भव्य समारोह में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूज्य आचार्य स्वदेश जी महाराज, प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश एवं कुलपति गुरुकुल विश्वविद्यालय वृन्दावन ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश को बचाने के लिए हमें अपनी संस्कृति को अपनाना होगा। आचार्य स्वदेश जी ने योगाचार्य सत्यराम यादव को पतंजलि योगपीठ के लिए जीवन समर्पित करने पर विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों को माल्यार्पण व शाल भेंटकर सम्मानित करने पर कहा कि यह परंपरा जारी रहनी चाहिए। परंपराओं को न अपनाने के कारण ही देश की स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने सभी से धर्म पथ पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि पहले स्वयं को शुद्ध व पवित्र बनाएं, फिर देश और समाज की बात करें। जातिवाद, वर्गवाद और प्रांतवाद पर करारा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे विचारों वाला व्यक्ति देशभक्त नहीं हो सकता। इसी वजह से लाखों भाई मुसलमान या ईसाई बन गए। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य योगाचार्य सत्यराम यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को भोजन की तरह योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योग से किसी भी बीमारी का सामना नहीं करना पड़ता और निरोग रहा जा सकता है। समारोह से पहले साधकों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ किया। आचार्य स्वदेश जी महाराज ने शिलापट का अनावरण कर ग्राम धीरपुर स्थित पतंजलि लघु आश्रम का उद्घाटन भी किया।

# नशा मुक्ति प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में मंगलवार को कन्नौज पब्लिक स्कूल में नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के तहत आठ जनपदीय प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का नशे से दूर रहना जरूरी है। प्रतियोगिताओं में लोकगीत, लोकनृत्य, चित्रकला, भाषण, स्लोगन लेखन, कविता पाठ, रील और नुक्कड़ नाटक शामिल रहे। जिलेभर के विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने



उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली और विजेताओं को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ का धरना 7 को

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।**

शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ, उप्र आदर्श शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले 7 अगस्त 2026 को लखनऊ में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकार शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा सहित 8 सूत्रीय मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। अब कर्मचारियों के पास सड़क पर उतरकर अपने हक की लड़ाई लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त का धरना सरकार को जगाने के लिए होगा। प्रदेश महासचिव



अवधेश मिश्रा ने कहा कि यदि सरकार ने वार्ता के माध्यम से हमारी मांगों का समाधान नहीं किया तो यह आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने सभी जिलों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालयों की रीढ़ हैं। उनके बिना शिक्षा व्यवस्था नहीं चल सकती। फिर भी सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। अब समय आ गया है कि एकजुट होकर अपने अधिकार लिए जाएं।

प्रदेश के कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार ने कहा कि संगठित होकर संघर्ष करेंगे, अपने अधिकार को प्राप्त करेंगे÷ के संकल्प के साथ प्रदेशभर के कर्मचारी 7 अगस्त को कार्यालय महानिदेशक स्कूल शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ में प्रातः 11:00 बजे एकत्र होंगे। महासंघ ने सभी प्रदेशीय, मण्डलीय व जनपदीय पदाधिकारियों एवं शिक्षणेत्तर बंधुओं से अवकाश लेकर धरने में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम शांतिपूर्वक विशाल धरना-प्रदर्शन के रूप में आयोजित होगा।

# घायलावस्था में मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

**परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर किया हंगामा**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

हाइवे पर गंभीर अवस्था में मिले कादरीगेट थाना क्षेत्र के मसेनी गांव निवासी सोनू शर्मा उर्फ बिलइया की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान परिजनों ने रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र के मसेनी गांव निवासी 40 वर्षीय सोनू शर्मा उर्फ बिलइया रविवार देर रात हाईवे स्थित चौराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले थे। जानकारी मिलने पर भाई मौके पर पहुंचा और उसे तत्काल डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए थे, लेकिन वहां भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और स्थिति बिगड़ती चली गई। मंगलवार सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन सोनू को दोबारा लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान परिजनों का गुस्सा फूट गया और लोहिया अस्पताल परिसर में ही परिजन और ग्रामीण इकट्ठा हो गए और रंजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।


रोते बिलखते परिजन

मृतक के भाई और अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि सोनू की किसी हादसे में नहीं, बल्कि दुश्मनों ने रंजिश के तहत हत्या की है। परिजनों ने इस पूरे मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए और पुलिस की मिलीभगत होने की बात कही। घटना की सूचना पर पहुंची कादरीगेट थाना पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ से बिगड़े हालात, एसडीएम ने संभाला मोर्चा


ग्रामीणों से वार्ता करती एसडीएम

**हाईवे पर तीन फीट पानी, यातायात बंद**


**समृद्धि न्यूज,राजेपुर।**

गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से अमृतपुर तहसील के राजेपुर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। चित्रकूट गांव में बाढ़ का पानी पहुंचने के बाद एक दर्जन से अधिक परिवार अपने घर छोड़कर बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे पॉलिथीन डालकर रहने को मजबूर हो गए। स्थिति की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और राहत एवं बचाव अभियान तेज कर दिया। उपजिलाधिकारी श्वेता साहू, तहसीलदार शशांक सिंह, राजेपुर थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह तथा राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उन्हें हाईवे किनारे रहने के खतरे से अवगत कराया और सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए प्रेरित किया। प्रशासन द्वारा रामनिवास स्कूल तथा गंगापार स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां भोजन, पेयजल, आवास, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। एसडीएम श्वेता साहू ने स्पष्ट कहा कि सड़क किनारे रहना किसी भी स्थिति में सुरक्षित नहीं है। उधर चित्रकूट डिप पर बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे के ऊपर लगभग तीन फीट पानी बहने लगा, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने तत्काल राजेपुर और जमापुर चौराहों पर बैरिकेडिंग कर हाईवे को दोनों ओर से बंद करा दिया।

# चोरों ने नकब लगाकर समर का स्टार्टर व दवाइयां की चोरी

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

चोरों ने बीती रात कोठरी की दीवार में नकब लगाकर उसमें रख समर का स्टार्टर व कीटनाशक दवाइयां चोरी कर ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। थाना नवाबगंज के गांव अठसेनी पहाड़पुर निवासी राजू के घर से कुछ दूरी पर खेत में कोठरी बनी है। जिसमें समर सेबिल लगी है। सोमवार की रात किसी समय अज्ञात चोरों ने कोठरी की दीवार तोड़कर कोठरी में लगे समर सेबिल का लगा स्टार्टर व कोठरी में रखी कृषि दवाइयां चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि दवाइयों की कीमत लगभग 9 हजार रुपए की थी उसे भी चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे जब राजू अपनी धान की फसल को देखने खेतों की तरफगए तो देखा कि कोठरी की दीवार टूटी पड़ी है और उसमें से स्टार्टर व कीटनाशक दवाइयां गायब है। नवाबगंज थाने पहुचकर राजू ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।


चोरों द्वारा लगाया गया नकब

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार कांवड़िया घायल

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** इटावा-बरेली हाईवे पर मंगलवार देर रात करीब तीन बजे जमापुर चौराहा और चाचूपुर तिराहे के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया। फर्रुखाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार कांवड़िया को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दूर जाकर सड़क पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घायल कांवड़िया की पहचान गौतम सैनी (25) पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम पाली, थाना पाली, जनपद हरदोई के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही थाना राजेपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पीआरवी-112 की मदद से घायल को जिला लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां उसका उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ राहत शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के सुरक्षित ठहराव के लिए रहमानी इंटर कॉलेज में बनाए गए शरणागमन स्थल का जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर द्वारा निरीक्षण किए जाने के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने भी राहत शिविर पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। सीएमओ के निर्देशन में शिविर में मौजूद बाढ़ प्रभावित लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। सर्दी, जुकाम, बुखार, त्वचा रोग, दस्त एवं अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। जिन मरीजों को विशेषज्ञ उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सालयों के लिए रेफर किया गया, ताकि समय पर बेहतर उपचार मिल सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने राहत शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर संचालित रखने के लिए एक महिला चिकित्सक, एक शिशु रोग विशेषज्ञ, एक वरिष्ठ फिजीशियन (सीनियर कंसल्टेंट) तथा आवश्यक दवाओं से सुसज्जित एक एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित कराई। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सा टीम प्रतिदिन दो बार राहत शिविर पहुंचकर सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी तथा किसी भी प्रकार के संक्रामक रोग के लक्षण मिलने पर तत्काल उपचार एवं आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। सीएमओ ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलजनित एवं संक्रामक रोग फैलने की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। राहत शिविर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नियमित स्वास्थ्य निगरानी की जाएगी तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकीय दल एवं एम्बुलेंस चौबीसों घंटे तैयार रहेंगे। उन्होंने चिकित्सा टीम को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल की गुणवत्ता एवं रोगों की रोकथाम संबंधी जनजागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे राहत शिविर में रह रहे सभी लोग सुरक्षित एवं स्वस्थ रह सकें।


शिविर में जानकारी करते सीएमओ

## कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए 6 उपनिरीक्षकों का तबादला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस महकमे में अहम फेरबदल किया है। जनपद में तैनात 6 उपनिरीक्षकों (सब-इंस्पेक्टर) का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात कई दरोगाओं को थानों की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद राठौर को पुलिस लाइन से नई जिम्मेदारी देते हुए प्रभारी चौकी सिवारा थाना कंपिल बनाया गया है। उ0नि0 धीरज कुमार अब तक प्रभारी चौकी सिवारा थाना कंपिल का कार्यभार संभाल रहे थे, उन्हें अब थाना कंपिल में स्थानांतरित किया गया है। उ0नि0 जितेन्द्र कुमार इन्हें पुलिस लाइन से थाना कंपिल भेजा गया है। उ0नि0 हरीश कुमार को थाना कंपिल से स्थानांतरित कर थाना नवाबगंज की जिम्मेदारी दी गई है। उ0नि0 अशोक कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना मोहम्मदाबाद भेजा गया है। उ0नि0 अशोक कुमार तिवारी इन्हें भी पुलिस लाइन से थाना मोहम्मदाबाद स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अधीक्षक का यह कदम जिले में अपराध पर लगाम लगाने, जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और कानून व्यवस्था को अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में उठाया गया है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटा प्रशासन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जनपद में गंगा एवं रामगंगा नदियों के जलस्तर में वृद्धि के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार 04 अगस्त को गंगा नदी का जलस्तर 136.90 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु 136.60 मीटर से ऊपर है। वर्तमान में जनपद के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ से तहसील सदर के 9, तहसील कायमगंज के 12 तथा तहसील अमृतपुर के 12 गांव प्रभावित हैं। इस प्रकार जनपद के कुल 33 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इन प्रभावित गांवों में कुल 23,367 की आबादी तथा 4,855 परिवार प्रभावित हैं। प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए जनपद में 24 अस्थायी बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में मंडी समिति रामसवाईद एवं रमानिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में संचालित शरणालयों में अब तक 240 लोगों को सुरक्षित ठहराया गया है तथा उनके भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 52 अस्थायी बाढ़ चौकियां भी सक्रिय रूप से संचालित हैं। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तहसील सदर, कायमगंज एवं अमृतपुर के प्रभावित क्षेत्रों में कुल 50 नावें एवं 5 मोटरबोट तैनात की गई हैं। साथ ही एक टीम एनडीआरएफ तथा एक कंपनी पीएसी फ्लड यूनिट आवश्यक उपकरणों सहित तैनात है। आवश्यकता पड़ने पर 53 स्वयंसेवी गोताखोरों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से 35 मेडिकल कैंप लगाए गए है, जिनमें अब तक 536 लोगों का उपचार किया जा चुका है। साथ ही 272 ओआरएस पैकेट एवं 896 क्लोरीन टैबलेट का वितरण किया गया है। जनपद में एंटी स्नेक वेनम एवं अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। पशुधन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 11 पशु चिकित्सा शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में अब तक 79 पशुओं का उपचार तथा 3,804 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। साथ ही पशुओं के लिए चारा एवं भूसे की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## गंगा नदी में आई बाढ़ से आधा दर्जन गांव जलमग्न

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नरौरा बांध से छोड़े गए पानी के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। बाढ़ के पानी से आधा दर्जन गावों में पानी घुस गया। चाचूपुर पुलिया से नचकैया ब्रह्मदेव मंदिर तक 1.45 करोड़ रुपये की लागत से बनी नव निमित सड़क कट गई है। यह सड़क कमालगंज से गंगापार के सैकड़ों ग्रामीणों के लिए मुख्य मार्ग थी सड़क कटने के कारण अब लोगों को भटपुरा होकर लगभग पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। अचानक मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ते जलस्तर के कारण नचकैया ब्रह्मदेव मंदिर भी पूरी तरह जलमग्न हो गया है। इसके अतिरिक्त, एक किसान की लगभग दो बीघा तोरई की तैयार फसल भी बाढ़ के पानी में डूब गई है, जिससे उसे आर्थिक क्षति हुई है। आसपास के निचले इलाकों में पानी भरने से पशुपालकों और किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं, तेरा अकबरपुर गांव के निवासी रामपाल यादव ने बताया कि सड़क कटने से गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। उन्हें अब पांच किलोमीटर अतिरिक्त घूमकर जाना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से तुरंत बैरिकेडिंग कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क के बाढ़ में बह जाने से ग्रामीणों की आवाजाही और कृषि कार्य दोनों प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोग अब प्रशासन की ओर से त्वरित राहत और वैकल्पिक व्यवस्था की उम्मीद कर रहे हैं।


गांव में घुसा बाढ़ का पानी

# ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने डॉ. राजीव

**जनपद में कमेटी का किया जायेगा विस्तार**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने फर्रुखाबाद ताइक्वांडो एसोसिएशन का डॉ. राजीव कुमार पाठक को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. राजीव पाठक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। देश से लेकर विदेशों तक ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन किया है। गांव व छोटे शहरों से खिलाड़ी निकलकर आगे आ रहे है। उनकी प्रतिभा निखारने के लिए जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन का गठन किया गया है। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू भारती द्वारा डॉ. राजीव पाठक को मनोनयन पत्र सौंपकर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष बनने की बधाई दी है। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने खुशी जतायी है। इस मौके पर धर्मवीर राजपूत, अश्नील दिवाकर, विनोद कुमार, लक्ष्मीकांत, शैलेन्द्र सिंह, रेखा वर्मा आदि लोगों ने बधाई दी है।

डॉ. राजीव कुमार पाठक ने बताया कि जनपद में कमेटी का विस्तार किया जायेगा और शीघ्र ही बड़े पैमाने पर बच्चों को ताइक्वांडो कराटे खेलने की सुविधा प्रदान की जायेगी।


स्वागत के दौरान डॉ. राजीव पाठक व कमेटी के अन्य सदस्य

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज,मोहम्मदाबाद।**

इटावा-बरेली हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव नगला समई निवासी 35 वर्षीय पवन कुमार यादव रविवार रात करीब 9 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर रामस्वरूप मेमोरियल इंटर कॉलेज, पट्टी खुर्द के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पवन का बायां हाथ और दायां पैर टूट गया, जबकि सिर में गंभीर चोट आई। सूचना डॉ0 संजीव कुमार ने फोन के माध्यम से परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मंगलवार सुबह उन्हें दिल्ली हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पवन स्थानीय आढ़त पर मुनीम का कार्य करते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पत्नी पूजा यादव, 10 वर्षीय पुत्री वर्षा और 8 वर्षीय पुत्र अरनव आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में पहले ही अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा चुका था। परिजनों की सूचना पर उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह राजावत ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## किदवई नगर में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब,गांव में छाया अंधेरा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** नगर पंचायत नवाबगंज के मोहल्ला नगला बारंग किदवई नगर में लोगों को विद्युत आपूर्ति के लिए लगा 25 केबीए विद्युत ट्रांसफार्मर विगत 30 जुलाई को खराब हो गया था। ट्रांसफार्मर में खराबी होने से पूरे मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। लगातार चार दिन से बिजली न आने से जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने से पीने के पानी तक की समस्या हो रही है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार जेई और एसडीओ को अवगत करा ट्रांसफार्मर को बदलाने की मांग की, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका। जिससे पिछले चार दिनों से लोग अंधेरे में रहने पर विवश है। मोहल्ले के लोगों ने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान करा ट्रांसफार्मर को बदलाने की मांग की है।

# डीएम ने शिक्षण कार्यों में गुणात्मक वृद्धि के लिए दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

**प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की आधारशिला**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य एवं विद्यालय प्रबंधन से संबंधित कार्यों में गुणात्मक प्रगति लाने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की आधारशिला है, इसलिए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित शैक्षणिक गतिविधियों तथा प्रभावी विद्यालय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षण स्तर में निरंतर सुधार लाने तथा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार समयबद्ध शिक्षण कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, पेयजल, शौचालय, विद्युत, मध्यान्ह भोजन, छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं उपस्थिति सहित सभी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का निरीक्षण कर साप्ताहिक आख्या उपलब्ध कराएं, विद्यालयों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में शिकायत से संबंधित बिंदुओं की अन्य विद्यालयों में भी क्रॉस चेकिंग करा लें तथा प्रत्येक विद्यालय में मिड डे मील की गुणवत्ता के साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि विद्यालय में नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, उत्तरदायित्व एवं शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में जल भराव की समस्याओं को संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान के माध्यम से निस्तारित कराएं, इसके साथ ही क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालयों की नियमानुसार मरम्मत कराएं तथा विद्यालयों के मरम्मत कार्य में तकनीकी समस्या होने पर संबंधित विद्यालय के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूर्ण करें। शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्राथमिक विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें, जिससे विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में और अधिक वृद्धि हो सके। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## गैंगेस्टर के आरोपी को छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गैंगेस्टर एक्ट के मामले में** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगस्टर एक्ट न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त संजीव पुत्र विश्राम निवासी ग्राम हुसैनपुर तराई शमशाबाद को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 6 वर्ष पूर्व थाना शमशाबाद के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण वर्ष 1986 के तहत संजीव के विरुद्ध दर्ज कराया था कि उक्त आरोपी समाज में भय व्याप्त कर अवैध सम्पत्ति अर्जित करता है। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त संजीव को दोषी करार देते हुए छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने सदर तहसील अंतर्गत विकासखंड बढ़पुर स्थित बाढ़ प्रभावित ग्राम बिलावलपुर तथा ग्राम धर्मपुर कटरी के मजरा पंखे नगला का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्यान्न, पेयजल, दवाइयों तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि सभी राहत चौकियां एवं शरणालय पूरी तरह सक्रिय रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नाव, गोताखोर, स्वास्थ्य टीम एवं आवश्यक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।


ग्रामीणों से संवाद करती डीएम व एसपी

डीएम ने जलभराव की स्थिति, संपर्क मार्गों तथा राहत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण की व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए चारा एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने विकासखंड बढ़पुर के रहमानी इंटर कॉलेज में बनाए गए अस्थायी शरणालय स्थल का निरीक्षण किया गया और रुके हुए बाढ़ प्रभावित लोगों के हालचाल पूछकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शरणार्थियों के लिए राहत उपलब्ध करायी जाये। डीएम ने अन्य अधिकारियों ने शरणार्थियों एवं उनके बच्चों को अपने हाथों से खाद्य सामग्री वितरित की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुरलीधर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेश पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम कटरी धर्मपुर का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को प्रभावित लोगों को समय से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, राहत कार्यों में तेजी लाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# श्रद्धा और अकीदत के साथ निकला चेहल्लुम का ताजिया

**समृद्धि न्यूज,मोहम्मदाबाद।**

मोहम्मदाबाद कस्बे में चेहल्लुम पर मंगलवार को श्रद्धा, अकीदत और गमगीन माहौल के बीच ताजिया जुलूस निकाला गया। बीती रात शिवाजी नगर स्थित बड़े इमामचौक पर चेहल्लुम कमेटी द्वारा रात करीब 10 बजे ताजिया रखा गया, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर ताजिया के रोजे पर फातिहा पढ़ी और नियाज़ दिलवाई।

**कर्बला में किया गया सुपुर्द-ए-खाक**

मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे बड़े इमामचौक से ताजिया उठाया गया। जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए बेवर रोड पहुंचा और वहां से मुख्य चौराहा होते हुए संकिसा रोड स्थित कर्बला के लिए रवाना हुआ। रास्ते भर अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद करते हुए अपनी अकीदत पेश की। कर्बला पहुंचने पर धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया। चेहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष वारिश ने बताया कि इस वर्ष जुलूस में दो अलम और दो ताजिए शामिल हुए। इनमें एक अलम करूं मंसूरी तथा दूसरा अलम सैफ सिद्दीकी का था। वहीं एक ताजिया चेहल्लुम कमेटी का और दूसरा ताजिया लाला सिद्दीकी का शामिल रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


ताजिया निकालते लोग

# गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

- तटवर्ती गांवों में बढ़ी चिंता, नरौरा, बिजनौर से छोड़ा गया पानी
- प्रशासन अलर्ट, पशुओं के चारे का संकट गहराया

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**



बाढ़ के पानी से निकला वाहन व ग्रामीण

गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मंगलवार सुबह गंगा का जलस्तर 137.00 मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का निशान 137.10 मीटर है। नदी अब खतरे के निशान से महज 10 सेंटीमीटर नीचे बह रही है, जिससे प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

मंगलवार सुबह सिंचाई विभाग के अनुसार नरौरा बांध से 1,24,173 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 97,717 क्यूसेक तथा हरिद्वार बैराज से 97,413 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा के जलस्तर में और वृद्धि की आशंका बनी हुई है। कुडरी सारंगपुर के ग्राम प्रधान अतर सिंह ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए न्याय पंचायत क्षेत्र में प्रशासन द्वारा चार नावें संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा दो और नावों की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि गांव के निवासी सुनील का घर निचले क्षेत्र में होने के कारण जलमग्न हो गया, जिसके चलते उसे सुरक्षित स्थान के रूप में पंचायत भवन में शिफ्ट कराया गया है। स्थिति सामान्य है, लेकिन जलस्तर बढ़ने पर खतरा बढ़ सकता है। आसमपुर के ग्राम प्रधान रमाकांत राजपूत ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में भी प्रशासन द्वारा चार नावें उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि राहत एवं बचाव कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए दो अतिरिक्त नावों की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ से सबसे बड़ी समस्या पशुओं के चारे की उत्पन्न हो गई है। खेतों में पानी भर जाने से हरा चारा पूरी तरह जलमग्न हो चुका है, जिससे पशुपालकों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

अमृतपुर उपजिलाधिकारी श्वेता साहू लगातार बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव के सभी इंतजाम किए गए हैं और ग्रामीणों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

प्रशासन ने तटवर्ती गांवों के लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचना देने की अपील की है।

# मांगों को लेकर 41 उपकेंद्र पर धरना जारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



धरने पर बैठे विद्युत संविदा कर्मचारी

पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने स्वयं के आदेश न मानने पर प्रदेश में 25000 जनपद में 181 कर्मचारी बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटाने को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है। सातवें दिन कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना जारी रखा। कर्मचारियों ने मांग की है कि कर्मचारियों कि भारी कमी के कारण अकुशल कर्मचारियों से लाइन का कार्य कराने एवं कर्मचारियों पर कार्य का अधिक भार पड़ने से दुर्घटनाओं में आउटसोर्स कर्मचारियों कि बड़े पैमाने पर मृत्यु होने, कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित न करने, आउटसोर्स कर्मचारियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल न करने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस इलाज न कराने, मान्य उच्च न्यायालय एवं ऊर्जा मंत्री के आदेश का उल्लंघन करने व जनपद में संविदा कर्मियों से 8 घंटे 26 दिन के स्थान पर 30 दिन कार्य करने ड्यूटी चार्ट उपलब्ध न करने बिजली घर रिलीवर व हेल्पर, नाइट गैंग, आउटगोइंग फीडर से एक व्यक्ति कार्यक्रम करने आदि समस्याओं के कारण संगठन द्वारा सातवें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामकिशन, जिला महामंत्री विष्णु चौहान, राजन शाक्य, शिवदत्त शाक्य, विष्णु सिंह, सुमित कुमार संटी, शशांक मिश्रा, प्रवल मिश्रा, अजय कुमार, धर्मेंद्र, बलराम सिंह, राजकुमार थापा, बांके लाल, गोविंद सिंह, शिव शंकर, शैलेंद्र कुमार, जसबेंद्र कुमार, बबलू कुमार, चौधरी अजीत सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर दिए निर्देश

- 10 अगस्त से 15 अगस्त तक होगा आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते शिवमहेश दुबे

मंगलवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला संगठन प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने आगामी कार्य योजना के संदर्भ में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए।

शिव महेश दुबे ने बताया प्रदेश की जिला कार्यशाला के बाद जनपद की जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिशा निर्देश मिला है। पूरे जनपद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। 10 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक इस अभियान को मंडल एवं जिला स्तर पर तिरंगा यात्राओं के माध्यम से अभियान को सफल बनाएंगे। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी मंडलों में संयोजक नियुक्त किए गए हैं। सभी 18 मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। जिसमें कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर मंडलों के मुख्य मार्ग से निकलेंगे। प्रत्येक मंडलों के कार्यक्रम में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में 1000 की संख्या अपेक्षित है।

अभियान के लिए जिला महामंत्री गोपाल राठौर को संयोजक नियुक्त किया गया है। संचालन गोपाल राठौर ने किया। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, सत्यपाल सिंह, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, भास्कर दत्त द्विवेदी, डा0 बीके गंगवार, ठा. वीरेंद्र सिंह राठौर, अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अनुराग दुबे, रश्मि दुबे, मनोज गंगवार, अभिषेक बाथम, श्वेता दुबे, अभिषेक बाजपेई, शिव मोहन सिंह, प्रतिभा राजपूत, अनुराग सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, बबीता पाठक, रमला राठौर, मीरा सिंह, पंकज पाल, रामकिशन दीक्षित, अजय कटियार, सुशील राजपूत, रक्षपाल सिंह राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति भारत अभियान का कार्यक्रम संपन्न

- विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



प्रतियोगिता में सम्मानित होती छात्रा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित माय भारत के तत्वावधान में जनपद में नशा मुक्ति भारत अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज, आवास विकास लोहिया पुरम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र के संकल्प को मजबूत करना था। कार्यक्रम में जिले भर के स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं माय भारत स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में लोक गीत में रजनेश वर्मा विजेता, नृत्यम में कशिश मिश्रा विजेता, नुक्कड़ नाटक में शिवानी कटियार, चित्रकला में रितु पाल, वाद विवाद/ भाषण में प्रिंस बाजपेई, स्लोगन लेखन में रुद्र प्रताप, स्लैम पोएट्री में करन रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया व व्यवस्था सुरेन्द्र पाण्डेय ने देखी। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त माय भारत पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## घायल नंदी का कराया गया उपचार

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** पांचाल घाट बरेली रोड के कुछ दूरी पर वन विभाग के पास छोटे से नंदी बाबा रात के समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। गौरक्षक राजीव राजपूत, गोलू माथुर ने राजेपुर के बीडीओ को फोन लगाया, लेकिन फोन नहीं उठाया। जिसके बाद गोलू माथुर ने भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को सूचना दी। इसके बाद राहुल राठौर ने तत्काल नगर पालिका के कर्मचारी विनय कुमार को सूचना दी। विनय कुमार ने बताया कि गाड़ी को तत्काल भेजा गया है। नंदी को गौशाला में भिजवाया गया।



रोड पर पड़ा घायल नंदी

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपद शाखा ने मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उच्च न्यायालय में याची रहे परिषदीय विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों को अपर मुख्य सचिव के 16 जुलाई के आदेश के अनुपालन में पद के समस्त लाभ तत्काल दिए जाएं। वर्तमान में चल रही समायोजन प्रक्रिया में विद्यालयों में छात्र संख्या के निश्चित अनुपात में ही शिक्षक रखे जाएं। इसके अलावा, सरप्लस किए गए शिक्षकों के मामले में अन्य जनपदों की तरह एक समान नियमों का पालन किया जाए। जिन शिक्षकों को एक ही पद पर सेवा देते हुए 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें एक निश्चित समय सीमा के भीतर चयन वेतनमान स्वीकृत किया जाए। एमडीएम चेकबुक से भुगतान के दबाव और खाते में धन अभाव के चलते कई बार स्कूलों में चूल्हे पर खाना बनवाना पड़ रहा है। आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, प्रवेश सिंह राठौर, आर्येन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### वांछित अपराधी की रफ्तार

**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर की थाना ग्वालटोली पुलिस ने लंबे समय से वांछित चल रहे 25,000 के इनामी अभियुक्त को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार, थाना खालोटोली में दर्ज मुकदमा संख्या 188/24, धारा 140(1)/103/238 बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त रवि पुत्र सियाराम, निवासी ग्वालटोली कानपुर नगर, फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25,000 का इनाम घोषित था। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से अभियुक्त की लोकेशन महाराष्ट्र के पुणे जिले में ट्रेस की। इसके बाद स्थानीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानपुर लाया गया।

### वाहन टैगिंग समय सीमा के विरोध में भेजा ज्ञापन

**कानपुर।** उ प्र में जियोटैग ऐप द्वारा वाहन टैगिंग व्यवस्था, प्रयोग के तौर पर लागू होने के दौरान व्यापारियों उद्यमियों को जारी नोटिसों, गेट पास की समय-सीमा संबंधी नियमों, प्रोपराइटरशिप फर्मों को पार्टनरशिप में परिवर्तित करने के जटिल प्रावधानों को वापस लेने सहित मंडी व्यवस्था से संबंधित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर टिंबर बाजार कोपरगंज में 200 से अधिक व्यापारियों ने ज्ञापन मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से भेजकर सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया , नारे लगाएं भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में नौबस्ता गल्लामंडी ,चकरपुर सब्जी मंडी, नयागंज किराना बाजार, टिम्बर उद्योग व्यापार मंडल, दाल मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी और व्यापारी उ प्र में जियोटैग ऐप द्वारा वाहन टैगिंग व्यवस्था, प्रयोग के तौर पर लागू होने के दौरान प्रदेश के 451 व्यापारियों उद्यमियों को जारी नोटिसों, गेट पास की समय-सीमा संबंधी नियमों, प्रोपराइटरशिप फर्मों को पार्टनरशिप में परिवर्तित करने के जटिल प्रावधानों को वापस लेने सहित मंडी व्यवस्था से संबंधित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर टिंबर बाजार कोपरगंज में 200 से अधिक व्यापारियों ने 8 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से भेजकर सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया और काफी देर तक नारे लगाएं।

# शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी राजेष कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ठ अतिथि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला रहे। माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय प्रमुख, उप प्रमुख, क्रीड़ा प्रमुख, उप प्रमुख, हाउस कैप्टन व कक्षा प्रमुख व उप प्रमुखों को शपथ दिलाई गयी और उनके दायित्वों के विशय में उन्हें अवगत कराया गया। प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने सभी बच्चों को अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने के लिए कहा। मुख्य अतिथि राजेश कुमार द्विवेदी ने बच्चों को दिये गये दायित्वों को निभाने के लिए प्रेरित किया। कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने कहा अच्छा लीडर वही होता है जो सभी को साथ लेकर चलता है हमें अपने पद पर अभिमान नहीं करना चाहिए बल्कि अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर सभी कार्य सहजता से करने चाहिए। इस मौके पर अंग्रेजी प्रधानाचार्य अनिल बाबू तिवारी, हिन्दी माध्यम प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, नाहिद जाफरी, प्रभंजन कुमार, सन्तोश शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, विकास कुमार श्रीवास्तव, मनीष गौर, राजीव गंगवार, अजेंद्र कश्यप, महीन खान मौजूद रहे।

# देश के निर्माण में छात्राओं की भूमिका अहम : प्रो. मुस्तफा

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी

एजूकेशनल मूवमेन्ट सोसाइटी फतेहगढ द्वारा जिले में सभी बोर्डों में 70 प्रतिशत या उससे अधिक पाने वाले मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ. फैजान मुस्तफा कुलपति चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी पटना ने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कुलपति मुस्तफा ने कहा कि देश के भविष्य निर्माण में आज की छात्राओं का महत्वपूर्ण भूमिका है और देश को छात्राओं को ज्यादा उम्मीद है। संस्था अध्यक्ष डॉ0 अनवार अहमद खान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा संस्था के सचिव सैयद रिजवान अली ने संस्था के बारे में बताते हुए सभी सदस्यों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम में यू.पी. बोर्ड के छात्र वर्ग में कक्षा 10 के जिला टॉपर अहम राजपूत, छात्रा वर्ग की जिला टॉपर अंशिका यादव, कक्षा 12 के छात्र वर्ग के जिला टॉपर मनमोहन, छात्रा वर्ग में नैन्सी राठौर, सी.बी.एस.ई. बोर्ड के कक्षा-10 छात्र वर्ग के जिला टॉपर शौर्या बाजपेयी, छात्रा वर्ग में दिया यादव, कक्षा 12 में छात्र वर्ग में शुभ गंगवार, छात्रा वर्ग में राधिका पालिवाल, आई.सी.एस.ई. बोर्ड में कक्षा 10 में छात्रा वर्ग में मेघा गुप्ता, छात्र वर्ग में सोहन अग्निहोत्री व आर्यन गुप्ता व कक्षा 12 में छात्रा वर्ग में कशिश गंगवार व छात्र वर्ग में चक्रेश शाक्य को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से मुस्लिम समाज में य.पी.बोर्ड में छात्रा वर्ग में कक्षा 12 में जिला टॉपर महक, छात्र वर्ग में फैज अली, कक्षा 10 में छात्रा वर्ग में हूरिया अब्बास, छात्र वर्ग में यूसुफ अब्दुल्लाह, सी.बी.एस.ई. बोर्ड में कक्षा 12 में छात्रा वर्ग मरिहम जारा व छात्र वर्ग में अब्दुल वाहिद, कक्षा 10 में छात्रा वर्ग में सना खान व छात्र वर्ग में मोहम्मद तलाह एवं आई.सी.एस.ई. बोर्ड में कक्षा 12 में सैयदी हानिया व कक्षा 10 में मोहम्मद अलीउद्दीन सिद्दीकी को जिला टॉपर के रूप में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 270 मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संचालन सैयद रिजवान अली ने किया। संरक्षक हाजी तरीक अहमद, मोहम्मद उमर खान व जमील अहमद सिद्दीकी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अनीस अहमद, जवाहर सिंह गंगवार, मुजफ्फर रहमानी, आकिल खांन, सगीर अहमद खां, आसिफ मंसूरी आदि ने सम्बोधन किया। इस मौके पर खुर्शीद आलम खां, तौसीफअली, डॉ. अनवार अहमद, महफूज हुसैन जैदी, अनवर जमाल सिद्दीकी, खालिद रउफ, सुहेल अहमद फारूकी, असलम अब्बासी, आफताब आलम खां, शमीम अहमद खां, सलीम अहमद, मो0 शाहिद हुसैन, तसव्वर हुसैन, रहबर सिद्दीकी, शहरोज, अफजल अहमद खांन, अंसार सिद्दीकी, जुबैर खांन आदि मौजूद रहे।

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

- 7, 8 एवं 9 अगस्त को रॉयल गार्डन, रसूलपुर रोड में किया जाएगा

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन, कानपुर के तत्वावधान में आयोजित तृतीय उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष पावरलिफ्टिंग एवं बेंचप्रेस चौंपियनशिप 2026 का आयोजन 7, 8 एवं 9 अगस्त 2026 को रॉयल गार्डन, रसूलपुर रोड, मिनी बाईपास रोड, बरेली में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में फतेहपुर जनपद का प्रतिनिधित्व करने के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में मनमीत सोनी, हिमांशु प्रजापति, शशांक यादव, मोहम्मद फैज़, ओम सिंह, विनायक तिवारी, मोहम्मद सलीम, आर्य प्रताप सिंह, निर्मला, शौर्य सोनी, अनुराग वर्मा, सुधांशु सिंह, ऋषिमा पटेल, यशश्री सिंह एवं पूनम सिंह शामिल हैं। टीम के कोच सूरज भान सिंह, टीम मैनेजर श्रीकांत चौरसिया तथा फ्तेहपुर पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अभिलेख कुमार सिन्हा खिलाड़ियों के साथ रहेंगे। इस अवसर पर आर.एस. एक्सेल इंग्लिश एकेडमी के प्रबंध निदेशक मयूर गुप्ता, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा फ्तेहपुर साइकिल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद सैफ असलम ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर वे राज्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फ्तेहपुर का नाम पूरे उत्तर प्रदेश में गौरवान्वित करेंगे। फतेहपुर पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अभिलेख कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है और टीम पूरी तैयारी के साथ राज्य चौंपियनशिप में भाग लेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि टीम पदक जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाएगी।

## मेरे खिलाफ रची जा रही है साजिशः सुरेश चंद्र



- 15 जुलाई 2026 को प्रार्थी के विरुद्ध दिया गया प्रार्थना पत्र

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पनी के रहने वाले सुरेश चंद्र पुत्र दर्शन लाल ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की भुइयां देवी मंदिर का फ़र्ज़ी मुख्य ट्रस्टी बनकर प्रार्थी के खिलाफ षडयंत्र रचकर योजनाबद्ध तरीके से झूठ व मनगढ़ंत तथ्य गढ़कर अपने ट्रस्ट के फ़र्ज़ी लेटर पैड पर 1 मार्च 2026 एवं 30 अप्रैल 2026 तथा 15 जुलाई 2026 को प्रार्थी के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया गया। इस दौरान प्रार्थी ने कहा कि वह एक साधारण व्यक्ति है और ललिता गैस एजेंसी का मालिक भी है तथा तमाम सामाजिक संगठनों में महत्वपूर्ण योगदान करता है उसका कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं है विगत 2022 से पेट के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने के कारण रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में कैंसर का इलाज डॉक्टर की देखरेख में करवा रहा है। प्रार्थी भुइया देवी मंदिर 30 अप्रैल को या इससे पूर्व कभी नहीं गया इसलिए जो भी आरोप उसके लिए लगाए जा रहे हैं वह बेबुनियाद है। प्रार्थी ने कहा की जो 125000 रुपए लूट का आरोप उसके ऊपर लगाये जा रहे है, वह पूरी तरीके से मनगढ़ंत है प्रार्थी ने घटना की गहनता से जांच करवाने की बात कही है और कहा है की कुछ लोग फर्जी ट्रस्ट बनाकर जो इस तरीके का षड्यंत्र रच रहे हैं उनके खिलाफभी जांच करवाकर करवाई किया जाए। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा मंगलवार को कानपुर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। गंगा पुल पर फूल बरसाकर अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह के दौरान मंच से कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया गया और क्रेन की सहायता से लगभग 250 किलो की माला पहनाई गई। कार्यक्रम में टेडीबियर डांस भी आकर्षण का केंद्र रहा।

रोहित मिश्रा ने कहा कि यह कोई चुनावी या रणनीतिक बैठक नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं से संवाद का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन को लेकर युवा मोर्चा जनता के बीच जाएगा। भाजयुमो जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा के अनुसार, जाजमऊ से लेकर नौबस्ता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तक प्रदेश अध्यक्ष का 28 स्थानों पर स्वागत किया गया। रामादेवी, पीएसी मोड़, टाटमिल, घंटाघर, बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट और मोतीझील सहित कई प्रमुख स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। नौबस्ता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 9 जिलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से सजा कमिश्नरेट कानपुर का साइबर थाना

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**

सिविल लाइंस स्थित नए भवन में स्थानांतरित साइबर थाना आधुनिक तकनीक विशेष टेक्निकल सेल एवं उन्नत सॉफ्टवेयर से सुसज्जित हुआ। प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की टीम साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल वित्तीय अपराध सहित सभी साइबर मामलों में करेगी त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा तथा अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध श्री संकल्प शर्मा ने नवनिर्मित साइबर थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से *पूर्व में रेलबाजार स्थित ट्रैफिक पुलिस लाइन परिसर में संचालित साइबर थाने को सिविल लाइंस स्थित 112 कार्यालय परिसर पुलिस ग्राउंड के सामने आधुनिक संसाधनों, उन्नत सॉफ्टवेयर एवं विशेष टेक्निकल सेल के साथ स्थानांतरित किया है, जिससे साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा तथा अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अपराध संकल्प शर्मा द्वारा नवनिर्मित साइबर थाने का निरीक्षण किया गया ।

# डीएम ने खेरिला सिजौली में प्राचीन पासी बाबा मन्दिर का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने तहसील बिन्दकी अंतर्गत ग्राम पंचायत खेरिला सिजौली में प्राचीन पासी बाबा मन्दिर प्रांगण में पर्यटन विभाग द्वारा निर्माणाधीन भवन का जायजा लिया, के दौरान निर्माण की भौतिक प्रगति व वित्तीय स्वीकृति तथा अन्य जानकारी ली।

उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर से पूछा कि निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की जांच किस संस्था से कराई गई है, जिस पर बताया गया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच आईआईटी कानपुर द्वारा कराई गई है। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्माण सामग्री की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं चरणबद्ध तरीके से कराया जाय। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मलवा विकास खंड के महरहा ग्राम स्थित गौदूआश्रय स्थल का निरीक्षण किया, के दौरान गौवंशों के भरण पोषण (हरा चारा, भूषा, दाना, चोकर आदि), सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता, विजिटिंग रजिस्टर सहित अन्य प्रपत्रों को देखा और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात को देखते हुए गौवंशों को भीगने से बचाने की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। गौशाला में हरे चारे की बुआई के लिए क्षेत्र के पशुचर की जमीन को संबद्ध कर दिया जाय ताकि हरे चारे की बुआई गौशाला के श्रोतों से की जा सके। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मास्टर डाटा नहीं जमा करने पर विद्यालय होंगे जिम्मेदार

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** दशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा (09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा में सम्मिलित होने के लिए अन्तिम तिथि बुधवार तक जमा होंगे। इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी विद्यालय को फरमान जारी किया है। ऐसा नहीं करने पर सीधे तौर पर विद्यालय जिम्मेदार होंगे। सोमवार तक हाईस्कूल के 1338 विद्यालयों में से मात्र 575 विद्यालयों ने एवं इंटरमीडिएट में 992 विद्यालयों में से मात्र 472 विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा जमा कराया गया।

### जनपद स्तरीय डेरी कांक्लेव आज

**महाराजगंज।** दुग्धशाला विकास विभाग की तरफ से दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने पर दुग्ध स्वर्ण महोत्सव मनाया जा रहा है।जिसके उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय डेरी कांक्लेव का आयोजन 5 अगस्त 2026 को विकास भवन परिसर में आयोजित हो रहा है।जिसमें मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना वर्ष 2026- 27 के चयनित लाभार्थियों को चयन पत्र दिया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के दौरान डेरी विभाग की योजना के तहत आधुनिक डेरी प्रबंधन( नंद बाबा दुग्ध मिशन )औपचारिक डेरी प्रसंस्करण दुग्ध नीति 2022,चारा प्रबंधन, पशु रोगों की पहचान, रोकथाम, निगरानी नियंत्रण तथा टीकाकरण आदि के साथ-साथ विभागीय योजनाओं कार्यक्रमों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा पशुपालकों को दी जाएगी। वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक नोडल अधिकारी उमाशंकर शर्मा के अनुसार कार्यक्रम के दौरान नंदनी व मिनी नंदिनी योजना से लाभान्वित पशुपालक /किसान अपनी जानकारी साझा करेंगे ताकि उपस्थित पशुपालक एवं किसान इन योजनाओं के लाभ से परिचित हो सके।

### नदिहार गांव में फिर हुई बाइक चोरी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जनपद के राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदिहार गांव में बीती रात एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं के बीच यह एक और मामला है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, नदिहार गांव निवासी प्रियांशु घईकर की मोटरसाइकिल उनके घर के बाहर खड़ी थी। देर रात अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों ने बाइक गायब देखी तो आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद प्रियांशु ने तत्काल राजगढ़ पुलिस को सूचना दी।बताया जा रहा है कि इसी मोहल्ले में एक हफ्ते पहले दुर्गेश श्रीवास्तव की बाइक भी चोरी हो गई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल है। पिछले महीने राजगढ़ पुलिस ने छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर एक गिरोह को पकड़ने का दावा किया था। इसके बावजूद नई बाइक चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में जब राजगढ़ थाना प्रभारी बाल मुकुंद मिश्रा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि तहरीर मिल चुकी है। जल्द ही बाइक चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### किसान दिवस का आयोजन आज

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक प्रशासन द्वारा बुधवार को हलिया ब्लॉक सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक प्रशासन ने सभी किसान एवं नागरिकों से अपील की है कि वे समय से सभागार में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।किसान दिवस में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को सरकार की नई योजनाओं, अनुदान, बीज, खाद, कृषि तकनीक और अन्य सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी इसके साथ ही अधिकारी मौके पर किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान भी करेंगे।ब्लॉक प्रशासन ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी नवीन जानकारी और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

# विजेता खिलाड़ियों को डीएम ने किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हाजी अजहर खान इंटर कॉलेज, उसका, पनियरा, महराजगंज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय की कैडेट गर्ल्स अंडर-37 किग्रा वर्ग में नीलू पांडेय ने स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही नीलू पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर अपना स्थान सुनिश्चित किया है।इसी क्रम में आराध्या पटेल ने कैडेट गर्ल्स अंडर-37 किग्रा वर्ग में रजत पदक राजनंदनी वर्मा ने जूनियर गर्ल्स अंडर-46 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक, अंशिका पटेल ने जूनियर गर्ल्स अंडर-42 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक तथा नीतू यादव ने कैडेट गर्ल्स अंडर-41 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रकार विद्यालय के



खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित कुल पांच पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक मुहम्मद सलीम खान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदक विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और अनुशासन का यह परिणाम विद्यालय, उनके परिवार और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

# लोकप्रिय स्थलों पर योग सत्र आयोजित हों: जिलाधिकारी

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जिलाधिकारी गौरव सिंह सोग़रवाल द्वारा आयुर्वेद और होमियोपैथी विभाग की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम ने दोनों विभागों से अस्पतालों पर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। दोनों विभागों के अधिकारियों ने अवगत कराया कि दवाएं उपलब्ध हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि योगाभ्यास लोकप्रिय स्थलों पर लगाएं और योग सत्र का आयोजन 8 बजे से 9 बजे के बीच करें। साथ ही योगाभ्यास कार्यक्रमों का आमजन के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत क्रीड़ा स्थलों, सार्वजनिक पार्कों पर योग शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराएं, ताकि अधिकतम लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि आयुष विधा भारतीय चिकित्सा पद्धति की पहचान है। आयुष चिकित्सा न सिर्फ सस्ती है बल्कि इसका कोई दुष्परिणाम भी नहीं होता है। यह प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित विधा है। इसलिए इसको ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने का प्रयास करें। और आयुष चिकित्सकों को अपने एमओआईसी के साथ समन्वय रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।डीएम ने कहा कि मासिक बैठक कर लोगों को दोनों विधाओं के विषय में जागरूक करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ हरेंद्र प्रसाद जैसवार, जिला होमियोपैथी अधिकारी डॉ आर.के. द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 19 वर्षीय युवक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

कोतवाली हाटा क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर निवासी रामरतन शर्मा 19 वर्ष की सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने पिता रामशकल शर्मा के बड़े पुत्र थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार रात करीब 10 बजे रामरतन शर्मा बाइक से कप्तानगंज की ओर से अपने घर लौट रहे थे। हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर मथौली नगर पंचायत स्थित सेंट्रल बैंक के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो कर सड़क किनारे गिर पड़े। राहगीरों की सूचना





पर चौकी प्रभारी अंकित सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर रेफर कर दिया, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार रामरतन शर्मा परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पिता रामशकल शर्मा पैरालिसिस से पीड़ित हैं। परिवार में चार अविवाहित बहनें ऊषा 15 वर्ष, अमृता 13 वर्ष, चंदा 10 वर्ष और चांदनी 8 वर्ष हैं। परिवार के पास लगभग 10 कट्ठा कृषि योग्य भूमि है। रामरतन की असमय मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। एसओ धीरेन्द्र राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विद्युत बिलों के लंबित बकाये का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

> विभाग जरूरत पड़ने पर मुख्यालय से तत्काल धनराशि की मांग करें

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के लंबित विद्युत बिलों के बकाया भुगतान, विद्युत देयों की वसूली एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत विभाग, ग्रामीण पेयजल, आंगनवाड़ी केंद्रों, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपलब्ध बजट के सापेक्ष लंबित विद्युत बिलों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिन विभागों के पास वर्तमान में धनराशि उपलब्ध नहीं है, वे बिना विलंब अपने-अपने मुख्यालय को आवश्यक धनराशि की मांग करते हुए पत्र प्रेषित करें तथा उसकी प्रति जिला प्रशासन को भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्युत बिलों के भुगतान हेतु आवश्यक धनराशि की मांग के संबंध में संबंधित विभागों के मुख्यालय को जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से भी आवश्यक पत्र प्रेषित किए जाएं, ताकि भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत बिलों की प्रभावी वसूली एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्य में यदि किसी प्रकार के प्रशासनिक सहयोग अथवा संसाधनों की आवश्यकता होगी तो जिला प्रशासन हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। बैठक में विद्युत आपूर्ति, विभागीय समन्वय तथा अन्य संबंधित विषयों की भी विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर के भीतर फंदे से लटक कर महिला ने दी जान



**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सोमवार की देर शाम सात बजे के करीब कच्चे मकान के भीतर बंडेर में दुपट्टे का फंद्दा लगाकर महिला ने जान दे दी। घटना की जानकारी होने स्वजनों के होश उड़ गए। बंजारी कलां गांव निवासी बाबूलाल कोल की 27 वर्षीया पत्नी एकादशी देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के भीतर बंडेर में गले में दुपट्टे का फंद्दा लगाकर आत्म हत्या कर लिया। महिला ने किन परिस्थितियों में मौत को गले लगाया पुलिस जांच में जुटी हुई है।सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार एसआइ कृपाशंकर यादव ने घटना की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की आठ वर्ष पूर्व शादी हुई थी।मायका हलिया क्षेत्र के देवघटा पांडेय गांव में है।मृतका को दो पुत्री और एक पुत्र है।पति मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता है।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि बंजारी कलां गांव में घर के भीतर महिला ने दुपट्टे के फंद्दे से लटककर जान दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# लक्ष्मीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर न होने से मरीज बेहाल

> भाकियू (जनकल्याण) ने सीएमओ से तत्काल चिकित्सक की तैनाती की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

**कुशीनगर।** रामकोला विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीगंज (टोला भटवलिया) में चिकित्सक की तैनाती न होने से क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन (जनकल्याण) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्वास्थ्य केंद्र पर तत्काल डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने बताया कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष नायक तैनात थे, जिनका स्थानांतरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला कर दिया गया। उनके स्थानांतरण के बाद अब तक किसी नए चिकित्सक की तैनाती नहीं की गई है। इससे स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बिना उपचार के लौटना पड़ रहा है या उन्हें अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। श्री सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में संक्रामक और मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे समय में डॉक्टर की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुशीनगर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीगंज (टोला भटवलिया) पर तत्काल एक चिकित्सक की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि यह जनहित से जुड़ा गंभीर मामला है। समय रहते चिकित्सक की तैनाती नहीं हुई तो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावित होंगी।

# चालक को झपकी आने से ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकराई बोलेरो, चालक घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब बोलेरो चालक को झपकी आने से बोलेरो आगे चल रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा टकराई। जिससे बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और बोलेरो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एनएचएआई की एंबुलेंस से घायल चालक को पास स्थित मध्यप्रदेश के हनुमना सीएचसी में उपचार हेतु भेजवाया। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के धवई गांव निवासी 28 वर्षीय लल्लू राम सोमवार की रात अपने गांव से सवारियों को



बैठाकर मीरजापुर छोड़ने गए थे। सवारियों को छोड़ने के बाद मंगलवार भोर में घर वापस लौट रहे थे। पांच बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो अचानक झपकी आ जाने से ईंट लादकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में बोलेरो पीछे से जा घुसी। हादसे में बोलेरो चालक लल्लू राम गंभीर रूप से घायल हो गए। एसआइ सुभाष यादव ने बताया कि बोलेरो चालक को झपकी आने से बोलेरो ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गई। हादसे में बोलेरो चालक को चोटें आई हैं। घायल चालक को उपचार हेतु एनएचएआई की एंबुलेंस से समीप स्थित मध्यप्रदेश हनुमना सीएचसी भेजा गया है। घायल बोलेरो चालक के स्वजनों को घटना की सूचना दी गई है।

# हलिया में राशन कार्ड धारक परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने को लेकर बैठक

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

आकांक्षी विकास खंड हलिया के सभागार में खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत राशन कार्ड धारक परिवारों, विशेषकर महिलाओं, को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के सामाजिक एवं आर्थिक विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने कहा कि नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन प्रमुख प्राथमिकताएँ हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि विकास खंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे सभी पात्र राशन कार्ड धारक परिवारों की



पहचान कर उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए, ताकि वे बचत, बैंक ऋण, स्वरोजगार एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।बैठक में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रुपेश श्रीवास्तव,सहायक विकास अधिकारी (कृषि) नरेंद्र कानापुरिया,सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास), सीएम फेलो गौरव सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक (बीएमएम), ग्राम प्रधान, उचित दर विक्रेता (कोटेदार), समूह सखी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान ग्रामवार कार्ययोजना तैयार करने, राशन कार्ड धारकों का सर्वेक्षण कराने, समूह से वंचित पात्र परिवारों की सूची तैयार करने तथा विशेष सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कोटेदारों को राशन वितरण के समय पात्र परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित करने, ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने तथा समूह सखियों एवं आजीविका मिशन की टीम को घर-घर संपर्क कर अधिकतम परिवारों को समूहों से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल बचत का माध्यम नहीं बल्कि महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी मंच हैं। समूहों से जुड़कर महिलाएँ स्वरोजगार, बैंक ऋण, प्रशिक्षण, उद्यमिता तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने तथा नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि आकांक्षी विकास खंड हलिया के प्रत्येक पात्र राशन कार्ड धारक परिवार को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर महिला सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन एवं ग्रामीण आजीविका को नई गति प्रदान की जाएगी।

# रबी फसलों के बीजों की बुकिंग शुरू, किसान कराएं पंजीकरण: नरेंद्र कानापुरिया

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

रबी मौसम 2026-27 के लिए किसानों को निःशुल्क मिनी किट एवं अनुदानित बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) नरेंद्र कानापुरिया ने विकास खंड क्षेत्र के सभी किसानों से समय रहते आनलाइन बुकिंग कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रबी सीजन के लिए तोरिया, सरसों, अलसी, चना, मटर, मसूर, गेहूं एवं जौ सहित विभिन्न फसलों के बीजों की आनलाइन बुकिंग पोर्टल पर शुरू हो चुकी है। बुकिंग के बाद ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को राजकीय कृषि बीज गोदाम हलिया से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि निःशुल्क मिनी किट, सामान्य बीज तथा 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध बीजों का लाभ लेने के लिए किसानों का आनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे ष्पहले आओ, पहले पाओष् के आधार पर शीघ्र बुकिंग कराकर रबी की अगेती बुआई के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय पर बुकिंग कराने से किसानों को योजना का लाभ मिलने में आसानी होगी तथा रबी फसलों की बेहतर उत्पादन क्षमता के लिए प्रमाणित बीज उपलब्ध हो सकेंगे।

# तीन नमूने गए जांच को

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,जलिाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल व प्रभारी सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय केके उपाध्याय के निर्देश पर फ्लोर मिलो की जांच हेतु आज से चल रहे विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा तीन नमूने लिए गए। जिनमे महावीरजी फ्लोर मिल, पुरैना खंडी चौरा, महराजगंज का निरीक्षण कर आटा व मैदा का नमूना तथा अन्नजी फूड प्रोडक्ट,सिसवा बाजार का निरीक्षण कर गेहूँ आटा का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए ।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज प्रसाद,अंकित सिंह व पवन गौड़ शामिल रहे हैं ।

# प्रोजेक्ट पहचान के तहत कलस्टर स्तर पर प्रशिक्षण प्रारंभ

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास और प्रारम्भिक अवस्था में विकासात्मक बाधाओं एवं दिव्यांगताओं की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित ÷प्रोजेक्ट पहचान÷ के तहत क्लस्टर स्तर पर प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ हो गया है। इस अभिनव पहल के अंतर्गत जिले के 222 क्लस्टरों में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और एएनएम का क्लस्टरवार प्रशिक्षण कराया जा रहा है, ताकि गांव स्तर पर ऐसे बच्चों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार एवं पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं व्यवहारिक विकास से संबंधित विभिन्न चरणों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि किस प्रकार प्रारम्भिक संकेतों के आधार पर विकासात्मक बाधाओं, बीमारियों अथवा दिव्यांगता की पहचान की जा सकती है। इस कार्यशाला में अभिभावकों की काउंसलिंग के विषय में भी जरूरी जानकारी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के विकास संबंधी डेटा के प्रभावी संकलन, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, परिवारों से संवाद तथा संदिग्ध बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की जा रही है।इस प्रशिक्षण का संचालन संबंधित क्षेत्र की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एवं एएनएम द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक क्लस्टर में प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था एवं समन्वय के लिए पंचायत सचिवों को क्लस्टर नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है, जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी कर रहे हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित



करना है कि बच्चों में यदि किसी प्रकार की विकासात्मक बाधा, सीखने में कठिनाई, सुनने, देखने, बोलने, चलने-फिरने अथवा मानसिक विकास से संबंधित कोई समस्या प्रारम्भिक अवस्था में दिखाई देती है तो उसकी समय रहते पहचान कर आवश्यक कार्यवाही किया जा सके। गौरतलब है कि प्रोजेक्ट पहचान को जनपद में व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए जिलाधिकारी पहले ही जिला स्तरीय अधिकारियों, सभी खंड विकास अधिकारियों, चिकित्सा अधीक्षकों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर अभियान की रूपरेखा तय कर चुके हैं।अभियान के तहत गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण किया जाएगा। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और एएनएम घर-घर पहुंचकर बच्चों की स्क्रीनिंग करेंगी तथा उनकी आयु के अनुसार विकास की स्थिति का आकलन करेंगी। स्क्रीनिंग के दौरान बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार, बोलने, सुनने, समझने, चलने, सीखने और सामाजिक सहभागिता जैसे विभिन्न विकासात्मक मानकों का मूल्यांकन किया जाएगा। बच्चों की पहचान 6, 12, 18, 24, 36, 48 और 60 माह की आयु के अनुसार निर्धारित विकासात्मक संकेतकों के आधार पर की जाएगी। यदि किसी बच्चे में अपेक्षित विकास नहीं पाया जाता है तो उसे तत्काल चिकित्सकीय जांच, उपचार तथा आवश्यकतानुसार पुनर्वास सेवाओं से जोड़ा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य बच्चों को स्कूल जाने से पहले ही आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है ताकि वे सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा एवं सामाजिक जीवन में सक्रिय भागीदारी कर सकें।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि विकासात्मक बाधाओं की पहचान बचपन की प्रारम्भिक अवस्था में हो जाए तो उपचार की सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसी सोच के साथ प्रोजेक्ट पहचान को जनपद में एक जनभागीदारी आधारित अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक गांव तक स्वास्थ्य एवं बाल विकास सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हो सके और कोई भी बच्चा समय पर उपचार एवं पुनर्वास से वंचित न रहे।